

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 288 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 27 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## LPG और गैस सप्लाई पर चेतावनी, सिर्फ LNG आयात बढ़ाने से नहीं चलेगा काम: इंटरनेशनल गैस यूनियन

नई दिल्ली। देश में रसोई गैस (LPG) और प्राकृतिक गैस की भविष्य की आपूर्ति को लेकर एक गंभीर चेतावनी सामने आई है। इंटरनेशनल गैस यूनियन की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल लिक्विफाइड नेचुरल गैस के आयात और उसकी रीगैसिफिकेशन क्षमता बढ़ाना भारत की दीर्घकालिक गैस जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए गैस सप्लाई चेन, पाइपलाइन नेटवर्क और वितरण व्यवस्था को भी तेजी से मजबूत करना होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एलएनजी रीगैसिफिकेशन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके बावजूद गैस के ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर में अपेक्षित निवेश नहीं हो पाया है। इसका असर यह है कि देश के कई हिस्सों तक गैस की आपूर्ति और खपत का विस्तार अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि पाइपलाइन नेटवर्क और वितरण प्रणाली को समय रहते मजबूत नहीं किया गया, तो भविष्य में गैस की बढ़ती मांग को पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# 'मन की बात' में गूंजी सीतामढ़ी की 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल, पीएम मोदी ने की जमकर सराहना

### सिंगल-यूज प्लास्टिक से बन रही पर्यावरण अनुकूल बेंच, कहा- 'रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' अब बन रहा जनआंदोलन

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/सीतामढ़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड में बिहार के सीतामढ़ी जिले की 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल की पूरे देश के सामने सराहना की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण जैसी वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए सीतामढ़ी ने एक प्रेरणादायक और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत किया है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन और जनजागरूकता का भी माध्यम बन रहा है।




प्रधानमंत्री ने बताया कि इस अभिनव पहल के तहत सिंगल-यूज प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर मजबूत, टिकाऊ, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल बेंच तैयार की जा रही हैं। एक बेंच बनाने में लगभग 40 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का उपयोग होता है। इन बेंचों को सरकारी स्कूलों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जा रहा है, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी लोगों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल कचरे के बेहतर प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों और आम नागरिकों में यह सोच विकसित कर रहा है कि जिसे हम बेकार समझकर फेंक देते हैं, वही सही तकनीक और प्रबंधन के जरिए समाज के लिए उपयोगी संसाधन बन सकता है। इससे 'रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' का सिद्धांत लोगों की दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस पहल को सफल बनाने में जिला प्रशासन और स्थानीय औद्योगिक इकाई की साझेदारी की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि जिलेभर से प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसकी सफाई, छंटाई और प्रोसेसिंग के बाद उसे उपयोगी बेंचों में बदला जाता है।

उन्होंने जानकारी दी कि परियोजना के एक चरण में डुमरा, रीगा, बाजपट्टी और रुन्नीसैदपुर प्रखंडों से करीब 8,000 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक एकत्र किया गया, जिसमें से 4,000 किलोग्राम प्लास्टिक को रिसाइकिल कर 85 आकर्षक बेंच तैयार की गईं।

इस मॉडल की विशेषता यह भी है कि इसमें राजस्व साझा की व्यवस्था अपनाई गई है, जिससे प्रशासन और औद्योगिक साझेदार दोनों को लाभ मिलता है। वहीं प्लास्टिक संग्रह, छंटाई, परिवहन और प्रोसेसिंग की प्रक्रिया के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीतामढ़ी की यह पहल देश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रभावी उदाहरण बनकर उभरी है।

(इनपुट : आईएएनएस)

# परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की तैयारी, नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड टास्क फोर्स गठित : पीएम मोदी

### पारदर्शी, भरोसेमंद और तकनीक आधारित परीक्षा व्यवस्था बनाने पर रहेगा फोकस, रिपोर्ट के आधार पर होंगे सुधार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, भरोसेमंद और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की घोषणा की है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में उन्होंने बताया कि परीक्षा सुधारों के लिए दुनिया के प्रसिद्ध टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में एक हाई-पावर्ड टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट



बनाए जा चुके हैं और सरकार संसद में नए कानून लाने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है, जिनमें कड़े कानूनी प्रावधान शामिल होंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि केवल दोषियों पर कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा व्यवस्था को भी आधुनिक और सुरक्षित बनाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में गठित हाई-पावर्ड टास्क फोर्स परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों पर काम करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसी परीक्षा व्यवस्था विकसित करना है, जो पूरी तरह भरोसेमंद, पारदर्शी और तकनीक आधारित हो। टास्क फोर्स परीक्षा सुधारों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगामी परीक्षाओं की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि तकनीक के बेहतर उपयोग और मजबूत व्यवस्था के माध्यम से देश के करोड़ों विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं सुरक्षित परीक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा और उनकी मेहनत के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## छात्र आंदोलन पर सियासी संग्राम तेज, इस्तीफे और धरना खत्म होने के बाद क्रेडिट की राजनीति शुरू

नई दिल्ली। छात्र आंदोलन के बीच हुए घटनाक्रम, इस्तीफे और धरना समाप्त होने के बाद अब इस पूरे मुद्दे पर राजनीतिक श्रेय (क्रेडिट) को लेकर बहस तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि आंदोलन के बाद विभिन्न विपक्षी दल और उनके नेता इसे अपने-अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर उन राज्यों में जहां निकट भविष्य में चुनावी मुकाबले होने हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि छात्र आंदोलन के दौरान बने माहौल में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल की सक्रियता को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। हालांकि, किसी एक नेता या दल को इस घटनाक्रम का स्पष्ट राजनीतिक श्रेय मिला है या नहीं, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को राष्ट्र का नमन, सेना प्रमुख बोले- भारतीय योद्धाओं का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं

द्रास (लद्दाख)। कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर पूरे देश ने 1999 के कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का योद्धा दुनिया की किसी भी सेना के सैनिक से श्रेष्ठ है और उसके साहस व क्षमता का कोई मुकाबला नहीं है।

पत्रकारों से बातचीत में सेना प्रमुख ने कहा, "मैं इस अवसर पर हमारे वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारतीय सेना का योद्धा दुनिया की किसी भी सेना के सैनिक से श्रेष्ठ है। उसकी क्षमता और साहस का मुकाबला नहीं किया जा सकता। मैं देशवासियों को विश्वास



दिलाता हूं कि भारतीय थल सेना राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और प्रगति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी देश का गौरव बढ़ाती रहेगी।"

सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सैनिक का जीवन कर्तव्य, सम्मान और निष्ठा के मूल्यों पर आधारित होता है। कारगिल के वीर जवानों का सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना हर परिस्थिति में राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर द्रास युद्ध स्मारक पर उपस्थित होना उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने शहीदों के परिजनों को भी नमन करते हुए कहा कि देश उनके त्याग और बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। (इनपुट : आईएएनएस)

### शहीदों की याद में सुनाई भावुक कविता

जनरल धीरज सेठ ने अपनी यूनिट के एक सैनिक द्वारा लिखी गई कविता की कुछ पंक्तियां भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब भी कारगिल के वीरों को याद करते हैं, यह रचना उनके मन में गूंज उठती है–

"मरना सभी को है, तुम भले मरेङ्ग
करके नमक हलाल, लड़ते हुए गिरे,
भूलोगे आप नहीं जो छिप गई शक्ल,
सफेद जमीन पर नाम हुआ तुम्हारा अटल।"

# प्रह्लाद जोशी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार, बोले- पीएम मोदी ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया

### पदभार ग्रहण करते ही पांच घंटे चली मैराथन बैठकें, कहा- मंत्रालय को पूरी तरह समझने के बाद रखूंगा विस्तृत पक्ष

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर पूरा भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा मंत्रालय के कामकाज को गहराई से समझने के बाद परीक्षा व्यवस्था, शिक्षा सुधार और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपनी बात रखेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जोशी ने कहा, "प्रधानमंत्री ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया है और




मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। मैं कल कर्नाटक में था, रात में दिल्ली पहुंचा और आज सुबह मंत्रालय का कार्यभार संभालने आया हूं।"

उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय उनके लिए नया विषय है, इसलिए उन्होंने पहले दिन ही मंत्रालय की कार्यप्रणाली को समझने के लिए लगातार समीक्षा बैठकें कीं। जोशी ने कहा कि रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक उन्होंने अधिकारियों के साथ लगातार मैराथन बैठकें कीं और मंत्रालय के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली।

इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी पदभार संभालने की जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें सौंपी गई इस जिम्मेदारी को वह विनम्रता और कर्तव्य की गहरी भावना के साथ निभाएंगे। (इनपुट : आईएएनएस)

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। प्रह्लाद जोशी शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ अपने मौजूदा खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्रालय का कार्य भी पहले की तरह देखते रहेंगे।

## 'इंडियन आइडल 16' की विनर बनीं ज्योतिमर्यी नायक, तनिष्क शुक्ला से मिली कड़ी टक्कर, ट्रॉफी सहित जीते 20 लाख रुपये

**समाज जागरण**

नई दिल्ली: 'इंडियन आइडल 16' को अपना विनर मिल गया है. कड़े मुकाबले में ज्योतिमर्यी नायक ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली है. ज्योतिर्मयी नायक और तनिष्क शुक्ला के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला. मनराज वीर सिंह सेकंड रनर-अप रहे. उन्हें इनाम के तौर पर 5 लाख रुपये मिले. तनिष्क-ज्योतिर्मयी के साथ मनराज वीर सिंह टॉप 3 में जगह बनाने में सफल रहे. 'इंडियन आइडल 16' के टॉप 6 फाइनलिस्ट में सोहेल सूफी, अंशिका चोणकर, मनराज वीर सिंह, मिस्मी बोसु, ज्योतिर्मयी नायक और तनिष्क शुक्ला ने जगह बनाई थी. 'इंडियन आइडल 16' करीब 10



महीने चला.

ज्योतिर्मयी नायक को ट्रॉफी 20 लाख रुपये का नगद इनाम दिया गया. उन्होंने जीत पर खुशी जताते हुए पोस्ट किया. उन्होंने ट्रॉफी के साथ फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'एक साल. अनगिनत बलिदान. लगातार रिहर्सल. आज, जब मैंने इंडियन आइडल सीजन 16 की ट्रॉफी अपने हाथों में ली है, तो मेरा दिल आभार से भर गया. यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, यह उन सभी लोगों की है जिन्होंने मुझ पर तब भरोसा किया जब मुझे खुद पर शक था,

जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, मेरे लिए दुआ की. मुझे प्रेरित किया और इस अद्भुत सफर में मेरे साथ खड़े रहे.' सिंगर ने अपने परिवार, जजों और गुरुओं का आभार जताया.'

## दिल्ली के बाद अब पंजाब पर छात्र आंदोलन की नजर, अभिजीत दिपके बोले- पेपर लीक मुद्दे पर जल्द बताएंगे रणनीति

### छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की भी उठाई मांग, कहा- किसी छात्र का भविष्य प्रभावित नहीं होना चाहिए

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन और उससे जुड़ी राजनीतिक हलचल फिलहाल शांत होने के बाद अब छात्र आंदोलन का फोकस पंजाब की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक और छात्र आंदोलन के प्रमुख चेहरा अभिजीत दिपके ने संकेत दिए हैं कि अगला अभियान पंजाब में सामने आए कथित पेपर लीक मामलों को लेकर होगा।

दिल्ली में आंदोलन समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में जब उनसे आगे की रणनीति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "हम जल्द ही आगे की स्ट्रैटेजी बताएंगे। यह आंदोलन अभी कल ही खत्म हुआ है, कृपया हमें थोड़ा समय दें।"




### पंजाब के कथित पेपर लीक मामले पर होगी रणनीति

पंजाब में सामने आए कथित पेपर लीक के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में दिपके ने कहा कि छात्र संगठन इस विषय पर भी सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, "हम उस पर भी बात करेंगे, हम अभी इसके लिए प्लानिंग कर रहे हैं।"

उनके इस बयान से संकेत मिलते हैं कि दिल्ली के बाद अब छात्र संगठन पंजाब सरकार से परीक्षा प्रणाली और कथित पेपर लीक के मुद्दे पर जवाब मांगने की तैयारी कर रहे हैं।

### छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग

दिल्ली में आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मामलों को लेकर भी अभिजीत दिपके ने सरकार से बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आंदोलन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, "जो केस फाइल किए गए हैं, उनके बारे में बातचीत चल रही है। किसी भी छात्र के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं होना चाहिए।"

दिपके ने कहा कि छात्र संगठनों की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आंदोलन में भाग लेने वाले किसी भी छात्र का भविष्य कानूनी मामलों की वजह से प्रभावित न हो।

नोटः पंजाब में कथित पेपर लीक मामलों को लेकर जांच और आधिकारिक कार्रवाई संबंधित एजेंसियों के स्तर पर होती है। इस संबंध में किसी भी आरोप की पुष्टि संबंधित जांच के निष्कर्षों के बाद ही मानी जाएगी।

## यूपी चुनाव 2027 से पहले चिराग का 'ट्रिपल-P' दांव, नए सियासी समीकरणों की चर्चा तेज

'पंडित, पासी और पासवान' के नारे से बदलेगी चुनावी रणनीति? विपक्ष और सत्तापक्ष की बढ़ी नजर

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की नई राजनीतिक रणनीति चर्चा का विषय बन गई है। पार्टी के एक सांसद के बयान के बाद 'ट्रिपल-P' यानी पंडित, पासी और पासवान के सामाजिक समीकरण को लेकर राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि इस रणनीति का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में नए सामाजिक और राजनीतिक समीकरण बनाने की संभावनाओं को तलाशना है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह रणनीति जमीन पर प्रभावी साबित होती है, तो इसका असर राज्य की चुनावी राजनीति पर पड़ सकता है।

**"कारगिल की बर्फीली चोटियों पर अपने अदम्य साहस और शौर्य से विजय का इतिहास रचने वाले भारत माता के अमर वीरों को कारगिल विजय दिवस पर कोटि-कोटि नमन। आपका बलिदान, समर्पण और देशभक्ति हर भारतीय के हृदय में सदैव अमर रहेगी। जय हिंद! भारत माता की जय!"**

# तिरस्कार से तख्त तक: 'कीड़ों' ने सत्ता नहीं, सोच को चुनौती दी

हर युग अपने प्रतीक स्वयं गढ़ता है। कभी कोई शब्द अपमान का पर्याय होता है और कभी वही शब्द परिवर्तन का ध्वज बन जाता है। हाल के दिनों में भारतीय लोकतंत्र ने यही देखा, जब चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की एक टिप्पणी में प्रयुक्त ह्यकॉकरोचह्न शब्द को युवाओं ने अपमान नहीं, पहचान बना लिया। देखते ही देखते वही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रतीक बन गया। जंतर-मंतर से उठी यह आवाज न किसी राजनीतिक दल की रैली थी, न पारंपरिक छात्र आंदोलन; यह उस पीढ़ी का सामूहिक प्रतिरोध था, जिसने वर्षों तक परीक्षाएँ दीं, लेकिन पहली बार परीक्षा लेने वाली व्यवस्था को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इसलिए केवल पदत्याग नहीं, बल्कि उस शिक्षा तंत्र के विरुद्ध पहला सार्वजनिक अभियोग है, जिसकी जवाबदेही लंबे समय से टलती रही।

विचार जब व्यंग्य का वस्त्र पहन ले, सत्ता सबसे अधिक असहज होती है। भारतीय छात्र आंदोलनों का इतिहास नारों, धरनों और टकरावों से भरा है, लेकिन सीजेपी ने प्रतिरोध की नई व्याकरण रची। जिस शब्द को अपमान माना गया, युवाओं ने उसे अपनी पहचान बना लिया। यह भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, मनोवैज्ञानिक विजय थी। महात्मा गांधी ने जैसे नमक को साम्राज्यवादी कानून के विरुद्ध नैतिक हथियार बनाया, वैसे ही इन युवाओं ने उपहास को अपनी ताकत बना लिया। पहली बार किसी व्यंग्यात्मक नाम ने राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतीक बन यह साबित किया कि डिजिटल युग में प्रतीक बंदूक नहीं, बुद्धिमत्ता गढ़ती है और सम्मान दूसरों की भाषा नहीं, आत्मविश्वास से मिलता है।

हँसी कभी-कभी आँसुओं से अधिक क्रांतिकारी होती है। सीजेपी की सबसे बड़ी ताकत उसका ह्यूमर था। जहाँ पारंपरिक आंदोलनों में गुस्सा भीड़ जुटाता है, वहीं मीम्स, रील्स, व्यंग्यपूर्ण पोस्टरों और कीड़े की थीम ने लाखों युवाओं को जोड़ दिया। पुलिस कार्रवाई, लाठीचार्ज, बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया ट्रोलिंग के बावजूद आंदोलन ने अपनी मुस्कान नहीं छोड़ी। यही उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक सफलता थी। सूचना युग में इन युवाओं ने साबित किया कि विचार केवल भाषणों से नहीं, रचनात्मक अभिव्यक्ति से भी फैलते हैं। यहाँ ह्यूमर मनोरंजन नहीं, प्रतिरोध की रणनीति था, जिसने आक्रोश को अराजकता बनने से रोका और आंदोलन को व्यापक सामाजिक समर्थन दिलाया।

भविष्य की भूख सबसे बड़ी राजनीतिक ऊर्जा होती है। सीजेपी की दूसरी ताकत उसका हंगर था–सत्ता परिवर्तन से अधिक भरोसेमंद शिक्षा व्यवस्था की भूख। नीट पेपर लीक, बार-बार परीक्षाओं का रद्द होना, परिणामों में देरी, कोचिंग माफिया का बढ़ता प्रभाव और विद्यार्थियों की आत्महत्याएँ अलग-अलग घटनाएँ नहीं, बल्कि उस टूटते विश्वास के प्रमाण थीं, जिसे ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवार अपनी उम्मीद, बचत और संघर्ष से वर्षों से सँजोए हुए थे। सीजेपी ने इसी मौन पीड़ा को संगठित किया। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इस भूख की महत्वपूर्ण राजनीतिक अभिव्यक्ति है, लेकिन असली सवाल अब भी यही है–क्या केवल चेहरा बदलेगा या व्यवस्था का चरित्र भी?

नीति की सबसे कठिन परीक्षा वही होती है, जिसमें प्रश्न जनता पूछती है। नीट की अवधारणा गलत नहीं थी। पूरे देश के लिए एक समान परीक्षा, मेरिट आधारित चयन और पारदर्शिता उसका उद्देश्य था। लेकिन श्रेष्ठ विचार भी क्रियान्वयन पर लगातार उठते संदेहों से अविश्वसनीय हो जाते हैं। पेपर लीक, परीक्षा रद्द, तकनीकी अव्यवस्था और विलंब ने इस सुधार को संकट में बदल दिया। शिक्षा मंत्री का इस्तीफा व्यक्तिगत उत्तरदायित्व का संकेत हो सकता है, लेकिन भारतीय शिक्षा की बीमारी कहीं अधिक गहरी है। सीबीआई जाँच, दोषियों की गिरफ्तारी, परीक्षा रद्द करना और सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) आवश्यक कदम हैं, पर वे लक्षणों का उपचार हैं, रोग का नहीं। असली बीमारी उस संरचना में है, जहाँ करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य एक केंद्रीकृत परीक्षा पर टिका है।

जब शिक्षा नियंत्रण का औजार बन जाए, प्रतिभा सबसे पहले घायल होती है। हमारी व्यवस्था आज भी कंट्रोल एंड कमांड मॉडल पर चल रही है। छात्र की जिज्ञासा से अधिक रैंक, और विद्यालयों की गुणवत्ता से अधिक प्रवेश परीक्षा की तैयारी को महत्व मिलता है। कोचिंग उद्योग शिक्षा का पूरक नहीं, समानांतर सत्ता बन चुका है। सफलता का अर्थ सीखना नहीं, चयनित होना रह गया है। ऐसे में प्रश्न है–क्या हमारी शिक्षा छात्र-केंद्रित है या परीक्षा-केंद्रित? क्या हम ज्ञान, कौशल, अनुसंधान और सृजनशीलता विकसित कर रहे हैं, या लाखों युवाओं को एक विशाल फि ल्टर से गुजार रहे हैं? यदि शिक्षा का उद्देश्य केवल छँटनी रह जाएगा, तो प्रतिभा का विस्तार संभव नहीं होगा। सीजेपी ने यही मूल प्रश्न राष्ट्रीय बहस के केंद्र में रख दिया है।

साहस सबसे अधिक तब चमकता है, जब उसके पीछे कोई सिंहासन न हो। जंतर-मंतर पर डटे युवाओं ने लाठीचार्ज, मुकदमे और डिजिटल ट्रोलिंग झेली, फिर भी उद्देश्य से नहीं डिगे। इस आंदोलन के पीछे कोई बड़ा राजनीतिक चेहरा नहीं था। अभिजीत दिपके जैसे युवा चेहरे उभरे, लेकिन नेतृत्व सामूहिक रहा। यही नई पीढ़ी का संदेश है–वह किसी मसीहा की प्रतीक्षा नहीं करती, स्वयं मंच बनाती है। हर जनआंदोलन का खतरा यही है कि उसके शांत होते ही पुरानी व्यवस्था लौट आती है। सीजेपी ने केवल इस्तीफा नहीं, बल्कि क्षतिपूर्ति, दर्ज मामलों की वापसी और व्यापक सुधारों की भी मांग की। यदि इन्हें केवल तत्कालिक शांति का उपाय माना गया, तो विफलता लौटेगी। इसलिए परीक्षा सुरक्षा में ब्लॉकचेन जैसी पारदर्शी तकनीक, कोचिंग उद्योग पर प्रभावी नियमन, विद्यालयों-महाविद्यालयों की गुणवत्ता और वैकल्पिक करियर पाथवे जैसे दीर्घकालिक सुधार अब अनिवार्य हैं।

किसी भी आंदोलन की असली जीत सत्ता नहीं, सोच बदलने में होती है। सीजेपी ने भारतीय लोकतंत्र और शिक्षा व्यवस्था को आईना दिखाया। उसने साबित किया कि जिन्हें कभी ह्यकीड़ाह्न कहकर तुच्छ समझा गया, वही बदलाव की उड़ान बन सकते हैं। यह आंदोलन केवल एक मंत्री के इस्तीफे तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति का प्रोटोटाइप है, जहाँ भारी-भरकम संगठनों की जगह मुद्दा-आधारित, रचनात्मक नागरिक आंदोलन सत्ता से जवाब मांगेंगे। भारतीय शिक्षा की सबसे बड़ी फेलियर रिपोर्ट प्रश्नपत्र लीक नहीं, बल्कि वह सोच है जिसने युवाओं को प्रतियोगिता का बंदी बना दिया, सृजन का स्वामी नहीं। अब परीक्षा नीट की नहीं, नीति की है; जवाब पूरे तंत्र को देना है। यदि व्यवस्था यह संदेश समझ ले, तो ह्यकॉकरोचह्न केवल प्रतीक नहीं, बल्कि ह्यूमर, हंगर और हिम्मत से बदलाव की पहचान बन जाएंगे।

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

# शीर्षक: ना तेरी जीत, ना मेरी हार! राष्ट्रहित में धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा



**जयदेव राठी**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यहां फैसले केवल सत्ता बचाने के लिए नहीं, बल्कि समय की मांग और राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर भी लिए जाते हैं। राजनीति में अक्सर किसी फैसले को हार और जीत के चश्मे से देखा जाता है, लेकिन कुछ निर्णय ऐसे होते हैं जिन्हें किसी व्यक्ति, दल या आंदोलन की जीत अथवा हार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी ऐसा ही एक फैसला प्रतीत होता है। यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि उस राजनीतिक संस्कृति का उदाहरण है जिसमें परिस्थितियों को देखते हुए बड़े निर्णय लिए जाते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए हैं जिन्हें व्यापक जनभावनाओं और परिस्थितियों को देखते हुए वापस लिया गया या उनमें बदलाव किया गया। चाहे कृषि कानूनों को वापस लेने का निर्णय हो अथवा अन्य महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव, सरकार ने कई बार यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में संवाद और परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेना कमजोरी नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक है।

धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब देशभर में छात्र आंदोलनों ने व्यापक स्वरूप ले लिया था। नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों ने युवाओं के बीच असंतोष पैदा किया। लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे ने स्वाभाविक रूप से जनभावनाओं को प्रभावित किया। आंदोलन का मूल मुद्दा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही था, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक और उचित मांग कही जा सकती है।

लेकिन भारत सहित दुनिया के अनेक लोकतांत्रिक देशों का इतिहास बताता है कि बड़े जन आंदोलनों में समय के साथ कई ऐसे तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं जिनका मूल मुद्दे से सीधा संबंध नहीं होता। आंदोलनों की भीड़ में ऐसे समूह शामिल हो जाते हैं जो अपनी वैचारिक, राजनीतिक अथवा अराजक एजेंडों को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए केवल आंदोलन की मांगों को देखना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उससे उत्पन्न होने वाली व्यापक परिस्थितियों का भी आकलन करना पड़ता है।

देशभर में चल रहे छात्र आंदोलन ने धीरे-धीरे राजनीतिक स्वरूप भी ग्रहण कर लिया था। विपक्षी दलों ने इसे सरकार की जवाबदेही का मुद्दा बनाया, वहीं कई



सामाजिक और राजनीतिक समूह भी इससे जुड़ते चले गए। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर विभिन्न राज्यों तक इसका प्रभाव दिखाई देने लगा था। संसद के मानसून सत्र पर भी इसका प्रभाव पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही थी।

धर्मेंद्र प्रधान ने अपने इस्तीफे पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि यह उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा कि वह नहीं चाहते कि देश के युवाओं को भ्रम और राजनीतिक टकराव के जाल में फंसाया जाए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि उन्होंने अपने पत्र में यह चिंता भी व्यक्त की कि राष्ट्र-विरोधी ताकतें इस स्थिति का लाभ उठा सकती हैं और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकती हैं।

यहीं से यह मुद्दा केवल शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक सीमित नहीं रह जाता। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन संवैधानिक अधिकार है, लेकिन जब किसी आंदोलन का आकार राष्ट्रीय स्तर पर फैल जाता है, तब सुरक्षा एजेंसियां भी उससे जुड़े संभावित खतरों का आकलन करती हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया है कि सरकार को आंदोलन के स्वरूप को लेकर गंभीर सुरक्षा संबंधी चिंताओं से अवगत कराया गया था। हालांकि इन रिपोर्टों में विस्तृत आधिकारिक खुफिया इनपुट सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, इसलिए उन्हें अंतिम सत्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। लेकिन यह निश्चित है कि सरकार ने आंदोलन के बढ़ते स्वरूप और संभावित परिणामों को ध्यान में रखकर राजनीतिक निर्णय लिया। लोकतंत्र में कभी-कभी सरकारें यह तय करती हैं कि किसी व्यक्ति का पद बचाने से अधिक महत्वपूर्ण सामाजिक शांति और राष्ट्रीय हित है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी संभवतः इसी श्रेणी का निर्णय है। यदि एक मंत्री के पद छोड़ने से देशभर में तनाव कम होता है, छात्रों का भविष्य सुरक्षित होता है और व्यापक राजनीतिक टकराव टलता है, तो इसे केवल राजनीतिक पराजय कहना उचित नहीं होगा।

यह भी समझना आवश्यक है कि किसी मंत्री का इस्तीफा यह सिद्ध नहीं करता कि वह व्यक्तिगत रूप से दोषी है। संसदीय लोकतंत्र में नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी का सिद्धांत भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कई बार मंत्री प्रशासनिक अथवा राजनीतिक परिस्थितियों के कारण पद छोड़ते हैं

सधन्यवाद

# तथ्य, दुष्प्रचार और भारतीय राजनीति का बदलता हुआ स्वरूप

भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है। इस पूरे घटनाक्रम में समर्थकों और विरोधियों के बीच जो तीखी बयानबाजी हुई, उसने आधुनिक लोकतंत्र में सूचना, तथ्य और दुष्प्रचार के बीच की लगातार धुंधली होती रेखा को भी पूरी तरह उजागर कर दिया है।

कॉकरोच जनता पार्टी का उदय एक बहुत ही दिलचस्प और विचारणीय विषय है। इसकी शुरूआत एक व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में हुई थी, जिसका प्रारंभिक उद्देश्य संभवतः व्यवस्था की खामियों पर हल्का कटाक्ष करना था। लेकिन देखते ही देखते यह लाखों युवाओं की मुखर आवाज बन गया। इस अप्रत्याशित सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण वह गहरी और संरचनात्मक निराशा थी जो आज के युवाओं में परीक्षा पत्र लीक होने, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाली घोर अनियमितताओं और लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर व्याप्त है। जब भारत के महत्वकांक्षी युवाओं को पारंपरिक राजनीतिक ढांचे में अपने जीवन से जुड़े ज्वलंत सवालों के जवाब नहीं मिले, तो उन्होंने डिजिटल मंचों को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया। इस आंदोलन ने शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल सुधार और रोजगार के समान अवसरों की मांग को इतनी मजबूती से उठाया कि सरकार को भी बचाव की मुद्रा में आना पड़ा। दिल्ली सहित कई अन्य बड़े शहरों में हुए विशाल प्रदर्शनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह केवल एक आभासी या डिजिटल आक्रोश नहीं था, बल्कि जमीन पर उबल रहा एक वास्तविक और तीव्र गुस्सा था, जिसने अंततः शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक की मांग को मुख्य राष्ट्रीय विमर्श में ला खड़ा किया।

जैसे जैसे आंदोलन ने गति पकड़ी और इसका प्रभाव बढ़ने लगा, वैसे वैसे इसके विरोध में भी एक समानांतर और अत्यंत आक्रामक डिजिटल अभियान शुरू हो गया। सोशल मीडिया की यही मूल प्रकृति है कि यहां हर राजनीतिक क्रिया की एक त्वरित और अक्सर बहुत उग्र प्रतिक्रिया होती है। अनेक वायरल पोस्टों के माध्यम से आंदोलन के संस्थापकों और प्रमुख चेहरों पर अत्यंत गंभीर और संगीन आरोप लगाए जाने लगे। यह दावा बड़े पैमाने पर किया गया कि इस आंदोलन का वास्तविक संचालन विदेशों से हो रहा है और इसके पीछे भारत विरोधी विदेशी शक्तियों का हाथ है। कुछ भ्रामक दावों में तो यहां तक कहा गया कि इनके डिजिटल समर्थकों और फॉलोअर्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा पड़ोसी देशों से संचालित हो रहा है। लेकिन किसी भी परिपक्व लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी आरोप को तब तक सत्य नहीं माना जा सकता जब तक कि उसके समर्थन में ठोस, निष्पक्ष और स्वतंत्र प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हों। प्रमुख और विश्वसनीय समाचार संस्थानों ने भी इन आंकड़ों की कोई पुष्टि नहीं की। ऐसे में, बिना किसी विश्वसनीय साक्ष्य के इन गम्भीर दावों को आंख मूंदकर स्वीकार कर लेना केवल राजनीतिक दुष्प्रचार को बढ़ावा देना है।

सोशल मीडिया की सबसे बड़ी और शायद सबसे खतरनाक चुनौती यह है कि यहां किसी भी सत्यापित सत्य से अधिक भड़काने वाली भावनाएं तेजी से फैलती हैं। यदि कोई सूचना या दावा राष्ट्रवाद, धर्म, राष्ट्रीय सुरक्षा या किसी ऐतिहासिक अन्याय जैसे संवेदनशील विषयों से जुड़ा हो, तो उसके वायरल होने की गति कई गुना बढ़ जाती है। राजनीतिक दल, उनके सूचना तंत्र और विभिन्न हितधारक संगठन आम जनमानस के इस मनोविज्ञान को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यही कारण है कि आज डिजिटल प्रचार और सूचनाओं का हेरफेर राजनीतिक रणनीति का एक अत्यंत अभिन्न अंग बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में अक्सर अपुष्ट और भ्रामक जानकारी इतने बड़े पैमाने पर और इतनी चतुराई से फैलाई जाती है कि एक आम नागरिक के लिए यह तय करना लगभग असंभव हो जाता है कि क्या सच है और क्या पूर्ण रूप से झूठ। भावनाओं के इस तेज ज्वार में तथ्य कहीं बहुत पीछे छूट जाते हैं, और हमारा समाज एक ऐसे अंधे ध्रुवीकरण की ओर बढ़ जाता है जहां शांत और तार्किक बहस के लिए कोई स्थान नहीं बचता।

इस पूरे राष्ट्रीय विवाद के दौरान सरकार और कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसियों की भूमिका भी गहन जांच और चर्चा का विषय बनी रही। जब हजारों युवा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे तो उन पर नजर रखने के लिए सरकार द्वारा ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य अत्याधुनिक आधुनिक निगरानी प्रणालियों का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह अफवाह भी बहुत तेजी से फैली कि प्रत्येक प्रदर्शनकारी की पहचान उनके आधार कार्ड, फिंगरप्रिंट और चेहरे की पहचान करने वाली तकनीकों के माध्यम से तुरंत की जा रही है। यद्यपि इन डराने वाली बातों की कोई स्वतंत्र मीडिया पुष्टि नहीं हुई, लेकिन इसने राज्य द्वारा डिजिटल निगरानी के लगातार बढ़ते दायरे पर एक नई और गंभीर कानूनी बहस छेड़ दी। यह सच है कि आधुनिक समय में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन इसका उपयोग नागरिकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों को दबाने या उनकी निजता के हनन के लिए कतई नहीं किया जाना चाहिए।

इस पूरे राजनीतिक विवाद का एक अत्यंत निराशाजनक पहलू सार्वजनिक संवाद और राजनीतिक भाषा के लगातार गिरते स्तर से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर विरोधियों के खिलाफ जिस प्रकार की जहरीली भाषा का प्रयोग किया गया, वह किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिए बहुत ही चिंताजनक है। वैचारिक विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए अत्यंत अपमानजनक शब्दों का लगातार इस्तेमाल और यहां तक कि उन्हें हिंसक तरीके से सबक सिखाने की खुली धमकियां आम हो गईं। लोकतंत्र में वैचारिक असहमति का होना न केवल स्वाभाविक है बल्कि व्यवस्था को जीवंत बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक भी है। लेकिन जब यह असहमति व्यक्तिगत शत्रुता में बदल जाए और खुलेआम हिंसा का आह्वान होने लगे, तो यह हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों का सीधा और स्पष्ट उल्लंघन माना जाता है। भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन इस अधिकार के साथ यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि हम कानून व्यवस्था का सम्मान करें।

डिजिटल आवरण वाले इन आंदोलनों को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों के मन में यह सवाल उठना बिल्कुल लाजिमी है कि क्या ये ऑनलाइन उभार भविष्य में किसी ठोस और स्थायी राजनीतिक विकल्प का रूप ले सकते हैं। दुनिया भर का ऐतिहासिक अनुभव हमें यह बताता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से अचानक भीड़ जुटाना या किसी एक मुद्दे को वैश्विक स्तर पर चर्चित कर देना एक बात है, लेकिन उस क्षणिक उबाल को एक स्थायी राजनीतिक शक्ति में बदलना बिल्कुल अलग और कठिन बात है। एक सफल राजनीतिक दल या बड़े आंदोलन के लिए एक बहुत ही स्पष्ट विचारधारा, जमीन से गहराई तक जुड़ा हुआ मजबूत संगठन, पारदर्शी वित्तीय संरचना और अत्यंत दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता होती है। केवल कुछ वायरल वीडियो, व्यंग्यात्मक पोस्ट या लाखों सोशल मीडिया फॉलोअर्स के दम पर किसी भी देश की व्यवस्था में स्थायी परिवर्तन नहीं लाया जा सकता। इन डिजिटल आंदोलनों को यथार्थ के धरातल पर उतरना ही होगा।

अंततः, इस पूरे बदलते राजनीतिक परिदृश्य में सबसे बड़ी और निर्णायक भूमिका युवाओं, आम नागरिकों और मुख्यधारा की मीडिया की ही रहने वाली है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी युवाओं की है, और यदि उनके रोजगार, निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े बुनियादी सवालों को नीतिगत स्तर पर हल नहीं किया गया, तो ऐसे आंदोलन भविष्य में भी नए रूपों में जन्म लेते रहेंगे। दूसरी ओर, युवाओं और सभी नागरिकों को भी यह बहुत अच्छी तरह समझना होगा कि वे डिजिटल दुनिया के हर चमकते दावे पर आंख मूंदकर विश्वास न करें। तथ्य जांच करना, सूचना के मूल स्रोत को ध्यान से परखना और भ्रामक संदेशों को आगे साझा करने से बचना आज के समय का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है। आधुनिक लोकतंत्र की वास्तविक सफलता अब केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि हम सार्वजनिक विमर्श को कितनी जिम्मेदारी, तथ्यपरकता और परिपक्वता के साथ आगे बढ़ाते हैं।



**महेन्द्र तिवारी**

## नीट का कड़वा घूंट

जब कलम काँपी, प्रश्न भी रोए,
उत्तरों से पहले सपने को खोए।
मेहनत की "गठरी" कंधों पर थी,
पर राह में कितनी धूल संजोए।

जब शिक्षा का मंदिर डगमगाता,
विश्वास का दीप भी बुझ जाता।
अंकों से बढ़कर होता हैं भविष्य,
जो अन्याय से घायल हो जाता।

यहाँ कुर्सियाँ आती-जाती रहतीं,
त्यागपत्र भी इतिहास हैं बनाते।
ये खोया हुआ विश्वास लौटे कैसे,
जब छात्र आँसू पीकर मुस्काते?

युवाओं की आँखों में जो कल था,
वह केवल मात्र एक परीक्षा नहीं;
माँ की प्रार्थना व पिता का संघर्ष,
साथ में वर्षों की साधना थी कहीं।

सत्ताधारियों का धर्म उत्तर देना है,
सिर्फ.इन घटनाओं पर मौन नहीं।
शिक्षा तभी राष्ट्र की शक्ति बनेगी,
जब न्याय मिले, फिर संदेह नहीं।

आओ वर्तमान हम ऐसा समय रचें,
जहाँ श्रम शक्ति का सम्मान अटल।
हर एक विद्यार्थी निडर होकर कहे–
"मेरी मेहनत ही मेरी सफलता का संबल हो।"

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**
**मो. 98260 25986**

## आंदोलन

जब तानाशाह बढ़ेगी,
तो आंदोलन लाजमी है।
एक भगत सिंह शहीद होंगे,
तो दूसरा जन्म लेंगे।
आंदोलन न रुकी न रुकेगी,
उसे दबा दी जाती है।
जब तानाशाह बढ़ती है,
आंदोलन सिर उठाती है।
मार दिए जाते है आंदोलनकारी,
पर आंदोलन नही मरती।
कभी दबती तो कभी धधकती है,
यही आंदोलन की रीत है।
जब जुल्म बढ़ती है,
तो आंदोलन का स्वरूप बढ़ती है।
एक आंदोलनकारी मारे जाते है,
तो दूसरा बागडोर थामते है।
आंदोलन का उद्देश्य सही हो,
तो लक्ष्य को प्राप्त करती है।
यदि आंदोलन का उद्देश्य गलत हो,
तो उसे दबा दी जाती है।
आंदोलन को जन समर्थन मिलती है,
तो वह सफल होती है।
जब तानाशाह चरम सीमा पर होगी,
तो आंदोलन जरूर होगी।

**वेद प्रकाश**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# कारगिल विजय दिवस पर नोएडा में हुआ विशाल रक्तदान महोत्सव

**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित विशाल रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया गया, रक्त संग्रह के लिए भारतीय सेना की टीम स्वयं उपस्थित रही।



लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रबंध ट्रस्टी जे. एम. सेठ ने बताया कि आज कारगिल के अमर वीरों को रक्तदान के माध्यम से हमनें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में रक्तदान करने 166 दाता आए, 25 लोगों को फिर आने के लिए कहा गया और 141 रक्त यूनिट प्राप्त हुए और यह हमारे लिए एक गर्व की बात है। इसी के साथ रक्तदान के साथ साथ एम्स न्यू दिल्ली की टीम ने नेत्र दान व अंग दान का आयोजन भी किया जिसमें 20 दाताओं ने नेत्र और अंगदान का संकल्प लिया।

मंदिर ट्रस्टी गुरिंदर बंसल ने बताया कि लगभग 10 सदस्यों वाली ब्लड डोनेशन टीम ने इस कार्य का संचालन मन्दिर समिति के सदस्य और इस प्रोजेक्ट के मुख्य प्रेरक ए.के. गुप्ता के नेतृत्व में किया वहीं रक्त दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, महासचिव वी.के. सेठ, एनईए की टीम, पंजाबी विकास मंच चेयरमैन दीपक विग, वाईस चेयरमैन संजीव पुरी एवं उनकी टीम, फोनरवा महासचिव के. के. जैन व टीम, आ-रडवल्लूए- 56 प्रधान संजय मावी एवं टीम, हरीश जुगरान प्रधान नया बाँस सोसाइटी व उनकी टीम ने आकर सब दाताओं उत्साहवर्धन किया।

आज मंदिर समिति ने मंदिर के लिए 10 किलोवाट का सोलर सिस्टम उपलब्ध करवाने में सहयोग देने के लिए नया बांस सोसाइटी के प्रधान हरीश जुगरान व मंदिर की अन्नपूर्णा रसोई में चिमनी की व्यवस्था में सहयोग देने के लिए मंदिर महिला मंडल की सदस्य विनोद कुमारी बंसल जी को भी इस अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए माननीय विपिन मल्हन व मंदिर समिति के प्रधान आर एन गुप्ता जी द्वारा सम्मानित किया गया।

आयोजकों में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी आर.एन. गुप्ता, ओ. पी. गोयल, आर. के. भट्ट, इंदर पाल खंडपुर, हरीश सभरवाल, अंबेश भांबरी, संजीव बांधा, ब्लड डोनेशन टीम के डा. कर्नल योगेश मानिकतला, करण अनेजा, अभिषेक जैन, सुशील रियू, नितिन गुप्ता, अशोक त्यागी, निर्मल हांडा, मंजू सेठ, मधु भट्ट , वंदना बंसल, आदि ने इस नेक काम में योगदान करने के लिए प्रेरित किया।

# गौतमबुद्धनगर में 40 शिक्षकों को मिले मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड

## ग्रेटर नोएडा में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण, जनप्रतिनिधियों ने योजना को बताया शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 26 जुलाई। उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय कैशलेस कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आगरा में आयोजित मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने देखा।

सजीव प्रसारण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

समारोह में दादरी विधायक तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, जिला पंचायत प्रशासक अमित कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र भाटी, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर सहित अनेक जन प्रतिनिधि, अधिकारी, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अपने संबोधन में विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्-ाकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह योजना शिक्षकों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्य में और अधिक सशक्त बनाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। प्रदेश सरकार की यह योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ आर्थिक सुरक्षा भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।



कार्यक्रम के दौरान विधायक तेजपाल नागर ने 40 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कैशलेस कार्ड वितरित किए। कार्ड प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए योजना को बेहद उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम-2026: प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से किया वर्चुअल संवाद

## गौतमबुद्धनगर के 25 M Bharat स्वयंसेवकों ने एनआईसी से जुड़कर लिया हिस्सा, सीमा गांवों के विकास और राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 26 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम (Viksit VibrÔ»»ft VillÔge Pro-grÔmme-VVVP) 2026 के प्रतिभागियों से वर्चुअल संवाद किया। ट ईँ१३ के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित 400 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम के तहत युवाओं को लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्त-राखंड के 74 जीवंत सीमा ग्रामों से जोड़कर स्थानीय समुदायों के साथ संवाद और सहभागिता का अवसर प्रदान किया गया। इसका उद्देश्य यु-वाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन से जोड़ना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

गौतमबुद्धनगर से MY Bharat के 25 स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभागिता की। इसके अलावा विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम के प्रतिभागी हिमांशु गुप्ता और आदित्य बहुगुणा भी इस वर्चुअल संवाद में शामिल हुए। जनपद के सभी प्रतिभागियों ने एनआईसी कार्यालय, गौतमबुद्धनगर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने स्वच्छता अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता, युवा सम्मेलन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वृक्षारोपण, मिनी मॉडल पंचायत तथा स्थानीय समुदायों और कारीगरों के साथ संवाद जैसी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत के सीमावर्ती गांवों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक विरासत, विकास की संभावनाओं और रणनीतिक महत्व से परिचित कराना है। साथ ही राष्ट्रीय एकता, सामुदायिक सहभागिता और सीमा क्षेत्रों के समग्र विकास के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

MY Bharat के डिप्टी डायरेक्टर शिवेंद्र सिंह ने बताया कि विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम युवाओं को देश के सीमावर्ती क्षेत्रों से जोड़ने और विकसित भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# प्रशासनिक न्यायाधीश अजय भनोट ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

## बंदियों के कौशल विकास, पुस्तकालय और सुधारात्मक गतिविधियों की समीक्षा, विदेशी बंदियों के लिए बहुभाषी पुस्तकें व थिएटर गतिविधियां शुरू करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 26 जुलाई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति एवं गौतमबुद्धनगर के प्रशासनिक न्यायाधीश अजय भनोट ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के अंतिम दिन रविवार को जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के अधिकारों, कौशल विकास, पुस्तकालय व्यवस्था तथा सुधारात्मक गतिविधियों का जायजा लेते हुए कारागार प्रशासन को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिला कारागार प्रशासन ने न्यायमूर्ति को बताया कि बंदियों के पुनर्वास एवं कौशल विकास के लिए सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, योग एवं मेडिटेशन, संगीत, चित्रकला और नृत्य जैसी गतिविधियों का नियमित संचालन किया जा रहा है। इच्छुक बंदियों को इन विधाओं में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति अजय भनोट ने कारागार के पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया तथा मेडिटेशन, संगीत, नृत्य, चित्रकला, सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण से संबंधित कक्षाओं का अवलोकन किया। इस दौरान बंदियों ने नृत्य, संगीत, सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दीं, जिनकी उन्होंने सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कारागार प्रशासन को निर्देश दिए कि विदेशी बंदियों के लिए थिएटर, समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाए, ताकि उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ स-ांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास का भी अवसर मिल सके।

पुस्तकालय के निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने निर्देशित किया कि विदेशी बंदियों की भाषाओं के अनुरूप पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही पुस्तकालय में हिंदी, अंग्रेजी और अन्य आवश्यक विदेशी भाषाओं की पुस्तकों का पर्याप्त संग्रह रखा जाए, जिससे सभी बंदियों को अपनी भाषा में अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सके। उन्होंने कारागार में संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण, हेयर कटिंग, योग, मेडिटेशन, चित्रकला, संगीत और नृत्य जैसी गतिविधियों के साथ-साथ थिएटर, नुक्कड़ नाटक और रंगमंच जैसी रचनात्मक गतिविधियों को भी नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने बंदियों से उनके मुकदमों एवं अन्य समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली और उनके त्वरित एवं विधिसम्मत समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव, अपर जिला जज एवं प्रभारी सचिव डीएलएसए सोमप्रभा मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ह्रिकेष पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय कुमार तथा जिला कारागार के जेलर आर.के. मौर्य, संजय साही, उप जेलर सुरजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## चेहल्लुम को लेकर जारचा थाने में शांति समिति की बैठक, डीसीपी ने दिए सु-रक्षा के निर्देश

### संभ्रांत नागरिकों से संवाद कर सुनी समस्याएं, पुलिस बल को सतर्कता और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। आगामी चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की ओर से थाना जारचा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसीपी ग्रेटर नोएडा रवि शंकर निम एवं एसीपी द्वितीय ग्रेटर नोएडा प्रशाली गंगवार ने स्थानीय संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं के साथ संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार आयोजित की गई। इस दौरान शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया।

डीसीपी ने उपस्थित लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। साथ ही उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर पर्व के दौरान सु-रक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा।


अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

न्यूज पोर्टल पर चलवायें मात्र 200 रुपये रोज में।


# कलाधाम हादसे में प्राधिकरण का सख्त एक्शन, ठेकेदार पर एफआईआर; दो सुपरवाइजर बर्खास्त

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, संवाददाता। नॉलेज पार्क-2 स्थित कलाधाम सोसाइटी में बोरवेल के लिए खोदे गए पानी से भरे गड्ढे में डूबने से छह वर्षीय मासूम की मौत के मामले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है, ठे-केदार की फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है तथा विभागीय लापरवाही पाए जाने पर जल विभाग के सुपर-वाइजर और तकनीकी सुपरवाइजर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।



प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार ने घटना को गंभीर लापरवाही का मामला बताते हुए पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, कलाधाम सोसाइटी में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए तीन दिन पहले नलकूप निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। आरोप है कि ठेकेदार ने बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग किए गड्ढा खोद दिया, जिसमें पानी भर गया। शनिवार शाम सोसाइटी निवासी केंद्रीय विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सीवान यादव का छह वर्षीय पुत्र अव्यान सूर्या खेलते समय गड्ढे में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही प्राधिकरण के महाप्रबंधक ए.के. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा, सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्राधिकरण की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने नॉलेज पार्क कोतवाली में ठेकेदार फर्म सुप्रीम इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन के प्रोपराइटर मनोज कुमार जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। साथ ही विभागीय लापरवाही के आरोप में तकनीकी सुपरवाइजर आकाश कुमार और सुपरवाइजर जॉनी कुमार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं सीईओ ने सभी वर्क सर्किलों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में किसी भी निर्माण कार्य को सुरक्षा मानकों, बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतों के बिना शुरू न किया जाए। यदि कहीं भी लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी और ठेकेदार दोनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री डीपी यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, गुन्नौर से गगन यादव को बनाया प्रत्याशी

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग नोएडा/बदायूं : राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री डीपी यादव का जन्मदिन सोमवार को उनके समर्थकों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित्र कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। उन्होंने डीपी यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीपी यादव ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक ऐलान किया। उन्होंने गुन्नौर विधानसभा सीट से गगन यादव को राष्ट्रीय परिवर्तन दल का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। इस घोषणा के बाद कार्यकताओं ने तालियों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। डीपी यादव ने कहा कि राष्ट्रीय परिवर्तन दल प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रहा है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 100 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करन्ने और जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवर्तन दल विकास, किसानों, युवाओं और आम जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए चुनाव मैदान में उतरेगा। कार्यक्रम के अंत में समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी को मिला 'राइजिंग भारत आइकन अवॉर्ड-2026'

## केंद्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने भारत मंडपम में किया सम्मानित, पत्रकार हितों में योगदान को मिली राष्ट्रीय पहचान

**समाज जागरण**

नोएडा। देश के सबसे बड़े मीडिया हब नोएडा के प्रमुख पत्रकार संगठन नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी को पत्रकारिता एवं पत्रकार कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'राइजिंग भारत आइकन अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने उन्हें ट्रॉफी एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया।




यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के साथ-साथ पत्रकारों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में नोएडा मीडिया क्लब पत्रकारिता के मूल्यों को सशक्त बनाने के साथ-साथ पत्रकारों और उनके परिवारों के हितों के लिए भी सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मीडिया जगत में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत तथा वरिष्ठ पत्रकार विश्वेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

नोएडा मीडिया क्लब, नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के पत्रकारों का प्रमुख प्रतिनिधि संगठन है। क्लब पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, बच्चों की शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा आपात प-रिस्थितियों में सहयोग जैसी विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन करता है।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि आलोक द्विवेदी के अध्यक्ष बनने के बाद क्लब ने संगठनात्मक मजबूती, पारदर्शिता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे संस्था की विश्वसनीयता लगातार बढ़ी है। सम्मान प्राप्त करने के बाद आलोक द्विवेदी ने कहा, "केंद्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी जी के हाथों यह सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि नोएडा मीडिया क्लब के प्रत्येक सदस्य और पूरे पत्रकार परिवार का है। हमारा प्रयास आगे भी पत्रकारों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना रहेगा।"

आलोक द्विवेदी को 'राइजिंग भारत आइकन अवॉर्ड-2026' मिलने पर नोएडा मीडिया क्लब के पदाधिकारियों, वरिष्ठ पत्रकारों तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे पत्रकारिता जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक पहुंचा युवाओं का कारवां, 'माइल्स फॉर शहीद्स' मैराथन में 300 विद्यार्थियों ने लिया भाग

## कारगिल के अमर वीरों को दी श्रद्धांजलि, देशभक्ति और राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

नोएडा। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत रविवार को करीब 300 विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 'माइल्स फॉर शहीद्स' मैराथन में भाग लेकर का-रगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन ने युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की।



प्रातः 5:45 बजे सेक्टर-50 स्थित कोठारी इंटरनेशनल स्कूल से मैराथन को शहीद स्मारक के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राकेश चड्ढा (पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय की हेड ऑफ स्कूल गीतांजलि दीवान, प्राचार्या निधि तिवारी तथा प्रशासन प्रमुख अरुण झा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

इस मैराथन का आयोजन इंटरनेशनल बैकालॉरिएट डिप्लोमा प्रोग्राम (क्इउ्ढ) के विद्यार्थियों ने अपने सीएएस (क्रिएटिविटी, एक्टि-विटी एंड सर्विस) प्रोजेक्ट के तहत डीपीसी/सीएएस समन्वयक गगन सिंह के मार्गदर्शन में किया।

मैराथन के समापन के बाद सभी प्रतिभागी शहीद स्मारक पहुंचे, जहां उन्होंने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यार्थियों ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### शहीद स्मारक बन रहा युवाओं की प्रेरणा का केंद्र

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पिछले कई दिनों से शहीद स्मारक विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लिए श्रद्धांजलि और प्रेरणा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

# गुरु जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर कल्याण का मार्ग दिखता है- स्वामी सत्यानंद

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय सौहम्‌ महामंडल के गुरु पूजा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन में जन्म देने वाले माता-पिता का देवतुल स्थान है तो वहीं गुरु के द्वारा उनकी आत्मा को जागृत कर ज्ञान प्रदान करके उनका कल्याण किया जाता है।



सोहम आश्रम जैननगर में रविवार को आयोजित गुरु पूजा महोत्सव मैं अपने आशीर्वचन के के साथ स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने कहा - गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरा, अर्थात गुरु मे ब्रह्मा विष्णु महेश देवताओं के स्वरूप के दर्शन होते हैं गुरु की महिमा अपार है गुरु अपने शिष्य को ज्ञान के माध्यम से मार्गदर्शन करते हुए उसे मोक्ष कल्याण की प्राप्ति करता है गुरु का शाब्दिक अर्थ है जो जीवन के अज्ञान रुपी अंधकार दूर करते हुए जीवन के मोक्ष का सही मार्गदर्शन प्रदान करें। गुरु की कृपा से भक्ति के कष्टो का निदान होता है। गुरु के मार्गदर्शन के बिना भक्ति इस भवसागर से पार नहीं हो पता है- गुरू बिनु भव निधि तरह न कोई, जो विरंची शंकर सम होई।महाराज जी ने सभी लोग गुरु जनों की सेवाके साथ अपने पूज्य माता-पिता का सम्मान करे जीवन में छल कपट से दूर रहकर परिवार के साथ भी प्रेम व्यवहार से रहे । इसी प्रेम में सभी का का कल्याण निहित है।आगामी वार्षिक भागवत कथा एवं संत सम्मेलन कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए संस्था के परमाध्यक्ष स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने बताया इस वार 24 दिसंबर 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में स्वामी प्रीतम दास महाराज प्रणवानंद जी महाराज अनंतानंद जी महाराज आदि संतो के अलावा संस्था के चंद्र प्रकाश शर्मा,द्विजेन्द्र मोहन शर्मा सम्मन सिंह यादव, सर्वेश दीक्षित शिवनारायण यादव, राजेश गुप्ता , संजय अग्रवाल, मातादीन यादव, महेश यादव सोमेश यादव, जगदीश यादव,मनोहर लाल,अनुग्रह गोपाल सियाराम तार बाबू, गोपाल बिहारी, महेंद्र अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# माथुर वैश्य समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह में 70 छात्रों को किया गया सम्मानित।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के अतर्गत माथुर वैश्य मंडलीय परिषद द्वारा रविवार को शाम 4:00 बजे पालीवाल हाल में प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया जिसमें 70 छात्रों को सम्मानित किया गया माथुर वैश्य मंडलीय परिषद द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज के हाई स्कूल इंटरमीडिएट तथा. Neet.ca.nat.jrf.iit एवं सरकारी विभाग में नवीन दायित्व निभा रहे प्रतिभाओं को सम्मानित किया सर्वप्रथम अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार मामा और महामंत्री शंकर गुप्ता ने मां सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन और माला पहनकर सरस्वती वंदना कर प्रारंभ किया था हाई स्कूल मैं प्रथम स्थान पाने वाले कुणाल गुप्ता पुत्र सुधीर गुप्ता द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिज्ञा गुप्ता पुत्री दुर्गेश गुप्ता तृतीय स्थान का पुरस्कार आदित्य गुप्ता पुत्र अनिल कुमार गुप्ता इंटरमीडिएट में प्रथमस्थान पुरस्कार विनायक गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता द्वितीय स्थान पाने वाले वैभव दोनोरिया पुत्र संदीप गुप्ता अदिति गुप्ता पुत्री मोहित गुप्ता तृतीय स्थान पाने वाले सूर्यांश गुप्ता उनके सामान आशीष गुप्ता के अलावा 10 छात्र आईटीआई और एमबीबीएस के अलावा हाई स्कूल 30 छात्र छात्राएं और इंटरमीडिएट 30 छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा रक्तदान शिविर में दसवीं लगाए गए थे उन सभी रक्तदान शिविरों के प्रभारी एवं सहप्रभारी सम्मान किया गया इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष मुकेश कुमार मामा महासभा महामंत्री शंकर गुप्ता उपाध्यक्ष रीता मनीष अलंकार प्रथम महिला नीता मुकेश मामा मंडल अध्यक्ष अश्विनी कुमार गुप्ता मंडलप्रथम महिला गीता अश्विनी कुमार महासभा उप मंत्री देवेंद्र बादलस सह मंत्री मनीष अलंकार वरिष्ठ मत्री राकेश मेरोठिया न्याय परिषद अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव कुमार आचार्य मंडल मंत्री सुनील सेठ कोषाध्यक्ष संजय सूर्या आभा राकेश गुप्ता रूबी आलोक गुप्ता दर्पण प्रभारी श्रीमती आकांक्षा गुप्ता निर्वाचन मंडल राजीव गोलस दया शंकर गुप्ता सुधीर गोलस मडल मीडिया प्रभारी राजेश जबरेवा कार्यक्रम का संचालन श्रीमती डॉक्टर निधि गुप्ता ने किया।



# संविधान बचाने और आरक्षण की रक्षा का लिया संकल्प।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी ने रविवार को जिला कार्यालय दवरई में 'संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस' एवं 'आरक्षण दिवस' मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव एडवोकेट ने की। इस दौरान




संविधान की प्रति के समक्ष सामाजिक न्याय, संविधान और आरक्षण की रक्षा का संकल्प लिया गया।

जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि आरक्षण अधिकार है, इसे हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान ही सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की आधारशिला है तथा संविधान की रक्षा से ही आरक्षण और नागरिक अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों तथा राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज द्वारा 26 जुलाई को कोल्हापुर राज्य में आरक्षण लागू किए जाने का उल्लेख करते हुए इसे सामाजिक न्याय के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन बताया।

उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रयासों से सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को संविधान में स्थान मिला, इसलिए संविधान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में शिकोहाबाद विधायक डॉ. मुकेश वर्मा, जसराना विधायक ई. सचिन यादव, पूर्व विधायक रामवीर सिंह यादव, रमेश चंद्र चंचल, अजीम भाई, पूर्व एमएलसी डॉ. दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती और छात्रों युवाओं के अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता : तौकीर आलम।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उक्त विचार जिला कार्यालय मिलन स्थली मोढ़ा पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त संगठनात्मक आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम ने व्यक्त करते हुये कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी प्रथमिकता है सभी ब्लॉक अध्यक्षों से कहा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों एवं पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने को ताकत से लगे ल उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन जितना मजबूत होगा, जनता की आवाज उतनी ही प्रभावी ढंग से उठाई जा सकेगी।




तौकीर आलम ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संघर्षों और उनके द्वारा देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों की आवाज को लगातार उठाने का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी देश के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में छात्रों के साथ हुई अन्यायपूर्ण घटनाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं एवं युवाओं के भविष्य से किए जा रहे खिलवाड़ पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और उनके उज्वल भविष्य की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी। राहुल जी के संघर्ष कई नतीजा है कि देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मजबूरन इस्तीफा देना पड़ा है और यह तो अभी शुरूआत है क्योंकि कांग्रेस का संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है कांग्रेस जब तक छात्रों को नौजवानों को किसानों को व्यापारियों को उत्पीड़न और अन्य से छुटकारा नहीं दिला देगी तब तक उसका संघर्ष जारी रहेगा '

जिलाध्यक्ष श्री रामनिवास यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश का छात्र और युवा वर्ग अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। बार-बार होने वाली परीक्षा संबंधी अनियमितताओं ने लाखों युवाओं के सपनों को प्रभावित किया है। कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के साथ हर संघर्ष में मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

बैठक को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं हाजी सईद पटेल, रामनाथ यादव, हाजी नसीर अहमद, धर्मसिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, राजवीर सिंह यादव, सगीर कुरैशी , अजय यादव, यश दुबे, चांद कुरैशी, धर्मेंद्र यादव , लाला राईन , रामसेवक वैध , जमील अब्बास सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

बैठक मे ओमवीर सिंह यादव , शैलेन्द्र शुक्ला, संदीप कुमार , रामनाथ यादव ,उमर फारूक, अनिल यादव, अजय यादव, यश दुबे, बी. एस. गौतम, राजउद्दीन अली, शांतिदास शंखवार, संजय यादव, राधा कृष्ण यादव, खुर्शीद आलम, सुरेश चन्द्र, वकार खालिक, लक्ष्मी गुप्ता, आसिफ खान, नावेद आलम, मंजू शंखवार, नीलम शंखवार, कलावती देवी, उर्मिला देवी, प्रिया कुमारी, बिट्टू यादव, चांद कुरेशी, मिर्जा मजहर वेग, अरशद कुरेशी, लाला रेन, अमन द्विवेदी, प्रदीप शर्मा, कन्हैया शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, प्रीति, पुष्पा देवी, रामरानी , रामनाथ शंखवार, डा. राकेश शंखवार, धीरज यादव, मनोज यादव, विराट दिवाकर, संजय रावत, अर्जुन सिंह दिवाकर, एहसान अली, योगेन्द्र सिंह तागड, आदि कॉंग्रेसजन उपस्थित हुए।

भूपेंद्र यादव एडवोकेट नगला लोकमन, लकी यादव एडवोकेट ग्राम डाहिनी , आजाद अली, अनीस अली पाढ़म , कल्लू ठाकुर सलेमपुर , नीरज शाक्य एवं निशांत शाक्य नगला गोकुल आज सह प्रभारी तौकीर आलम के समक्ष कांग्रेस में शामिल हुए प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष द्वारा उनका कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मान किया गया '

# शिक्षकों को मिले कैशलेस इलाज के कार्ड, 313 लाभार्थियों को मिले योजना का लाभ --प्रभारी मंत्री

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में "मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना" के तहत शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में 313 शिक्षकों को योजना का लाभ दिया गया, जबकि प्रतीकात्मक रूप से 12 शिक्षकों को मंत्री ने कार्ड सौंपे।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि गुरु का स्थान समाज में सर्वोच्च है। शिक्षक ही बच्चों को संस्कार और शिक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि संस्कारों से जुड़ी होनी चाहिए। सरकार शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना संचालित कर रही है।

सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि यह कार्ड शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने आशा जताई कि किसी शिक्षक को इसकी आवश्यकता न पड़े, लेकिन जरूरत पड़ने पर यह योजना संबल बनेगी। टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि योजना के तहत प्रत्येक शिक्षक एवं उनके परिवार को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी देखा गया। संचालन शिवकांत पलिया और चेतेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामबदन राम, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सिलेंडर चोरी का खुलासा: पांच एलपीजी सिलेंडर समेत दो आरोपी गिरफ्तार।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। रसूलपुर थाना पुलिस ने सिलेंडर चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के पांच एलपीजी सिलेंडर, वारदात में प्रयुक्त सरिया, छेनी और एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर मौढ़ा चौराहे के पास घेराबंदी कर टुंडला के स्वरूप नगर निवासी विरेश और हृदय नगला निवासी नीटू को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों की निशानदेही पर चोरी के पांच एलपीजी सिलेंडर, एक सरिया, एक छेनी और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ रसूलपुर थाने में पहले से दर्ज सिलेंडर चोरी के दो मुकदमों में बरामदगी के आधार पर बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है। मुख्य आरोपी विरेश के खिलाफ आगरा के मलपुरा थाने में भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। साथ ही उनसे अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

# काली मंदिर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दो श्रद्धालु घायल

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर काली मंदिर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो श्रद्धालु घायल हो गए। दोनों श्रद्धालु कर्णवास व बैलौन की जात कर अपने घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव अमियापुर निवासी हरि सिंह पुत्र भगवानदास और खेमपाल पुत्र छल्लू बाइक से कर्णवास बैलौन से वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी,जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

# राष्ट्रीय पुरोहित परिषद करेगी कांवड़ियों का भावपूर्ण स्वागत

## कांवड़ लाने और कांवड़ियों के स्वागत से मिलता है पुण्य लाभ - पं. सुंदरलाल तिवारी

**समाज जागरण**

सम्भल। श्रावण मास के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पुरोहित परिषद ने निर्णय लिया है कि सम्भल में आने वाले कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। सरथल पुलिस चौकी के निकट स्थित शिव मंदिर पर आयोजित परिषद की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पुरोहित पंडित सुंदरलाल तिवारी ने की, जबकि संचालन अजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि नगर के पुरोहित, पुजारी एवं पंडित समाज द्वारा सम्भल में आने वाले कांवड़ियों का विभिन्न प्रकार से उत्साहवर्धन, अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा।

अध्यक्ष पं. सुंदरलाल तिवारी ने कहा कि "श्रावण मास अत्यंत पुण्यशाली महीना है। इस माह में भगवान भोलेनाथ की कांवड़ लाने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही कांवड़ लाने वालों का उत्साहवर्धन और स्वागत करने वालों पर भी भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं और उन्हें अमिट आशीष प्रदान करते हैं।"

परिषद द्वारा तय किया गया है कि श्रावण मास में आने वाले कांवड़ियों के मस्तक पर तिलक लगाकर, हाथ में कलावा बांधकर एवं उन पर पुष्प वर्षा कर उनका भावपूर्ण स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा।

बैठक में पंडित परमानंद तिवारी, पंडित तरुण भारद्वाज, पंडित पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, पंडित आदित्य शर्मा, पंडित नरेश कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। सभी ने श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक करने तथा श्रावण के सोमवार को विशेष महत्व देने पर बल दिया। अंत में परिषद ने कांवड़ यात्रियों को सुविधा देने, उनकी सेवा करने एवं स्वागत की सम्पूर्ण योजना बनाने का दायित्व सर्वसम्मति से पंडित नरेश चंद्र शर्मा को सौंपा।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना' का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण**

चन्दौसी। सम्भल में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुलाब देवी ने प्राध्यापकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए गए। चंदौसी के महात्मा गांधी मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना' के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित 'चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम' में चंदौसी विधायक गुलाब देवी मौजूद रही । राष्ट्र निर्माण में अपना जीवन समर्पित करने वाले हमारे शिक्षकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएँ और सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री की यह योजना अत्यंत सराहनीय है। निश्चित ही यह योजना हमारे शिक्षक साथियों के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाएगी और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति निश्चिंत करेगी।




# अजगर ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का किया शिकार, अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास के जंगल में शनिवार दोपहर एक अजगर द्वारा राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे गंगा किनारे घने जंगल में छोड़ दिया, जबकि मृत मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार करीब चार बजे गांव गंगावास के जंगल में खेतों पर काम कर रहे लोगों ने देखा कि एक विशाल अजगर ने मोर को अपना शिकार बना लिया है। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक मोर की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई।

वन क्षेत्राधिकारी बृजमोहन के निर्देशन में वन विभाग की टीम और गंगा बैराज पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से गंगा किनारे स्थित घने जंगल में छोड़ दिया।

वन क्षेत्राधिकारी बृजमोहन ने बताया कि मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुन्नौर पशु चिकित्सालय भेजा गया है। चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण फिलहाल शव को सुरक्षित रखा गया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोर के शव को तिरंगे में लपेटकर राजकीय सम्मान के साथ वन विभाग की भूमि में दफनाया जाएगा।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगल या आबादी के आसपास किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर उसे नुकसान पहुंचाने के बजाय तत्काल विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से उसका रेस्क्यू किया जा सके।

# ताइक्वांडो एकेडमी में एडवांस फाइट कैंप का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

चन्दौसी। रविवार को नगर की संस्कार वैली स्थित चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में एडवांस (क्योरूगी) फाइट कैंप का आयोजन किया गया

जिसमें लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंश यादव, शिव कुमार, शोर्य प्रताप सिंह, मिष्टी, आराध्या, आभा, कनक, रितिक, सृष्टि,



स्वाधीनता, आदिशक्ति, पलक, प्रियांशी, मन्नत, प्रियांशी, रागिनी, रायना, कीर्ति, प्रिंस, शनाया, आराध्या, चीनू, अभिनव, अनाया, आराध्या सिंह, अक्षत, लिली, अभिनव, गुंजन, रोली गोयल, नक्श, प्रिंस आयुष आदि ने फाइट कैंप के दौरान अपनी अपनी तकनीक का प्रदर्शन किया। इस दौरान सीनियर खिलाड़ी मनन, पूर्वी, श्याम, राहुल का सहयोग रहा, जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि आगामी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने व ज्यादा से ज्यादा पदक हासिल करने के उद्देश्य से इस कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप के दौरान सभी खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

# भाजपा सरकार पांच किलो राशन देकर वाहवाही लूटना चाहती है, लेकिन मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से बच रही है- सपा नेत्री विमलेश कुमारी

**समाज जागरण**

सम्भल/चन्दौसी। चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के गांव आटा में आयोजित समाजवादी पार्टी के "संविधान मान स्तम्भ दिवस" कार्यक्रम में संविधान और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान के साथ-साथ केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर राजनीतिक हमला बोला गया। मंच से शिक्षा, आरक्षण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया गया।




मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि सामाजिक न्याय की असली शुरूआत छत्रपति साहू जी महाराज ने पिछड़ों और दलितों को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर की थी। उन्होंने कहा कि साहू जी महाराज ने ही डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिभा को पहचानते हुए उनकी उच्च शिक्षा में सहयोग किया। आज वही संविधान, जिसे बाबा साहेब ने देश को दिया, करोड़ों वंचितों के अधिकारों की सबसे बड़ी गारंटी है।

बिलारी विधायक फहीम इरफान ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर देश के युवाओं को सवाल पूछने से रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि हजारों स्कूल बंद किए गए, शिक्षण संस्थानों पर कार्रवाई हुई और अल्पसंख्यक समाज के शिक्षा संस्थानों को भी निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना था कि शिक्षित समाज सत्ता से जवाब मांगता है, इसलिए शिक्षा पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में सबसे तीखा हमला चंदौसी विधानसभा की उपविजेता एवं सपा नेत्री विमलेश कुमारी ने बोला। उन्होंने कहा, "सरकार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन देकर वाहवाही लूटना चाहती है, लेकिन मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से बच रही है। क्योंकि सरकार जानती है कि जिस दिन भारत का युवा पूरी तरह शिक्षित हो जाएगा, उसी दिन वह सत्ता से हर फैसले का हिसाब मांगेगा।"

उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं के आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संघर्ष बाबा साहेब के संदेश "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का जीवंत उदाहरण है। उनका दावा था कि जागरूक युवा ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और वही अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ सकता है।

कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और शिक्षा के अधिकार को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण मुरारी संखधार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से उमेश यादव, अमित यादव, इरफान खान, ताहिरउल्ला, सुभाषपाल, सुभाष वाल्मीक, ओमप्रकाश प्रजापति, पूरनलाल मौर्य, ममता मधुकर, संजय मदान, इंद्रजीत यादव, विनीत जाटव, अजय कश्यप, अमित मौर्या, अरुण गौतम, मनीष, कमल शर्मा, शोभित कुमार काका, अशोक राणा, रोहन यादव, संजीव यादव, सुरेंद्र यादव, भूरे एडवोकेट, चेतन गुप्ता, धर्मवीर यादव, पप्पू जाटव, बलवंत जाटव आदि सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने सहभागिता की।

# ई-लॉटरी के माध्यम से होगा मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के लाभार्थियों का चयन

**समाज जागरण**

संभल ।मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लाभार्थियों का चयन 28 जुलाई 2026 को ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। चयन प्रक्रिया का आयोजन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), सम्भल में दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता तथा जिला कार्यकारिणी समिति की उपस्थिति में संपन्न होगी।

योजना के अंतर्गत 14 महिला एवं 14 पुरुष, कुल 28 लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इसके लिए प्राप्त पात्र आवेदनों में 53 महिला एवं 53 पुरुष, कुल 106 पात्र आवेदक ई-लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे।

# राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री का मिलाना में हुआ स्वागत

### सावित्री देवी को मिली जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**समाज जागरण बागपत।**
राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री राखी राजपूत का रविवार को बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के मिलाना गांव में जोरदार स्वागत किया गया। संगठन के कार्यकताओं और ग्रामीण महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति से कार्यक्रम भव्य रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री राखी राजपूत ने सावित्री देवी को उनकी मेहनत, जुझारूपन और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला अध्यक्ष पद से सम्मानित किया। इस अवसर पर राखी राजपूत ने कहा कि सावित्री देवी निष्ठा के साथ संगठन के विकास और मजबूती के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से महिलाओं को समाज में सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के लिए काम करने का अवसर मिलेगा। संगठन का लक्ष्य केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना भी है। नई जिला अध्यक्ष सावित्री देवी ने सभी का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिला, बबली, रीना, सरोज, मंजू, निशु, ओमबीरी, कविता, संजना, राजकुमारी सहित संगठन की अन्य प्रमुख सदस्याएं उपस्थित रहीं और उन्होंने नई जिला अध्यक्ष को बधाई दी।

# कारगिल के रणबांकुरे हवलदार सत्यवीर सिंह देशवाल: मौत को मात देकर तिरंगा फहराने वाले जांबाज की कहानी



**समाज जागरण**
बागपत। वर्ष 1999 का कारगिल युद्ध भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान का ऐसा अध्याय है, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। इसी युद्ध के एक बहादुर योद्धा हैं बागपत जनपद के ग्राम झुंडपुर निवासी हवलदार सत्यवीर सिंह देशवाल, जिन्होंने दुश्मन की गोलियों की बारिश के बीच अपने साथियों के साथ दुर्गम पहाड़ियों पर चढ़कर तिरंगा फहराने का गौरव हासिल किया। ग्राम झुंडपुर के पूर्व प्रधान और हवलदार सत्यवीर सिंह के भतीजे संजीव कुमार बताते हैं कि कारगिल युद्ध के दौरान उनकी एक राजपूताना राइफल्स को कुपवाड़ा से द्रास सेक्टर भेजा गया। वहां पहुंचते ही पता चला कि पाकिस्तानी घुसपैठियों ने तोलोलिंग चोटी पर कब्जा कर लिया है और भारतीय सेना के कई जवान वीरगति को प्राप्त हो चुके हैं। इसके बाद उनकी यूनिट को तोलोलिंग पर कब्जा करने का जिम्मा मिला। 12 जून 1999 की रात भारतीय सैनिकों ने दुश्मन की चौकियों पर धावा बोल दिया। ऊंची पहाड़ियों से हो रही भीषण गोलीबारी के बीच भारतीय जवान लगातार आगे बढ़ते रहे। बताया कि इस लड़ाई में मेजर विवेक गुप्ता, सूबेदार भंवरलाल, सूबेदार सुमेर सिंह, कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह, नायक चमन सिंह सहित कई वीर सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। लेकिन उनके बलिदान ने जीत की राह बनाई और भारतीय सेना ने तोलोलिंग पर तिरंगा लहरा दिया। युद्ध यहीं नहीं रुका। इसके बाद नॉल, थ्री पिंपल्स और काजल जैसी रणनीतिक चोटियों पर भी भारतीय सेना ने कब्जा किया। इन अभियानों में मेजर पद्मपाणि आचार्य, कैप्टन विजयंत थापर, कैप्टन एन. केंगुरुसे सहित कई जवान शहीद हुए। कुल मिलाकर इन अभियानों में 23 वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। हवलदार सत्यवीर सिंह देशवाल बताते हैं कि उस समय वे बी कंपनी में हवलदार के रूप में अपनी टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। कठिन परिस्थितियों और लगातार हो रही गोलाबारी के बावजूद उनकी सूझबूझ और रणनीति के कारण उनकी टुकड़ी का कोई जवान शहीद नहीं हुआ, हालांकि दो सैनिक घायल हुए थे। आज भी जब हवलदार सत्यवीर सिंह देशवाल कारगिल युद्ध की यादें साझा करते हैं, तो उनकी आंखों में अपने शहीद साथियों के प्रति गर्व और सम्मान साफ दिखाई देता है।

उनका मानना है कि कारगिल विजय केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अमर गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

# गड्ढों में बैठकर दिया धरना, एसपी ऑफिस के सामने जर्जर सड़क के विरोध का अनोखा तरीका बना चर्चा का विषय



**समाज जागरण**
बागपत। सड़क की बदहाली के विरोध में रविवार को एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष चंद कश्यप ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के सामने जर्जर सड़क पर बने गड्ढों में बैठकर धरना दिया। विरोध का यह अलग अंदाज राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। धरने के दौरान सुभाष चंद कश्यप ने आरोप लगाया कि जिले के कई प्रमुख सरकारी कार्यालयों के सामने की सड़कें दुरुस्त हैं, लेकिन एसपी कार्यालय के सामने का मार्ग लंबे समय से टूटा और गड्ढों से भरा हुआ है। उनका कहना था कि पिछले वर्ष भी उन्होंने इसी मुद्दे को उठाया था, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। कश्यप ने मांग की कि सड़क का जल्द निर्माण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा भूख हड़ताल भी की जाएगी।

# बागपत विधानसभा के ग्राम ढिकौली में सामूहिक विवाह एवं बेटी सम्मान समारोह संपन्न

### नवविवाहित युगलों और बेटियों को दी गई शुभकामनाएं




**समाज जागरण**
बागपत। बागपत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ढिकौली में रविवार को सामूहिक विवाह एवं बेटी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एडवोकेट नागेश गुर्जर शामिल हुए। नागेश गुर्जर ने नवविवाहित युगलों को वैवाहिक जीवन के लिए शुभाशीष और बधाई दी। साथ ही सम्मानित बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति, संस्कार और समृद्धि की आधारशिला हैं। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता, सहयोग और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के आयोजकों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी

नवदंपतियों के सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की।

# नीरा आर्य को पाठ्यक्रम में शामिल करे सरकार: राजश्री चौधरी

**समाज जागरण खेकड़ा।**
नीरा आर्य स्मारक एवं पुस्तकालय, खेकड़ा में आजाद हिन्द फौज की महिला जासूस नीरा आर्य को श्रद्धांजलि दी गई।नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रपौत्री राजश्री चौधरी ने कहा कि नीरा आर्य ने नेताजी की जान बचाने के लिए अपने गद्दार पति की हत्या की थी। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि नीरा



आर्य की जीवनगाथा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। कार्यक्रम में क्ठअ के 102 वर्षीय सेनानी लेफ्टिनेंट आर. माधवन पिल्लई ने नीरा आर्य को सबसे बहादुर वीरांगना बताया। शहीद सुखदेव के पौत्र अनुज थापर ने भी श्रद्धांजलि दी। खेकड़ा चेयरमैन नीलम धामा ने नीरा आर्य के नाम पर सार्वजनिक स्थल के नामकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान एक दर्जन स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

### --एक दिन पहले भी आत्महत्या का प्रयास हुआ था विफल, जीआरपी ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंपा



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी 40 वर्षीय अनुज पवार पुत्र सत्यवान अविवाहित था और नशे का आदी बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार उसने शनिवार को बागपत क्षेत्र के बूढ़पुर रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उस दौरान लोको पायलट की सतर्कता से ट्रेन समय रहते रोक दी गई, जिससे उसकी जान बच गई थी। घटना की सूचना पर जीआरपी और स्थानीय लोगों ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।रविवार सुबह अनुज पवार फिर कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप सहारनपुर से दिल्ली जा रही ट्रेन के आगे कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# चोरी के झूठे आरोप में फंसाने की साजिश का आरोप, पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर उसके पुत्र समेत तीन युवकों को चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले उसके पड़ोसी के यहां लाखों रुपये की चोरी हुई थी। आरोप है कि पड़ोसी उसके पुत्र सहित तीन अन्य युवकों पर चोरी का आरोप लगाते हुए उन्हें तमंचे के बल पर चोरी की घटना कबूल करने का दबाव बना रहा हैपीड़ित का कहना है कि घटना के बाद से उसका पुत्र भयभीत है और डर के कारण स्कूल भी नहीं जा पा रहा है, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आरोप है कि रविवार को भी पड़ोसी ने उसके पुत्र समेत अन्य युवकों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बागपत देहात के बूथ 296 पर कार्यकताओं ने सुना 'मन की बात'

### जिला उपाध्यक्ष ने दिया डिजिटल लर्निंग का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
बड़ौत। भाजपा बागपत देहात मंडल के ग्राम खूबीपुर निवाड़ा स्थित बूथ संख्या 296 पर रविवार को पार्टी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 136वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज भी मौजूद रहे। उन्होंने



कार्यकताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म डीएलएफ के उपयोग की जानकारी दी और मोबाइल पर प्रशिक्षण देकर सिखाया। कुलदीप भारद्वाज ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं का डिजिटल रूप से दक्ष होना जरूरी है, ताकि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को तकनीक के जरिए जनता तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कार्यकताओं से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने संगठन को सशक्त बनाने और राष्ट्रहित में काम करने का संकल्प लिया।

# सरकार नियमित संवाद और रचनात्मक परामर्श के माध्यम से कर्मचारी संगठनों के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है: डॉ. जितेंद्र सिंह

### डॉ. जितेंद्र सिंह ने सेवा सुधारों और कर्मचारी कल्याण पर डाक कर्मचारी संघ के साथ संवाद किया डाक कर्मचारी संघ ने लंबे समय से लंबित सेवा मुद्दों के समाधान की सराहना की

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि सरकार नियमित संवाद और रचनात्मक परामर्श के माध्यम से कर्मचारी संगठनों के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री जी ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और कर्मचारी कल्याण पर सरकार के अटूट ध्यान के कारण कई ऐसे पुराने सेवा संबंधी मामलों का समाधान हुआ हैं जो लगभग 25 से 30 वर्षों से लंबित थे। उन्होंने कहा कि उत्तरदायी शासन, समय पर निर्णय लेने और निरंतर प्रशासनिक सुधारों ने शिकायत निवारण को लोक प्रशासन का एक प्रमुख स्तंभ बना दिया है जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि सरकारी कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित मुद्दों का निष्पक्ष, नियम-आधारित और समयबद्ध तरीके से समाधान हो।डॉ. जितेंद्र सिंह ने ये टिप्पणियां नई दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास पर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से संबद्ध भारतीय डाक कर्मचारी संघ (बीपीईएफ) के महासचिव श्री अनंत कुमार पाल के नेतृत्व में आए 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान की। इस प्रतिनिधिमंडल में बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कई अन्य राज्यों के डाक कर्मचारियों के प्रतिनिधि शामिल थे। जो संघ के अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व को दशार्ते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने डाक कर्मचारियों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की जिनमें सेवा संबंधी मामले, कर्मचारी कल्याण, मान्यता संबंधी मुद्दे और लंबित प्रशासनिक एवं कानूनी मामलों के शीघ्र समाधान की आवश्यकता शामिल

थी। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता वाले मुद्दों पर भी चर्चा की और स्थापित कानूनी एवं प्रशासनिक ढांचे के भीतर कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर समर्थन की मांग की।

# मन की बात' सुनने को बूथों पर जुटे लोग, डिजिटल सशक्तिकरण अभियान भी चला



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड का रविवार को क्षेत्र में विभिन्न बूथों पर सामूहिक प्रसारण किया गया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना।इस दौरान प्रतिभा उर्फ सिमरन ने उपस्थित लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की विकासोन्मुख नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के माध्यम से 100 से अधिक लोगों तक प्रधानमंत्री का संदेश पहुंचाया गया।कार्यक्रम के

साथ-साथ डिजिटल सशक्तिकरण अभियान भी चलाया गया। भाजपा आईटी सेल एवं मीडिया प्रभारी विनीत शर्मा ने घर-घर संपर्क कर लोगों के मोबाइल फोन में सरल ऐप डाउनलोड कराया और उसके उपयोग की जानकारी दी। साथ ही लोगों को डिजिटल लर्निंग कोर्स से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।


# ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के हर दुस्साहस का निर्णायक जवाब देने की भारत की क्षमता का प्रमाण है: रक्षा मंत्री ने 27वें कारगिल विजय दिवस पर द्रास में कहा

पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत पूरी तरह से भारत के अभिन्न अंग, पीओके पर होगी भारत प्रगति और नवाचार का अनुसरण करता है जबकि पाकिस्तान आतंकवाद और घुसपैठ को बढ़ावा देता है ये दिल मांगे मोर रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास को बढ़ावा देता है विकसित भारत@2047 केवल आर्थिक समृद्धि तक ही सीमित नहीं है, यह रणनीतिक शक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक सद्भाव के प्रति प्रतिबद्धता है

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा, ह्वऑपरेशन सिंदूर की सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत पाकिस्तान के हर दुस्साहस का उसकी कल्पना से परे कठोर जवाब देने में सक्षम है।ह्व उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी और कोई भी संवाद केवल पीओके पर होगा। उन्होंने पीओके को पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए भारत का अभिन्न अंग बताया। रक्षा मंत्री ने 26 जुलाई, 2026 को द्रास में 27वें कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता के विरुद्ध हर घृणित कृत्य का उसी दृढ़ता से जवाब से दिया जाएगा, जिस दृढ़ जवाब से भारतीय रक्षा बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को अद्वितीय वीरता के साथ दिया था। श्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान में सेना और आतंकवादियों के बीच का अंतर मिट चुका है, क्योंकि पाकिस्तान ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति का हिस्सा बना लिया है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की सेना न केवल आतंकवादी संगठनों को शरण देती है, बल्कि उनके साथ मिलकर काम भी करती है। इसीलिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने यह स्पष्ट कर दिया था कि भारत

अब आतंकवादियों और उन्हें बढ़ावा देने वाली सरकारों को अलग-अलग इकाई के रूप में नहीं देखता।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि कारगिल युद्ध को 27 साल बीत चुके हैं और भारत और पाकिस्तान के रास्ते पूरी तरह से अलग हो गए हैं। जहां भारत नवाचार के नए रास्ते तलाश रहा है, वहीं पाकिस्तान घुसपैठ के नए रास्ते खोज रहा है। भारत चिप डिजाइन में लगा है, वहीं पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने में व्यस्त है। भारत स्टार्टअप तंत्र बना रहा है, वहीं पाकिस्तान आतंकी तंत्र बना रहा है। भारत सेमीकंडक्टर का निर्माण कर रहा है; पाकिस्तान आत्मघाती हमलावरों को तैयार कर रहा है। भारत अंतरिक्ष अभियानों के लिए जाना जाता है, वहीं पाकिस्तान प्रॉक्सी मिशन चला रहा है। भारत अंतरिक्ष में उपग्रह भेज रहा है, वहीं पाकिस्तान सीमा पार आतंकवादियों को भेज रहा है। भारत दुनिया को सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा रहा है, वहीं पाकिस्तान स्लीपर सेल का निर्यात कर रहा है। भारत डेटा सेंटर स्थापित



कर रहा है; वहीं पाकिस्तान कट्टरपंथीकरण केंद्र स्थापित कर रहा है। भारत यूपीआई के माध्यम से दुनिया को जोड़ रहा है, वहीं पाकिस्तान हवाला नेटवर्क के साथ आतंकवाद को जोड़ रहा है। संक्षेप में, हमारे रास्ते अलग हैं; यदि पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से हमारी समृद्धि के रास्ते में बाधा डालने का प्रयास करता है, तो हमारी रक्षा बल मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा। श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार में रक्षा बलों को खतरों का निर्णायक रूप से जवाब देने के लिए पूरी छूट देने की राजनीतिक इच्छाशक्ति है और उन्होंने विश्वास जताया कि जब तक भारत के सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, तब तक कोई भी शत्रु भारत पर शत्रुतापूर्ण दृष्टि डालने का साहस नहीं करेगा। रक्षा मंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडे सहित अनगिनत वीर सैनिकों को याद किया, जो राष्ट्र, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कारगिल विजय दिवस को व्यक्तिगत सफलता और राष्ट्रीय कर्तव्य के बीच अंतर समझने की चाह रखने वाले प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणा का दिन बताया। उन्होंने कहा, यह दिन हमें सिखाता है कि बलिदान और सेवा की भावना किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि कारगिल युद्ध स्मारक भारत की संपूर्णता को दशार्ता है, यहाँ शहीद हुए वीर देश के हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, "विविधताओं के बावजूद, एकता की यह दीवार उन लोगों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।"

रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशिया और रूस एवं यूक्रेन के बीच हुए संघर्षों ने न केवल रक्षा बलों की क्षमताओं की परीक्षा ली है, बल्कि राष्ट्रों के धैर्य, सहनशीलता और संकल्प की भी परीक्षा ली है। उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत के पास एक मजबूत और सक्षम सेना है, फिर भी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है। 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना, अनुशासन और कर्तव्यबोध के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय में सैनिक जैसी चेतना होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, मैं यह

नहीं कह रहा हूं कि प्रत्येक नागरिक को सैनिक बनना चाहिए, लेकिन यदि कभी राष्ट्र को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़े जिसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जनता के समर्थन की आवश्यकता हो, तो प्रत्येक भारतीय को मानसिक, नैतिक और शारीरिक रूप से देश की रक्षा के लिए आगे आने को तैयार रहना चाहिए। जिस प्रकार प्रत्येक सैनिक सर्वप्रथम एक भारतीय होता है, उसी प्रकार एक सैनिक का साहस, अनुशासन और देशभक्ति प्रत्येक भारतीय के भीतर सदा जीवित रहनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का हुआ शुभारंभ, शिक्षकों को वितरित किए गए कैशलेस चिकित्सा कार्ड

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के अवसर पर आज कलक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों तथा संबंधित अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले



शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। प्रदेश सरकार उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना लागू कर रही है। इस योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं उनके पात्र आश्रितों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे उन्हें आकस्मिक अथवा गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना शिक्षकों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। सभी पात्र शिक्षकों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक शिक्षकों को इस योजना से जोड़ने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के पात्र शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। शिक्षकों ने

इस जनकल्याणकारी पहल के लिए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे उनके स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीसी जी राम जी आरबी यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, संबंधित विभागों के अधिकारी, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर नगर कांग्रेस कार्यकताओं ने साथ छात्र छात्राओं को बधाई दी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद शनिवार को नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर नगर कांग्रेस कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर देशभर के छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि पेपर लीक के मुद्दे पर देश के अलग-अलग हिस्सों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर आवाज उठाने वाले छात्र-छात्राओं और युवाओं का संघर्ष ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और संसद से लेकर सड़क तक उनकी आवाज बुलंद करते रहे हैं तथा आगे भी युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री का



इस्तीफा युवाओं के संघर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन अभी भी कई महत्वपूर्ण मांगें शेष हैं। दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान जिन युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया, उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। जिन युवाओं ने इस आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाई, उनके परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा प्रदर्शन में शामिल युवाओं पर दर्ज सभी मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. इकबाल खान, डॉ. अनस, शराफत चौधरी, एम. अकरम खान एडवोकेट सहित नगर कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी हुआ टेबलेट पुलिस ने बरामद कर चार आरोपियों को भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना । प्राथमिक विद्यालय खानपुर से चोरी हुआ टेबलेट पुलिस ने बरामद कर चार आरोपियों को जेल भेज दिया है, प्रधान अध्यापक ने लैपटॉप चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मालूम हो की विकासखंड कोतवाली के ग्राम खानपुर के प्राइमरी स्कूल में 15 दिन पूर्व 10 जुलाई की रात को अज्ञात चोरों ने प्रधानाध्यापक कक्ष की खिड़की तोड़कर उसमें रखे कंप्यूटर सेट व टेबलेट चोरी कर ले गए थे प्रधानाध्यापिका ईनू अग्रवाल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ईनू अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 10 जुलाई को अज्ञात टैबलेट के साथ-साथ 2 मांनिटर, 2 की-बोर्ड 2 यूपीएस, 2 माऊस, 2 स्पीकर तथा एक टैबलेट (ACER) चोरी कर लिए गए है। जबकि प्रधानाध्यापक कक्ष मे दरवाजे में ताला व हजमी ताला भली भांति लगा हुआ था। पुलिस ने प्राइमरी स्कूल से चोरी हुआ माल बरामद करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजन में सफलता हासिल की है।

# विदेश भेजने के नाम पर 3 युवकों से 17 लाख रुपये की ठगी, आरोपी जान से मारने की दे रहे धमकी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नहटौर थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर तीन युवकों के साथ 17 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने युवकों को फर्जी वीजा, फ्लाइट टिकट और अपॉइंटमेंट लेटर थमाकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम महमूदपुर निवासी पीड़ित नूर मोहम्मद ने बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान फोन के जरिए उसकी पहचान मो. जीशान से हुई। जीशान ने अपने मामा मो. फरजान और भाई मो. जुबेर के साथ मिलकर विदेश भेजने का काम करने का दावा किया। उन्होंने चेक गणराज्य भेजने के नाम पर प्रति व्यक्ति 7 लाख रुपये का खर्च तय किया था। इसके बाद पीड़ित नूर मोहम्मद, आदिल और मो. फैजान ने अपने पासपोर्ट, आधार और पैन कार्ड सौंप दिए। आरोपियों ने उन्हें चेक गणराज्य की 'मेट्रोस्टाव' कंपनी का फर्जी ऑफर लेटर व एंबेसी अपॉइंटमेंट लेटर दिया और यूपीआई, आरटीजीएस, बैंक ट्रांसफर व नकद के माध्यम से कुल 17 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने 5 जनवरी 2026 को फर्जी टिकट भेजकर पीड़ितों को दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया। जब पीड़ित एयरपोर्ट पहुंचे, तो आरोपी मो. फरजान वहां नहीं मिला और उसका फोन बंद आया। व्हाट्सएप पर भेजे गए वीजा और टिकट की जांच कराने पर वे पूरी तरह फर्जी पाए गए। विरोध करने पर आरोपियों ने मामला टालते हुए 18 मार्च 2026 को जर्मनी भेजने के नाम पर एक और फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर भेज दिया। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित नूर मोहम्मद ने बिजनौर के एसपी को शिकायती पत्र देकर मो. जीशान, मो. फरजान और जुबेर आलम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने यह भी गुहार लगाई है कि मुख्य आरोपी मो. जीशान इस समय विदेश से आया हुआ है और दोबारा भागने की फिराक में है, इसलिए उसे तुरंत देश से बाहर जाने से रोका जाए।

# ओएसआर करने पर ही मिलेगी परफॉर्मेंस ग्रांट

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत के विकासखंड अफजलगढ़ के पंचायत सहायकों एवं सचिवों का पंचायत की स्वयं की आय, ओएसआर पोर्टल, राजस्व जेनरेशन एवं सर्विस डिलीवरी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह द्वारा ओ एस आर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि अपनी पंचायत से आय का स्त्रोत कैसे बढ़ाएंगे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। तथा और वित्त आयोग के अंतर्गत पंचायत को 40% बेसिक टाइड ग्रांट मद, 40% बेसिक अनटाइड ग्रांट में 20% परफॉर्मेंस ग्रांट में धनराशि दी जाएगी। परफॉर्मेंस ग्रांट प्राप्त करने के लिए पंचायत कोड्ड1200 प्रति घर प्रतिवर्ष की दर से स्वयं की आय करनी अनिवार्य है इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष इस आय



में ढाई प्रतिशत की वृद्धि भी करनी है। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा बताया गया कि आर्टिकल 243 जी के अंतर्गत 11वीं अनुसूची में 29 विश्व से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लागू करने इसके साथ ही आर्टिकल 243 ह में पंचायत द्वारा कर फीस एवं शुल्क का अधिरोपण एवं वसूल करने के प्रावधान है उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 ए एवं धारा 37 में कम से ग्राम पंचायत द्वारा योजना बनाने एवं कर वसूल करने की व्यवस्थाओं का प्रावधान है। इसके पश्चात प्रशिक्षक ममता सैनी के द्वारा धारा 37 ए से लेकर 37 के तक सभी प्रावधानों का विस्तार से वर्णन किया। पंचायत की स्वयं के संभावित स्त्रोत जैसे बाजार मेला उत्सव का आयोजन पर शुल्क, आर ओ वॉटर प्लांट लगाकर ग्राम समाज की जमीन पर माल बनाकर, उत्सव भवन आदि को किराए पर देकर, हाट बाजार नीलामी कर, तालाबों को ठेके पर देकर स्वयं की आय की जा सकती है। इस मौके पर एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार, मौहम्मद वसीम, ममता सैनी एवं पंचायत सचिव, पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर-पैजनिया मार्ग पर मानकपुर के एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में ई-रिक्शा सवार55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं,जबकि कार चालक हादसे के तुरंत बाद अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया जानकारी के अनुसार,



हादसा मानकपुर के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा में बैठे यात्री सहम गए। हादसे में घायल महिला की पहचान गांव सदरुद्दीननगर निवासी जुबैदा खातून (उम्र 55 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल जुबैदा खातून को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। वहीं दूसरी ओर, हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए कार चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है और मामले की कानूनी जांच शुरू कर दी गई है।

# एक व्यक्ति ने बुजुर्ग के मुंह पर हावड़े की बट मार कर गंभीर रूप से किया घायल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। खेत में पानी काटने के शक में एक व्यक्ति ने बुजुर्ग के मुंह पर हावड़े की बट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार कि है। थाना क्षेत्र के ग्राम लाल वाला निवासी बुजुर्ग किशन सिंह 74 वर्ष शनिवार की दोपहर पौने 12 बजे जंगल अपना खेत देखने गया था तभी अपने खेत को पानी दे रहे प्रदीप कुमार पुत्र रामक्रेश ने बुजुर्ग किशन सिंह को रोका और पानी काट ने का आरोप लगाया जिस पर किशन सिंह ने मना किया के हमने पानी नहीं काटा लेकिन प्रदीप कुमार ने उसकी एक ना सुनी और प्रदीप ने गुस्से मे आकर उसके मुंह पर फावड़े की बट मार कर लहू लुहान कर डाला, सूचना मिलने पर बुजुर्ग के परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नाम जद तहरीर थाना प्रभारी को सौंप कर कार्यवाही किए जाने की गुहार हर की है।

# बाबा कैलाशपति की कृपा से कैलाश-मानसरोवर के दिव्य दर्शन कर कैलाशी बनकर लौटे चंदौसी के तुषार

**समाज जागरण**

सम्भल/ चन्दौसी। नगर निवासी कैलाश पति के भक्त तुषार ने वर्ष 2026 की कैलाश मानसरोवर यात्रा लिपुलेख मार्ग के द्वितीय बैच के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकुशल अपने गृह नगर वापसी की। दिनांक 04 जुलाई 2026 को गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से विदेश मंत्रालय द्वारा निर्धारित समस्त चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य औपचारिकताएँ पूर्ण होने के उपरांत लिपुलेख मार्ग के द्वितीय बैच का प्रस्थान हुआ। इस बैच में 47 यात्री, 3 कुक एवं 1 डॉक्टर शामिल थे। बाबा भोलेनाथ की असीम कृपा से सभी यात्रियों ने कैलाश परिक्रमा एवं मानसरोवर यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की। यात्रा के दौरान दुःखद रूप से 21 जुलाई को यात्रा दल के कुक जीवन राम तथा 22 जुलाई को जयपुर निवासी श्रद्धालु गौरी शंकर खंडेलवाल का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। समस्त यात्रियों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत 25 जुलाई 2026 को शेष 49 सदस्य सकुशल गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर भवन पहुँचे। उसी दिन शाम को चंदौसी पहुँचने पर कैलाशी तुषार वार्ष्णेय का



परिवार, मित्रों, शिवभक्तों एवं नगरवासियों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तुषार वार्ष्णेय ने अपनी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा, बाबा कैलाशपति की असीम कृपा से मुझे उनके दिव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। लगभग 19,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित डोलमा दर्रा, पवित्र पार्वती सरोवर तथा कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन मेरे जीवन का सबसे आध्यात्मिक और अविस्मरणीय अनुभव रहे। यह यात्रा केवल बाबा की कृपा से ही संभव हुई। उन्होंने बुलाया, तभी मैं उनके धाम तक पहुँच सका। बाबा के आशीर्वाद से मैं सकुशल यात्रा पूर्ण कर कैलाशी बनकर लौटा हूँ। स्वागत समारोह में मीरा गुप्ता, पूनम वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, मधुर वार्ष्णेय, अर्पित वार्ष्णेय, अमर वार्ष्णेय, खिलाड़ी वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, बंटू सहित अनेक कैलाशपति भक्त, परिजन, मित्र एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने तुषार वार्ष्णेय का पुष्पमालाएँ पहनाकर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# महिला संग 7 माह के बेटे संग पैर फिसलने से भाखड़ा नहर में गिरे

मां बची; मासूम की तलाश जारी,बेटियों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बचाया, पुलिस ने गोताखोरों की टीम लगाई

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) गांव खोखर में एक महिला ने अपने सात माह के बेटे के साथ माखा भाखड़ा नहर की पट्टरी से गुजर रही अचानक पैर फिसलने से महिला संग 7 माह का बेटा भी भाखड़ा नहर मे गिर गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि सात माह के मासूम की तलाश की गई बहुत कोशिश के बाद बच्चे के डूबने से मृत्यु हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वही देर शाम बच्चे का शव मिलने के बाद सिरसा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। महिला की पहचान मनजिंदर कौर पत्नी हरदेव सिंह निवासी खोखर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 12 बजे मनजिंदर कौर अपनी दो बेटियों और सात माह के बेटे, बेटी के साथ भाखड़ा नहर के पास से गुजर रही थी। बताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कि महिला का पैर फिसलने 7 माह बेटे संग भाखड़ा नहर में गिर गई और बेटियों ने शोर मचा दिया। बेटियों की आवाज सुनकर आसपास खेतों में



काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। इसी दौरान महिला अपने बेटे के साथ नहर में कूद गई। ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तेज बहाव के कारण बच्चा लापता हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और बच्चे की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घरेलू परेशानी के चलते महिला ने नहर के पास पहुंच गई। गई। बताया जा रहा है कि महिला की चार बेटियों के बाद सात माह पूर्व बेटे का जन्म हुआ था। जबकि एक बेटी का देहांत हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि महिला का पति हरदेव सिंह मजदूरी के लिए जिमीदार के खेत मे काम पर गया हुआ था ओर महिला की सास अपनी लड़की के पास गई हुई थी। शहर थाना प्रभारी को महिला ने बताया कि उसका भाखड़ा नहर में पैर फिसल जाने के कारण व अपने बेटे के समेत भाखड़ा नहर गिर गई। राहगीरों ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि बच्चें की मौत हो गई। इसको पोस्टर मास्टर के लिए सिरसा भेज दिया गया है

# श्री कन्या माता जी की 50 वीं पुण्यतिथि पर होगा विशाल जागरण

**समाज जागरण**

कालांवाली 26 जुलाई (सुरेश जोरासिया जोरासिया): श्री दुर्गा मंदिर बड़ागुढ़ा में श्री कन्या माता जी की स्वर्णिम (50वीं) पुण्यतिथि के अवसर पर 28 जुलाई 2026 मंगलवार को विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी तादाद में श्रद्धालू पहुंच माता के दरबार में माथा टेक माता का गुणगान करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार जागरण में माता रानी का भव्य दरबार सजाया जाएगा तथा पूरी रात

भजन-कीर्तन और माता का गुणगान होगा। कार्यक्रम के मुख्य पुजारी पं. भोला राम शर्मा रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद एवं लंगर की भी विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। इस जागरण में पंडित कुलदीप शास्त्री व पंडित शम्मी शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर जागरण के शुभारंभ किया जाएगा।इस अवसर पर आयोजन समिति एवं सहयोगियों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# कारगिल विजय दिवस राष्ट्रभक्ति , वीरता एवं राष्ट्रीय एकता का अमर प्रतीक ; अभाविप ने देशभर में निकाली तिरंगा यात्राएं

**समाज जागरण**
**रिपोर्ट : रविंद्र आर्य दिल्ली**

नीट-यूजी आंदोलन की आड़ में राष्ट्रविरोधी ताकतों द्वारा भारतीय सेना पर की गई अशोभनीय टिप्पणियों का अभाविप ने किया सशक्त विरोध

कारगिल विजय दिवस पर युवाओं के राष्ट्र प्रथम के संकल्प को देशभर में की पुनः उद्घोषित‹अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) समस्त देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी अमर वीर सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। कारगिल विजय दिवस भारत की राष्ट्रभक्ति, वीरता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का अमर प्रतीक है। इस अवसर पर अभाविप के नेतृत्व में नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, जम्मू-कश्मीर, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, चंडीगढ़ सहित देशभर के विश्वविद्यालयों, महा विद्यालयों एवं नगरों में तिरंगा यात्राओं, श्रद्धांजलि सभाओं तथा राष्ट्रजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें लाखों विद्यार्थियों एवं युवाओं ने सहभागिता कर राष्ट्र प्रथम की भावना को सशक्त किया। अभाविप प्रारंभ से ही नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरुद्ध विद्यार्थियों के साथ खड़ी रही है तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है। हाल के घटनाक्रमों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा नैतिक उत्तरदायित्व स्वीकार करते हुए ... परीक्षा माफिया के विरुद्ध फास्ट ट्रैक न्यायालयों की स्थापना, परीक्षा प्रणाली को अधिक उत्तरदायी बनाने हेतु प्रशासनिक परिवर्तन तथा सार्वजनिक परीक्षाओं

में अनियमितताओं के दोषियों के विरुद्ध 10 वर्ष तक के कठोर कारावास एवं ₹10 करोड़ तक के आर्थिक दंड जैसे कठोर विधायी प्रावधानों की पहल विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण कदम है।

अभाविप अपेक्षा करती है कि इन पहलों को शीघ्र प्रभावी रूप से लागू करते हुए व्यापक संस्थागत एवं संरचनात्मक सुधार भी सुनिश्चित किए जाएं, जिससे परीक्षा प्रणाली अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय एवं विद्यार्थी-केंद्रित बन सके। कारगिल विजय



दिवस पर देशभर में आयोजित तिरंगा यात्राओं में युवाओं की अभूतपूर्व सहभागिता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की युवा पीढ़ी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्रनिर्माण एवं राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अभाविप का स्पष्ट मत है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों को किसी भी राजनीतिक स्वार्थ अथवा राष्ट्रविरोधी एजेंडे का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की अपनी मांग को पुनः मुखर करते हुए अभाविप ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर देशविरोधी शक्तियों द्वारा भारतीय सेना के विरुद्ध की गई अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध किया है।

हाल के घटनाक्रमों में ... तथा कांग्रेस समर्थित वामपंथी तंत्र ने विद्यार्थियों की वास्तविक समस्याओं का उपयोग अपने राजनीतिक एवं वैचारिक हितों की पूर्ति के लिए करने का प्रयास किया तथा आंदोलन को उसके मूल उद्देश्य से भटकाने का प्रयास किया। अभाविप का मानना है कि ऐसे प्रयास देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक हैं। भारत का विद्यार्थी समाज सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानता है और देशविरोधी शक्तियों का माध्यम कभी नहीं बनेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि, "कारगिल विजय दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। अभाविप सदैव विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों के समाधान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। विद्यार्थियों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार द्वारा किए गए निर्णय, जिनमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र, परीक्षा माफिया के विरुद्ध फास्ट ट्रैक न्यायालयों की स्थापना, प्रशासनिक सुधार तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर विधायी प्रावधानों की पहल विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण एवं स्वागतयोग्य कदम हैं।"

उन्होंने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर विद्यार्थियों की मांगों की आड़ में राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु देश-विरोधी एजेंडे पर काम करने वाले लोगों ने विद्यार्थियों का उपयोग किया, किंतु भारत का विद्यार्थी ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगा। आज देशभर में निकली तिरंगा यात्राओं ने पुनः सिद्ध किया है कि भारत का युवा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# इटखोरी मोड़ पर सड़क हादसा, अज्ञात युवक की हुई मौत

पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण

पदमाः पदमा ओपी क्षेत्र के इटखोरी मोड़ के समीप रविवार शाम करीब पांच बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

घटना की सूचना मिलते ही पदमा ओपी पुलिस के सशस्त्र बल एवं अवर




निरीक्षक अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस शव की पहचान कराने तथा अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि इटखोरी मोड़ संभावित दुर्घटना स्थल के रूप में कुख्यात हो चुका है। यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भी चिंता बनी हुई है।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ पदमा प्रखंड सह आठगांवा के अध्यक्ष चुने गए जयकुमार पाण्डेय व सच्चिदानंद पाण्डेय बने सचिव

पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण

पदमा-कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति प्रखंड पदमा सह अठगावां का चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में समिति के सैकड़ो सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह पूरा चुनाव कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक के देख रेख में संपन्न हुई। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जयकुमार पाण्डेय निर्विरोध चुने गए तथा सचिव पद के लिए सच्चिदानंद पाण्डेय भी निर्विरोध चुने गए वही कोषाध्यक्ष के लिए चार सदस्यों ने अपना नामांकन दर्ज कराया था जिनको कुल मिलाकर 51 मत प्राप्त हुए थे जिनमें विकास कुमार ने 21 मत प्राप्त कर विजई रहे। मतदान के बाद मतगणना पूरी की गई और निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने विजई होने के बाद शपथ ली व समिति के सदस्यों ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि नई कार्यकारिणी समाज के विकास, संगठन की



मजबूती तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। चुनाव के सफल आयोजन पर सभी सदस्यों ने चुनाव समिति और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस चुनाव प्रक्रिया में दामोदर मिश्र प्रदेश संरक्षक, तुलेश्वर पांडेय प्रदेश महामंत्री, बद्रीनाथ पांडेय जिला प्रभारी, सुरेश पांडेय अध्यक्ष चयसमिति, महेंद्र पाण्डेय इचाक प्रखंड अध्यक्ष, सच्चिदानंद पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, भृगु नंदन पाण्डेय, ब्रह्मदेव पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, अमिताभ पाण्डेय, उज्जवल पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, निर्भय पाण्डेय, महेंद्र पाण्डेय, भारत पांडे, आशीष पांडेय, संजय पांडेय, गोपाल पांडे, अमन पांडेय, द्वारिका पांडेय, उमेश पांडेय, तिलेश्वर पांडेय, चंद्रदेव पांडे, पंकज पांडे, आनंद पांडे, प्रमोद पांडेय, विनय पांडे, दामोदर मिश्र, राजकुमार पांडे, प्रेम पांडे, अजीत पांडे, रामेश्वर पांडे, बद्रीनाथ पांडे, विनोद पांडे, जयकुमार पांडे, कृष्णा पांडे, धीरज पांडे, सरोज पांडेय, सुधीर पांडे, रामावतार पांडे, नित्यानंद पांडे, संजय पांडे, विनय पांडे, धर्मेंद्र पांडे, सतीश पांडे, दीपक पांडे, निर्भय पांडे व अन्य ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

# पटना सिटी में सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ सिटी क्षेत्र में सड़क हादसों और अज्ञात शव मिलने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना में अगमकुआं थाना क्षेत्र से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पुलिस दोनों मामलों की गंभीरता से छानबीन कर रही है।

बाइपास यातायात थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की देर रात छोटी पहाड़ी के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने सड़क पार कर रही 65 वर्षीय महिला को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हुई महिला को तुरंत इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक अपने वाहन समेत मौके से फरार हो गया। यातायात थाना की पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया है और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# पटना सिटी के अगमकुआं में सड़क किनारे मिला अज्ञात अधेड़ का शव, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ अगमकुआं थाना क्षेत्र के पुरानी बाइपास रोड से पुलिस ने एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस फिलहाल मामले की छानबीन और मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार, स्थानीय नागरिकों ने यादव टिम्बर के समीप सड़क किनारे फुटपाथ पर एक शव पड़े होने की सूचना दी थी। खबर मिलते ही अगमकुआं थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जांच करने पर करीब 56 वर्षीय अज्ञात अधेड़ मृत अवस्था में पाया गया।

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एनएमसीएच) भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। हालांकि, शुरुआती आशंका जताई जा रही है कि किसी गंभीर बीमारी के कारण इस अधेड़ की मौत हुई होगी।

# विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चार जरूरतमंद मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिली आर्थिक सहायता

समाज जागरण, संवाददाता

ईचागढ़ की विधायक सविता महतो के प्रयास से गंभीर बीमारी एवं सड़क दुर्घटना में घायल ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चार जरूरतमंद मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से एक एक लाख रुपए कि आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस संबंध में विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री को गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। कपाली इस्लाम नगर निवासी मो. सालिक अनवर का इलाज बेंगलुरु के न्यूरो प्लेक्स हॉस्पिटल में अंत वासी रोगी के रुप में इलाजरत है, बीमारी के कारण वे कोमा जैसी स्थिति में हैं, चांडिल प्रखंड अंतर्गत चैनपुर गांव निवासी



कृतिवास प्रमाणिक हृदय संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज जमशेदपुर के ब्रह्मानंद अस्पताल में चल रहा हैं, नीमडीह प्रखंड के पितकी गांव निवासी तीन वर्षीय बच्चा मास्टर करण गोप सिर में ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और रांची स्थित रिम्स में उनका इलाज चल रहा हैं, तथा नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर निवासी मितेन महली सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में चल रहा हैं। आर्थिक तंगी को देखते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से चारों इलाजरत मरीजों के परिजनों को इलाज में सहायता हेतु एक एक लाख की सहायता की अनुशंसा की थी। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो ने दिया।

# मेहरमा मेला मैदान में प्रस्तावित विवाह भवन व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स हेतु डीडीसी ने किया स्थल निरीक्षण

समाज जागरण

गोड्डा मेहरमा मेला मैदान में प्रस्तावित विवाह भवन एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण को ले उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत ने रविवार को स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित परियोजना स्थल का जायजा लिया तथा उपस्थित ग्रामीणों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। स्थानीय लोगों ने डीडीसी को विवाह भवन एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के साथ ही क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने विशेष रूप से मेला मैदान के अतिक्रमण का मुद्दा उठाते हुए इस अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की। कहा कि पूर्व में भी कई बार इसके प्रयास किये जा चुके हैं, जो असफल रहा। साथ



ही साथ प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय भवन की कमी और शिक्षकों की कमी से बच्चों के पठन-पाठन प्रभावित होने की बात कही। उन्होंने विद्यालय में शीघ्र शिक्षकों के नियुक्ति की मांग की। डीडीसी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए इसके निदान हेतु आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सूरज सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, सुधांशु पासवान, अनिरुद्ध कुमार अनुज, प्रेम लाल साह, नवल किशोर पासवान, राजेश साह, संतोष कुमार दास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नबीनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वारंटी के घर किया कुर्की-जब्ती

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) न्यायालय के आदेशों को सख्ती से लागू कराने को लेकर नबीनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। लंबे समय से फरार चल रहे



एक वारंटी के घर पर पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की।

न्यायालय से जारी कुर्की-जब्ती के आदेश के बाद पुलिस को सूचना मिली कि नबीनगर थाना क्षेत्र का एक वारंटी काफी समय से फरार चल रहा है और पेशी पर हाजिर नहीं हो रहा है। इसी के आलोक में पुलिस टीम थाना क्षेत्र के दमड़ी बीघा गांव निवासी श्रीनिवास सिंह वारंटी के घर पहुंचकर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने घर में रखे सामान और संपत्ति की सूची तैयार कर उसे जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी और कुर्की-जब्ती को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# पटना के मसौढ़ी में 26 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## एक के पास से पिस्तौल और कारतूस बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कादिरगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शाहोपुर गांव के समीप वाहन चेकिंग व गश्त के दौरान बाइक पर सवार दो शराब तस्करों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 26 लीटर देशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस उस वक्त हैरान रह गई जब गिरफ्तार आरोपियों में से एक के पास से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस का मानना है कि ये तस्कर हथियार के बल पर अपनी आपराधिक गतिविधियों और शराब तस्करी को अंजाम देने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कादिरगंज थाना क्षेत्र के बलवापर गांव निवासी विकास कुमार और अरुण प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध स्वयं के बयान पर कादिरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी विकास कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कादिरगंज तथा धनरूआ थाने में पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। कादिरगंज थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही, उनके पास से बरामद बाइक के मालिकाना हक और आपराधिक नेटवर्क के अन्यपुटों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों का भी पर्दाफाश किया जा सके।

# पटना के शाहपुर में बबन राय हत्याकांड में 9 नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस की छापेमारी जारी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर नीतीश आहार के पास चर्चित बबन राय हत्याकांड में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मृतक के भाई पप्पू राय के बयान पर यह मामला दर्ज किया गया है, जिसमें मुख्य आरोपी पिंटू कुमार और धर्मवीर राय सहित कुल 9 लोगों को नामजद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर नीतीश आहार निवासी राजेश्वर राय के 27 वर्षीय पुत्र बबन राय को शनिवार की रात पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह नीतीश आहार के पास मौजूद थे, तभी अपराधियों ने उनके सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई पप्पू राय ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वर्ष 2021 से उनके चाचा के साथ जमीन और पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के कारण उनके चचेरे भाई पिंटू, धर्मवीर और अन्य सहयोगियों ने मिलकर इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई के लिखित बयान के आधार पर पिंटू और धर्मवीर सहित 9 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार सघन छापेमारी कर रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

# कारगिल विजय दिवस को लेकर विशेष रिपोर्ट

- साथी को गोली लगी देख दुश्मनों पर टूट पड़े थे नायक गणेश यादव

- शहादत के 27 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है बिहटा का पांडेयचक गांव

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ कारगिल विजय दिवस पर पूरा देश वीर शहीदों को नमन कर रहा है। ऐसे में पटना जिले के बिहटा प्रखंड के पांडेयचक गांव निवासी नायक गणेश प्रसाद यादव की वीरता को पूरा देश गर्व से याद कर रहा है। 29 मई 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। शहादत के इतने साल बाद भी उनकी गाथा प्रेरणास्रोत है, लेकिन उनके अपने गांव के लोग आज भी बदहाली और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शहीद की पत्नी पुष्पा देवी बताती हैं कि युद्ध से पहले वे एक महीने की छुट्टी पर घर आए थे। यूनिट से बुलावा आने पर



वे यह कहकर लौटे कि जरूरी ड्यूटी पर जाना है। बटालिक सेक्टर में भीषण गोलीबारी के दौरान उनके एक साथी को दुश्मन की गोली लग गई। अपने साथी को तड़पता देख गणेश यादव ने अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों पर धावा बोल दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने उस दुश्मन को मार गिराया और वीरगति को प्राप्त हुए। उनका जन्म 30 जनवरी 1971 को हुआ था और मैट्रिक के बाद वे बिहार रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में पुत्र अभिषेक और पुत्री ज्योति हैं। शहादत के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने गांव पहुंचकर कई बड़ी घोषणाएं की थीं। शहीद परिवार को सहायता, गैस एजेंसी, पक्की सड़क, प्राथमिक विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन और बिजली जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया था। लेकिन समय बीतने के साथ ये वादे सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गए। गांव में स्कूल भवन तो बना, पर शिक्षक नहीं हैं। स्वास्थ्य केंद्र न होने से लोगों को 10 किमी दूर जाना पड़ता है। अधूरा सामुदायिक भवन आज मवेशियों का चारा रखने के काम आ रहा है। शहीद की वृद्ध मां बचिया देवी का कहना है कि बेटे की शहादत पर गर्व है, लेकिन सरकारों के वादे आज तक अधूरे हैं। उनका मानना है कि शहीद का सम्मान केवल माल्यार्पण तक सीमित नहीं होना चाहिए। गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलना ही उनके बेटे को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कारगिल दिवस पर नेता आते हैं, पर औपचारिकता पूरी कर लौट जाते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि शहीद के नाम पर की गई लंबित घोषणाएं जल्द पूरी की जाएं।

# कार से 270 लीटर देशी शराब बरामद, कार जब्त तस्कर फरार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टंडवा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के समीप छापेमारी की। इस दौरान एक कार से 270 लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ-साथ




तस्करी में इस्तेमाल हो रही कार को भी जब्त कर लिया है। हालांकि मौके से तस्कर फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने जब्त शराब और वाहन को थाने लाकर मामला दर्ज कर लिया है। फरार तस्करों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कारवाई जारी है।

# पटना के मनेर में तेज प्रताप यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रतिरोध मार्च, मुख्यमंत्री का पुतला दहन

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मनेर में जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की गिरफ्तारी और सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर परिषद उपसभापति शंकर कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महिनावा गांव से एक आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च महिनावा बाजार से शुरू होकर बरैया टोला, आजाद नगर, चरचंर और जयप्रकाश नगर जैसे प्रमुख मोहल्लों से गुजरा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और



तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। मार्च भगत सिंह स्मारक के पास पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए उपसभापति शंकर कुमार यादव ने कहा कि देश और राज्य में तानाशाही सरकार चल रही है, जो जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने वालों की आवाज को दबाया जा रहा है और इसी के तहत तेज प्रताप यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन में शैलेन्द्र कुमार, गुड्डू सम्राट, लालू यादव, राहुल यदुवंशी और दीपक कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नबीनगर पुलिस की कार्रवाई देशी-विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) शराबबंदी कानून को धता बताकर शराब तस्करी करने वालों के खिलाफ नबीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की है, जबकि तस्कर मौके से फरार हो गया। गुप्त सूचना के आधार पर नबीनगर थाना पुलिस ने




थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने देशी शराब और अंग्रेजी शराब* की खेप बरामद की। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि बरामद शराब को पुलिस ने जब्त कर थाना लाया गया है और मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि नबीनगर में शराब तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए लगातार गश्ती और छापेमारी की जा रही है।

# पटना के पालीगंज में मानव तस्करी व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान

## पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली, दिए कई संदेश

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज में बिहार पुलिस द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे राज्यव्यापी विशेष अभियानों "ऑपरेशन विधि पालक (युवक)" और "ऑपरेशन नया सवेरा-3.0" के तहत रविवार को पालीगंज थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रहे मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसे गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करना है। रविवार को चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस बल ने स्थानीय बिहटा मोड़, अरवल मोड़, बस स्टैंड, विभिन्न विद्यालयों और प्रमुख बाजार क्षेत्रों में विशेष रूप से फोकस किया। पुलिसकर्मियों ने इन सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पोस्टर लगाए और माइकिंग (घोषणा) के माध्यम से लोगों को मानव तस्करी और



शोषणकारी गतिविधियों के दुष्परिणामों से अवगत कराया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और युवाओं को हर तरह के शोषण से सुरक्षित रखना है। उन्होंने लोगों को जानकारी दी कि बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी के दलदल में फंसे बच्चों को सकुशल मुक्त कराना, मानव तस्करी में संलिप्त अपराधियों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना तथा विद्यालयों व सार्वजनिक परिसरों में छात्रों, शिक्षकों एवं नागरिकों को तस्करों के खतरनाक तौर-तरीकों व कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना इस अभियान की प्राथमिकता है। पालीगंज पुलिस ने आम जनता से पुरजोर अपील की है कि यदि उनके आस-पास कहीं भी मानव तस्करी, बाल श्रम या किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो वे बिना डरे इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाना पुलिस या एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) को दें, ताकि समय रहते त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने नागरिकों से कानून का पालन करने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाने का संदेश दिया।

# पटना में पति की दूसरी शादी की चर्चा सुन विवाहिता ने लगाई फांसी, मायके वालों ने जताई हत्या की आशंका

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के लवाईच गांव में रविवार की सुबह 36 वर्षीय विवाहिता खुशबू देवी ने कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टा बांधकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मायके पक्ष की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना से ठीक पहले खुशबू और उसकी सास के बीच चाय बनाने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद सास पटना चली गई और इसी दौरान विवाहिता ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। मृतका के पति जितेंद्र कुमार अपने पिता और भाई के साथ हैदराबाद में निजी कंपनी में काम करते हैं। उनके दो बच्चे (डेढ़ वर्षीय पुत्र और पांच वर्षीय पुत्री) गांव में मां के साथ रहते थे। ग्रामीणों के मुताबिक, जितेंद्र ने करीब पांच साल पहले दूसरी शादी कर ली थी और वह अपनी दूसरी पत्नी के साथ हैदराबाद में ही रहता है। पति-पत्नी के बीच अक्सर मोबाइल पर विवाद होता था। वहीं, मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि फिलहाल कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी, हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचना हमारा लक्ष्य: डॉ सुनील पटेल

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।**

पिंडरा विधानसभा क्षेत्र के बड़ागांव जोन के रसूलहा गांव में रविवार को अपना दल (एस) के 'हर घर झंडा एवं नेम प्लेट अभियान' के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जोन अध्यक्ष कमलेश कुमार पटेल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने पार्टी का झंडा एवं नेम प्लेट लगाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान विधायक डॉ. सुनील पटेल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य



कार्यकताओं को पहचान दिलाने के साथ-साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, वंचितों के अधिकारों की रक्षा, व्यवस्था परिवर्तन तथा शोषित, पिछड़े, मजदूर और किसान वर्ग के उत्थान के लिए पार्टी निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से बोधिसत्व डॉ. सोनेलाल पटेल के विचारों एवं संघर्षों को लोगों तक पहुंचाने तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में छात्र मंच के प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष राजेश पटेल, किसान मंच के जिला अध्यक्ष राम शिरोमणि, जिला कार्यकारिणी सदस्य अनिल पटेल, जिला उपाध्यक्ष मुन्नालाल पटेल, अनुसूचित मंच के विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार राव, जोन अध्यक्ष सत्यम पटेल व दीपक पटेल, सेक्टर अध्यक्ष विकास पटेल, सत्येश पटेल, शिवम पटेल, विनोद पटेल, चंद्रशेखर पटेल, जिला महासचिव श्याम बली पटेल राम शिरोमणि मास्टर अनिल पटेल राजकुमार राव

विकास पटेल सत्येश पटेल (पुत्र मंगला प्रसाद पटेल जिला शिवम पटेल ,विनोद पटेल चंद्रशेखर पटेल , श्याम बली पटेल सहित जिला , विधानसभा , सेक्टर ,जोन तथा बूथ स्तर के सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

# विषमुक्त-नशामुक्त काशी' अभियान का शुभारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। काशी में सामाजिक जागरूकता और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से 'विषमुक्त-नशामुक्त काशी' अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के माध्यम से शास्त्रीय प्रमाणों के आधार पर समाज में प्रचलित विभिन्न धार्मिक मान्यताओं एवं कुप्रथाओं पर सकारात्मक संवाद शुरू करने का आह्वान किया गया। अभियान से जुड़े वक्ताओं ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति,मानसिक तनाव और वैचारिक गिरावट आज समाज के सामने गंभीर चुनौती है। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों को शास्त्रसम्मत तथ्यों से अवगत कराकर नशामुक्त, विषमुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।वक्ताओं के अनुसार,पूर्व में चिरईगांव क्षेत्र में हुए अध्ययन में 50% से अधिक वयस्कों द्वारा तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति सामने आई



थी। उनका मानना है कि नशे से जुड़ी कुछ धारणाओं को धार्मिक स्वरूप दिए जाने से समाज में नशापान विषपान की स्वीकार्यता बढ़ गई है,जिसे प्रमाणिक एवं शास्त्रीय संवाद के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत भगवान विश्वनाथ एवं विषपान से जुड़ी धारणाओं,काशी के तवाल से संबंधित मान्यताओं,वैष्णव परंपरा में तुलसी की अनिवार्यता तथा नवग्रह संबंधी विषयों पर विद्वानों और धमार्चायों के साथ चर्चा आयोजित की जाएगी।आयोजकों ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य किसी भी धर्म या आस्था का
विरोध नहीं,बल्कि शास्त्रीय प्रमाणों के आधार पर सकारात्मक विमर्श स्थापित कर समाज

को नशामुक्त,विषमुक्त एवं रोगमुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों, धमार्चायों,विद्वानों और आम नागरिकों से इस जनजागरण अभियान में सहभागी बनने की अपील की।

# कमीशन वृद्धि की मांग को लेकर 28 जुलाई को विधानसभा तक पैदल मार्च करेंगे प्रदेश के कोटेदार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। कमीशन वृद्धि की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर उत्तर प्रदेश के कोटेदार 28 जुलाई को लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन से विधानसभा तक पैदल मार्च करेंगे। आंदोलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कोटेदारों के शामिल होने की संभावना है।
आल इंडिया फेयर प्राइजशाप डीलर असोसिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने हरहुआ में बताया कि कोटेदार पिछले कई वर्षों से कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सरकार और विभाग की ओर से कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को मात्र 90 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है, जबकि कई अन्य राज्यों में यह करीब 200 रुपये प्रति क्विंटल है।
उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' व्यवस्था लागू है तो कोटेदारों के कमीशन में भी समानता होनी चाहिए। उनका आरोप है कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों के साथ लंबे समय से उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जबकि खाद्यान्न वितरण, आयुष्मान कार्ड, आधार लिंकिंग, ई-केवाईसी सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में कोटेदारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गिरीश तिवारी ने कहा कि प्रदेश के करीब 80 हजार कोटेदार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 200 कोटेदार हैं और ग्राम प्रधान के बाद कोटेदार ही ऐसे प्रतिनिधि हैं, जिनका सीधे आम जनता से निरंतर संपर्क रहता है।
उन्होंने कहा कि कोटेदार सरकार के विरोधी नहीं हैं, लेकिन लगातार उपेक्षा और मांगों की अनदेखी से उनमें निराशा बढ़ी है। यदि शीघ्र ही कमीशन वृद्धि पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 28 जुलाई का पैदल मार्च इसी क्रम में आयोजित किया जा रहा है।

# मानसून की बेरुखी सेबढ़ रही किसानोमें मायूशी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी खरीफ मौसम में देर से शुरू हुई छिटपुट बारिश ने किसानो की चिंताए बढ़ा दी है ।आषाढ मास (जुलाई)समाप्त होने को है ।तेज धूप और बढ़ता तापमान खरीफ की प्रमुख फसल धान की रोपाई के लिए मुफीद नही दिख रहा है ।मौसम की बेरुखी देख किसान भी मायूस है । खेती के सहारे जीवन यापन करने वाले किसानो के लिए बदलता मौसम सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है ।बिन बारिश सिचाई के वैकल्पिक साधन भी बेकार साबित हो जारहा है ।धान की रोपाई के लेव लगाने के लिए खेतो में भरा पानी तेज धूप गर्म होकर सूख जा रहा है ।किसी प्रकार से किसान धान की रोपाई खेतो में करा भी देरहे है ।तो अगले ही दिन खेतो में दरार दिखने लगी है ।किसानो का कहना है पहले मानसून की सक्रियता आसपास के कई जनपदो में एक साथ शुरू होती थी ।इस साल तो अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गयी है ।गांव के उत्तर दिशा में बारिश हुई तो दक्षिण दिशा में सूखा हीरह जा रहाहै ।गौराकलां के सुरेंद्र यादव, खरगीपुर के नागेंद्र सिंह, कमौली के धीरेन्द्र प्रताप, बभनपुरा के सागर, सिंहवार के बल्लू आदि किसानो का कहना है कि दिन पर दिन कम होती बारिश खेती किसानी के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है ।सिचाई के वैकल्पिक साधन राजकीय नलकूप एवं उसकी क्षतिग्रस्त नालियो के मरम्मत नही किए जाने से सिचाई का दायरा सिमटता जा रहा है ।विकास खण्ड में शारदा सहायक नहर का अंतिम छोर है ।लेकिन अभी तक उसमें पानी नही आया है ।किसान नागेंद्र सिंह ने बताया कि नहर में पानी आने के बारे में जब उच्च अधिकारी से पूछा गया तो बोले कि अभी रायबरेली में नहर के मरम्मत का कार्य पीछे चल रहा है ।मरम्मत हो जाने पर ही पानी छोड़ा जायेगा ।

# एसडीएम ने होनहार छात्रा अनामिका को उपहार स्वरुप दी साईकिल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खण्ड ग्रामपंचायत मुस्तफाबाद के (मुस्तफाबाद रेता पर) की होनहार कक्षा 5 के छात्रा अनामिका निषाद को रविवार को शाम एसडीएम सदर नितिन सिंह ने अपनी मां के हाथों साईकिल दिलवाया।शेष



बच्चों को रबर, पेंसिल और फल का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि एसडीएम एक माह पूर्व किसी कार्यवश मुस्तफाबाद रेता पर गये थे।उस समय कम्पोजिट विद्यालय मुस्तफाबाद रेता पर के पास एक प्राइवेट शिक्षक बच्चों को इकट्ठा कर पढ़ा रहे थे। वहीं अनामिका पुत्री पलकधारी निषाद भी पढ़ रही थी।तब एसडीएम ने उससे सवाल - जबाब किया था।और उसके जबाब से खुश होकर वादा किया था कि अब जब भी मैं आऊंगा तो तुम्हें एक साईकिल दूंगा। एसडीएम ने आज अपनी मां और बहन के साथ मुस्तफाबाद रेता पर पहुंच कर अनामिका को साईकिल देकर मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इकट्ठा हुए आदित्य ,सोनाली, ओमप्रकाश, अर्चित आदि बच्चों से संवाद कर सभी रबर, पेंसिल और फल वितरित किया।

# अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना पुलिस ने अपहरण के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अपहृत नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।
पुलिस के अनुसार, क्षेत्र भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अपहरण के मामले में वांछित आरोपी रामेश्वर पुल के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मुकेश राजभर (22 वर्ष) निवासी हरपुर बिरभानपुर, थाना मिजार्मुराद, जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अपहृत



नाबालिग किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया गया।
बताया गया कि पीड़ित ने जंसा थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुकेश राजभर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर जंसा थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 भी बढ़ाई गई।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# बन्द घर में घुसकर चोरों ने डेढ़ लाख नगदी सहित लाखों की किया चोरी

*पीड़ित परिवार शहर में इलाज कराने गए थे।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

*हरहुआ वाराणसी ।बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ ब्लाक अंतर्गत बीरापट्टी ( पयागपुर) गांव में एक बंद मकान को निशाना बनाकर चोरों ने डेढ़ लाख रुपए नगद सहित लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गये।घटना की जानकारी रविवार को गृह स्वामी को उस समय हुई जब वह अस्पताल से अपना इलाज करा कर घर पहुंचा। भुक्त भोगी ने घटना की लिखित जानकारी आज शाम को पुलिस को दे दिया है। बड़ागांव पुलिस सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जांच कर रही । पुलिस को दिये गये प्रार्थना



पत्र के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी अंशुमान मणि त्रिपाठी ने बताया कि वह 24 जुलाई से अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रघुनाथपुर-लेढुपुर स्थित एक निजी अस्पताल में डायरिया होने पर भर्ती थे। 26 जुलाई को जब परिवार के साथ घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और घर के अंदर रखी अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था, जांच करने पर पता चला की चोरों ने सोने के आभूषणों में झाला, अंगूठियां, नोजपिन, नथ, सोने की चेन सहित चांदी के पाजेब, कमरबंद, कड़ा, सिक्के और अन्य कीमती सामान के साथ घर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नगद भी ले उड़े। पीड़ित एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। वहीं बड़ागांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

# ट्रेन के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जिले के उत्तर रेलवे स्टेशन के सेवापुरी उत्तर रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर बाद ट्रेन के चपेट में आने से 26 वर्षीय एक युवक




की मौत हो गई। जानकारी सेवापुरी स्टेशन के अधिक्षक ने घटना की जानकारी रेलवे कंट्रोल रूम को दी जहां घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जी आरपी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कराई गई जहां शव की शिनाख्त अमृतराज वर्मा पुत्र कैलाश वर्मा कपसेठी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मटुका गांव के रूप में की गई। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे लेकर शव की पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं परिजनों का कहना है कि मृतक अमृत राज वर्मा घर से ट्रेल पकड़ने के लिए घर से निकला था।वहीं इस हृदय विदारक घटना से मृतक की मां की रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और तीन बहनें थी। मृतक की मां सुगना देवी की रो रो कर बुरा हाल है।

# विकास भवन मिजार्पुर में उच्च शिक्षा शिक्षकों को 'मुख्यमंत्री कैशलेस कार्ड' का वितरण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकास भवन मिजार्पुर के सभागार में आज 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना' के अंतर्गत उच्च शिक्षा के शिक्षकों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य बातें: जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति: कार्यक्रम में नगर विधायक माननीय श्री रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक
श्री रमाशंकर पटेल, मझवा विधायक श्रीमती सुचिस्मिता मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजू कनौजिया तथा माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री राम नारायण विशेष रूप से उपस्थित रहे।
कैशलेस कार्ड वितरण:
मंच पर मौजूद माननीय अतिथियों द्वारा जी.डी.बिनानी पीजी कॉलेज मिजार्पुर, के.बी. पीजी कॉलेज एवं कमला आर्य कन्या पीजी कॉलेज के



सम्मानित शिक्षकों को कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। कार्ड वितरण के पश्चात सभागार में आगरा में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इसके साथ ही उपस्थित सभी अतिथियों व शिक्षकों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को पूरी तन्मयता के साथ सुना `कार्यक्रम का सफल संयोजन नोडल अधिकारी प्रो. सूबेदार यादव एवं उप नोडल अधिकारी प्रो. अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया `इस अवसर पर के.बी. पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार द्विवेदी, कमला आर्य कन्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रितु उपस्थित रहे।

# गति शक्ति विश्वविद्यालय , क्षमता विकास आयोग और सार्वजनिक उद्यम विभाग ने तीसरे भारत सीपीएसई परामर्श सम्मेलन 2026 का सफलतापूर्वक समापन किया

विशेषज्ञों ने ऊर्जा और खनन क्षेत्र की केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में
परियोजना क्रियान्वयन, परिसंपत्ति प्रबंधन और संगठनात्मक उत्कृष्टता को मजबूत करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया
जीएसवी और सीबीसी सम्मेलन में प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर भारत सीपीएसई के सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का संकलन प्रकाशित करेंगे; यह संकलन विकसित भारत 2047 के लिए अवसंरचना क्षमता विकास में सहायक होगा
ऊर्जा और खनन क्षेत्रों के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में परियोजना क्रिया न्वयन, परिसंपत्ति प्रबंधन और संगठनात्मक उत्कृष्टता को मजबूत करने पर गहन विचार-विमर्श के बाद, परियोजना और परिसंपत्ति प्रबंधन पर भारत सीपीएसई के परामर्श सम्मेलन 2026 का तीसरा संस्करण 25 जुलाई 2026 को गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इसमें गति शक्ति विश्वविद्यालय
(जीएसवी) रणनीतिक ज्ञान भागीदार था। इस सम्मेलन में नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के प्रमुखों, शिक्षाविदों और सीपीएसई के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया ताकि सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का आदान-प्रदान किया जा सके और विकसित भारत 2047 के समर्थन में आगे की राह तय की जा सके। इस सम्मेलन में योजना, डीपीआर, अनुबंध, भूमि अधिग्रहण,




परिसंपत्ति की अवधि प्रबंधन, डीप टेक प्रौद्योगिकी को अपनाने और पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एक कार्यान्वयन योग्य सीपीएसई सुधार एजेंडा तैयार करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस सम्मेलन में एनटीपीसी, कोल इंडिया, भारत कोकिंग कोल, बीपीसीएल, एच पीसीएल, इंडियन
ऑयल, ओएनजीसी, ओएनजीसी विदेश, ऑयल इंडिया, एम आरपीएल, गेल, सेल, मेकॉन, एनएमडीसी, हिन्दुस्तान कॉपर, नालको, एनएचपीसी, एसजेवीएन और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के कुल 39 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंगू सिंह (डीएमआरसी के पूर्व एमडी) उपस्थित थे। उन्होंने परियोजनाओं की सफलता के लिए अनुबंध प्रबंधन को एक महत्वपूर्ण पहलू बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री के. मोसेस चालाई (डीपीई के सचिव) ने परिसंपत्ति और परियोजना प्रबंधन के लिए नवीन और डेटा-आधारित दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर बल दिया।
समापन सत्र को संबोधित करते हुए, जीएसवी के कुलपति प्रोफेसर मनोज चौधरी ने कहा कि इस सम्मेलन ने सहयोगात्मक शिक्षण को एक मजबूत गति प्रदान की है और जानकारीपूर्ण एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने रेलवे, राजमार्ग, विमानन, समुद्री, रसद और अन्य अवसंरचना क्षेत्रों में क्षमता विकास में जीएसवी के बढ़ते योगदान के बारे में बताया। जीएसवी और सीबीसी के बीच हुए समझौता ज्ञापन का जिक्र करते हुए उन्होंने दोहराया कि यह आयोजन देश के अवसंरचना तंत्र में व्यावसायिक क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से सीबीसी-जीएसवी

की दीर्घकालिक साझेदारी की निरंतरता का प्रतीक है। समापन भाषण देते हुए, सीबीसी की सदस्य (प्रशासन) डॉ. अलका मित्तल ने वक्ताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और सीपीएसई प्रतिभागियों के बीच हुई स्पष्ट चचार्ओं पर संतोष व्यक्त किया कि कुछ परियोजनाएं देरी से क्यों चलती हैं और संस्कृति, अनुशासन, नीतिगत सहयोग और प्रौद्योगिकी किस प्रकार इन्हें सुधार सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि सीबीसी, जीएसवी के साथ मिलकर इस आयोजन में प्राप्त सुझावों के आधार पर सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का एक भारत सीपीएसई संकलन प्रकाशित करेगा।

# मीरजापुर में पहली बार राजस्व क्रान्ति की शुरूआज-डीएम की पहल पर पूरे जिले के लेखपाल, कानूनगो और राजस्व अधिकारियों की हुई विशेष ट्रेनिंग

**जिलाधिकारी पहल पर पहली बार राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जनपद स्तरीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजन-मण्डलायुक्त ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ**



**समाज जागरण**

मीरजापुर/ राजस्व कार्यो में पारदर्शिता में और गति लाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अभिनव पहल पर आज बीएचयू बरकछा सभागार में जनपद में पहली बार राजस्व विभाग का जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त राजेष प्रकाष व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जनपद में पहली बार पदानुक्रम को तोड़कर लेखपाल, कानूनगो से लेकर नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक एक ही हॉल में, बैठकर प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्व वादों में अधिकांष मामले भूमि विवाद, सीमांकन और खतौनी से जुड़े हैं। थाना समाधान दिवस और तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों में भी सबसे ऊपर यही मुद्दे रहते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या के जड़ फील्ड स्तर पर ही निस्तारण करने के उद्देष्य से लेखपाल व कानून गो जब तकनीक रूप दक्ष होंगे तो अधिकांष विवाद गांव स्तर पर ही निपट सकता है इसी उद्देष्य से इस प्रषिक्षण का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मण्ड लायुक्त राजेष प्रकाष ने कहा कि पूरे विन्ध्याचल मण्डल में पहली बार इतनी बड़े स्तर पर राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से लेकर लेखपाल तक एक मंच पर बैठ कर प्रषिक्षण का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल को मण्डल के अन्य जनपदों में लागे करेंगे। इसका उद्देष्य है कि राजस्व वादों/समस्याओं का शत प्रतिषत संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग सरकार का अभिन्न अंग है हमारे लेखपाल ही गांव के सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और दक्षता के साथ जनता के साथ न्याय करें तो वहां की जनता को कोर्ट कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। उन्होंने कहा कि हर लेखपाल के टेबलेट भी उपलब्ध है और वे तकनीकी रूप से दक्ष भी है वे अपने क्षेत्र में पूरे पारदर्षिता के साथ कार्य करे ताकि जनता की बीच वे लोकप्रिय हो सकें। प्रषिक्षण कार्यक्रम में राजस्व, कानून, भूमि सीमांकन आधुनिक तकनीक, जनगणना कार्य, रिपोर्ट लेखन, राजस्व कार्यो, राजस्व वादों में पारदर्षिता व दक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राजस्व विषेषज्ञों के द्वारा प्रषिक्षण दिया गया। इस अवसर पर राजस्व संहिता धारा-24, 34, 38 के तहत नामांतरण, बटवारा, कोर्ट आदेषो के बाद अनुपालन, सीमांकन की प्रक्रिया, जी0आई0एस0 मैपिंग, ई धरती पोर्टल, भू लेख, उत्तर प्रदेष भूमि अभिलेख पोर्टल, ड्रोन और जीपीएस से पैमाइष, बाढ़ सूखा आकलन, जनगणना, चुनाव ड्यूटी, रिपोर्ट लेखन तथा डाटा इंट्री में सावधानियां बरतने आदि से सम्बन्धित जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद कुमार सिंह, भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, नमामि गंगे विजेता, नगर मजिस्ट्रेट अविनाष सिंह के द्वारा उपरोक्त विषयों पर गहनता से जानकारी दी गई। इस अवसर पर लेखपाल संघ व राजस्व निरीक्षक संघ की तरफ से मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए पहल की प्रषंसा की गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारियों में महेन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार ओझा, अनेग सिंह, अजीत कुमार, श्रुति प्रसाद, अधिषासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर
गोवा लाल, अधिषासी अधिकारी नगर पालिका अहरौरा, कछवां के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित राजस्व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# "शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रों के लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत है" : प्रदीप तिवारी

**समाज जागरण**

उमरिया --- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देशभर के छात्रों, अभिभावकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लंबे संघर्ष की जीत बताया गया है।

प्रदीप तिवारी ने कहा कि परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं के विरोध में पूरे देश में व्यापक आंदोलन हुए। दिल्ली के जंतर-मंतर सहित अनेक स्थानों पर छात्रों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने लंबे समय तक धरना-प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान सरकार ने छात्रों, अभिभावकों और शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों की आवाज सुनने के बजाय दमनात्मक रवैया अपनाया। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया तथा कई स्थानों पर आंदोलन को बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि इन सबके बावजूद छात्र, अभिभावक और सामाजिक संगठन अपनी मांगों पर अडिग रहे और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखा। इस आंदोलन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने भी छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाया। संसद के भीतर और बाहर लगातार सरकार से जवाब मांगा गया।

प्रदीप तिवारी ने कहा कि अंततः जनता के दबाव, छात्रों के संघर्ष तथा विपक्ष की लगातार आवाज के बाद शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने इसे लोकतंत्र में जनशक्ति की जीत बताते हुए कहा कि यह उन लाखों छात्रों और उनके परिवारों की जीत है जिन्होंने न्याय और पारदर्शिता की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री से की जा रही है, जो उचित नहीं है। उनके अनुसार लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए स्वयं अपने पद से इस्तीफा दिया था, इसलिए दोनों परिस्थितियों की तुलना करना उचित नहीं माना जा सकता। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में पेपर लीक या अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए कठोर एवं प्रभावी कानून बनाया जाए तथा परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए, ताकि वर्षों की मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के सपनों के साथ खिलवाड़ न हो।

# आखिर फिर बाबू को बदलकर दामन बचाने की कोशिश

*जिला पंचायत की हास्यास्पद कार्यवाही,




**समाज जागरण**

उमरिया। जिला पंचायत उमरिया हरदम नित नए कारनामों के लिए चर्चा में बना रहता है। इस बार भी ऐसा ही हास्यास्पद आदेश चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला जिला पंचायत की एक शाखा के अदने से बाबू को बदलने का है। लेकिन इस तबादले के जरिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अपने दामन को पाक-साफ बताने की कोशिश की है।

मालूम हो कि पिछले दिनों जिला पंचायत से सचिवों को एक ग्राम पंचायत से दूसरी ग्राम पंचायत में पदस्थापना के आदेश जारी किए गए थे। लगभग सभी जगह उनका क्रियान्वयन भी हो गया था। लेकिन साहब की कलम की स्याही सूखी भी नहीं थी कि उन्हीं सचिवों को दोबारा पूर्व पदांकित ग्राम पंचायतों का प्रभार सौंपने का आदेश जारी कर दिए गए। जिला पंचायत इस फेरबदल के बाद समाचार पत्रों की सुर्खियों में आई।

अपनी विश्वसनीयता पर उठ रहे सवालों से बचने के लिए जिला पंचायत के मुखिया ने इस पूरे दोष की जिम्मेदारी एक बाबू पर डाल दी और उसे बदल दिया। ध्यान देने योग्य है कि जिस बाबू को अभी बदला गया है, उनकी पदस्थापना भी इसी तरह जिला पंचायत के एक आदेश के समाचार पत्रों में खुलासे के बाद हुई थी। अब जब फिर गड़बड़ी उजागर हुई तो पहले वाले को बैठा दिया गया है। यह तबादला भी एक सोची-समझी रणनीति के तौर पर माना जा रहा है।

सवाल ये उठता है कि जिला पंचायत के नियम विरुद्ध आदेश किसी बाबू की देन नहीं हो सकते। और अगर मान भी लिया जाए तो दोबारा उसे उसी शाखा का प्रभार क्यों दिया जाता है? अगर जिला पंचायत का अमला साहब की अनुमति के बिना तबादला आदेश जारी कर सकता है, तो अनुशासनहीनता पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। न कि एक टेबिल से दूसरे टेबिल। जाहिर है

कि जिला पंचायत में होने वाले कारनामे किसी बाबू की बिसात पर नहीं, साहब की हुकूमत पर चलते हैं। बाबू को भी साहब की यह कार्यशैली प्रिय लगती है। साहब कम से कम जिला पंचायत के बाहर का रास्ता तो नहीं दिखाते। साहब की भी मौज, बाबू की भी।

# समतपुर मडफा तालाब पार्क में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण , नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ दवा वितरण




**समाज जागरण**

अनूपपुर, 27 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में समतपुर मडफा तालाब पार्क, अनूपपुर में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के लाइव प्रसारण का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, भाजपा कार्यकताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामलाल रौतेल, जिला पंचायत अनूपपुर की उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री सहकार भारती एवं महिला श्रमिक एवं निर्माण को ऑपरेटिव सोसाइटी की चेयरमैन वंदना सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा एमपीएसओएस ईएफए स्कूल अनूपपुर के हॉस्टल अधीक्षक सहित शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर में लाइव प्रसारण की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे उपस्थित लोगों ने एकाग्रता के साथ प्रधानमंत्री के संदेशों को सुना। प्रसारण के उपरांत सभी अतिथियों, बच्चों एवं आम नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने, सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जनजागरूकता और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा सराहनीय प्रयास बताया।

# 13 पार्षदों का पलटवार: अध्यक्ष पर करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप, कहा- विधायक नागेन्द्र सिंह को बदनाम करने की रची जा रही साजिश

**समाज जागरण विजय* तिवारी**

गुढ़। नगर परिषद गुढ़ की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। नगर परिषद के 13 पार्षदों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता कर अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के हालिया बयानों को पूरी तरह निराधार बताते हुए उन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं, मनमानी और राजनीतिक षड्यंत्र के आरोप लगाए। पार्षदों ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा जनता का ध्यान कथित भ्रष्टाचार से हटाने के लिए गुढ़ क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनंत गुप्ता एवं जिला मंत्री बाबूलाल यादव की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

पार्षदों ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि 13 पार्षदों को विधायक नागेन्द्र सिंह ने रीवा स्थित अपने निवास पर बुलाकर उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का दबाव बनाया था। पार्षदों ने इस आरोप को पूरी तरह असत्य बताते हुए कहा कि न तो विधायक ने उन्हें इस उद्देश्य से बुलाया था और न ही किसी प्रकार का दबाव बनाया गया।

पत्रकार वार्ता में पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में करोड़ों रुपये के फर्जी बिलों का भुगतान किया गया है। उन्होंने दावा किया कि अध्यक्ष और तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मिलीभगत से लगभग 10 लाख रुपये का डीजल भुगतान, अमृत 2.0 योजना में लगभग 73 लाख रुपये का कथित फर्जी भुगतान तथा विभिन्न वार्डों में कार्य कराए बिना लगभग 50 लाख रुपये के भुगतान किए गए। पार्षदों का कहना था कि इन मामलों को लेकर वे कई बार धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन दे चुके हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अध्यक्ष परिषद और पीआईसी की नियमित बैठकें नहीं बुलातीं तथा वर्ष 2025-26 और 2026-27 का बजट भी विधिवत पारित नहीं कराया गया।

उनका कहना है कि 13 पार्षद नगर के विकास के पक्षधर हैं, लेकिन अध्यक्ष की कार्यशैली विकास में बाधा बन रही है। पत्रकार वार्ता में पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि अध्यक्ष राजनीतिक विरोधियों के साथ मिलकर गुढ़ क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह को बदनाम करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में सिविल अस्पताल, स्टेडियम, स्वच्छ पेयजल टंकी, महाविद्यालय एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं, जिन्हें जनता भलीभांति जानती है।

पार्षदों ने अध्यक्ष की शैक्षणिक योग्यता की जांच कराने की मांग करते हुए संबंधित प्रकरणों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने अध्यक्ष के पति से जुड़े पुराने मामलों की भी जांच कराए जाने की मांग की। 13 पार्षदों ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा यह कहना कि उनके विरुद्ध चार बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, पूरी तरह गलत है। उनके अनुसार अब तक केवल एक बार ही अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है और उसका कारण नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी तथा विकास कार्यों में अनियमितताएं हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों से 30 से 40 प्रतिशत तक कमीशन लिया जाता है और नगर परिषद विकास की बजाय अवैध वसूली का केंद्र बन गई है। चुनाव के दौरान अध्यक्ष के निवास पर हुई कथित गोलीबारी की घटना का उल्लेख करते हुए पार्षदों ने उसकी भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उनका आरोप है कि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आनी चाहिए। पत्रकार वार्ता के अंत में 13 पार्षदों ने मांग की कि नगर परिषद अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार तत्काल समाप्त किए जाएं, कथित वित्तीय अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी।

## मरकाम नशे से दूरी है जरूरी, खेल मैदान से गूंजा नशामुक्ति का संदेश

### वॉलीबॉल में जैतहरी और कबड्डी में माइकल क्लब अनूपपुर बना विजेता, चित्रकला-रंगोली व भाषण प्रतियोगिता में बेटियों ने मारी बाजी



**समाज जागरण**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में रविवार 26 जुलाई को जिला खेल परिसर अनूपपुर में नशे से है दूरी जरूरी अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वॉलीबॉल, कबड्डी, रंगोली, चित्रकला, भाषण एवं नारे लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों से दूर रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराब एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिला खेल प्रशिक्षक एवं जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव रामचंद्र यादव, ब्लॉक समन्वयक जैतहरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल, ब्लॉक समन्वयक पुष्पराजगढ़ , खेलन प्रसाद कोल, ब्लॉक समन्वयक कोतमा मिथिलेश सिंह नेताम एवं पूरन सिंह श्याम सहित खेल एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जैतहरी वॉलीबॉल में विजेता, राजनगर उपविजेता वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जैतहरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि राजनगर की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में माइकल क्लब अनूपपुर की टीम विजेता रही। चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल एमबी पावर जैतहरी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिधि मिश्रा ने प्रथम, त्रिशिका जायसवाल ने द्वितीय तथा तनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में डीएन सिंह चंदेल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सुनीता राठौर प्रथम, रचना राठौर द्वितीय तथा रीना प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं।

नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास जरूरीः मरकाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर जगन्नाथ मरकाम ने कहा कि नशे से है दूरी जरूरी अभियान पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निदेर्शानुसार पूरे मध्य प्रदेश के थानों एवं चौकियों में संचालित किया जा रहा है। खेल विभाग द्वारा खेल गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देना सराहनीय पहल है। समाज में फैली नशे जैसी विषैली बीमारी को समाप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर अपनी भूमिका निभानी होगी। गांव-गली तक पहुंचाएं नशामुक्ति का संदेशः चैतन्य मिश्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद शहडोल संभाग के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा कि नशामुक्ति अभियान को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखते हुए गांव, गली और मोहल्लों तक पहुंचाना होगा। सभी लोग एकजुट होकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करें और आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, जनजागरूकता के माध्यम से ही स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। नशामुक्त भारत के निर्माण में पुलिस की अहम भूमिकाः एक्का नगर निरीक्षक थाना कोतवाली अनूपपुर संजय अशोक एक्का ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। नशा एक सामाजिक बीमारी है, जिसे सामूहिक प्रयास से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है। नशामुक्त भारत के निर्माण में पुलिस के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला खेल परिसर के आसपास फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने कटहल, नींबू, जामुन एवं अमरूद के पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर निरीक्षक थाना कोतवाली अनूपपुर संजय अशोक एक्का, जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे, डीएवी पब्लिक स्कूल एमबी पावर जैतहरी के प्राचार्य प्रतिनिधि प्रसन्न शर्मा सहित पुलिस विभाग का स्टाफ, खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी ,पत्रकार विज सिंह राठौर एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल प्रशिक्षक एवं जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव रामचंद्र यादव, ब्लॉक समन्वयक जैतहरी एवं स्टेट रेफरी, नेशनल वॉलीबॉल ट्रेनर तथा नशामुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल, ब्लॉक समन्वयक पुष्पराजगढ़ खेलन प्रसाद कोल, ब्लॉक समन्वयक कोतमा मिथिलेश सिंह नेताम, पूरन सिंह श्याम, अतुल यादव एवं सृष्टि सिंह सहित खेल एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन ब्लॉक समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक रचनात्मकता और जनजागरूकता के संगम से आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर रहने का प्रभावी संदेश देने में सफल रहा।

# 28.31 करोड़ की वसूली पर खनिज विभाग का रहस्यमयी सन्नाटा - माफिया पर मेहरबानी , खजाना खाली

**समाज जागरण**




अनूपपुरः चचाई आबाद सोन नदी से कथित अवैध रेत उत्खनन के मामले में लगाए गए ₹28.31 करोड़ के जुमार्ने की सात वर्षों से वसूली नहीं होने पर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2016-17 में तत्कालीन कलेक्टर ने कमलेश सिंह चंदेल पर रॉयल्टी की 30 गुना दर से ₹28,31,70,000 का जुमार्ना लगाया था। आरोप है कि संबंधित पक्ष की अपीलें खारिज होने के बावजूद अब तक न तो प्रभावी वसूली हुई और न ही कुर्की की कार्रवाई पूरी की गई।

मामले में यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि जब्त किए गए उत्खनन में प्रयुक्त वाहनों को बिना पूर्ण वसूली के रिहा कर दिया गया। वहीं, ₹28.31 करोड़ के कथित बकाएदार को चचाई क्षेत्र में शराब ठेका मिलने से प्रशासनिक पारदर्शिता और नियमों के पालन पर भी सवाल उठ रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि यदि इतनी बड़ी राशि की समय पर वसूली होती तो जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध हो सकते थे। हालांकि, इन आरोपों पर खनिज विभाग, आबकारी विभाग या संबंधित पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब स्थानीय लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर हैं कि मामले में नियमों के अनुरूप जांच, कुर्की और राजस्व वसूली की कार्रवाई कब तक होती है।

# चचाई के विवेक नगर और केल्हारी क्षेत्र में आबकारी नियमों की धज्जियांः ठेकेदार की शह पर अवैध शराब का काला कारोबार और गोलमाल के गंभीर आरोप

## काली मंदिर और केल्हारी इलाके में महिलाओं के जरिए संचालित हो रही अवैध शराब पैकारी, पुलिस कार्रवाई में जब्ती के आंकड़ों पर उठ रहे बड़े सवाल।

**समाज जागरण**

अनूपपुर जिले के चचाई थाना अंतर्गत अवैध शराब के कारोबार का साम्राज्य इन दिनों चरम पर है, जहां कानून के रखवालों की नाक के नीचे खुलेआम 'पैकारी' का धंधा फल-फूल रहा है। चचाई के काली मंदिर के पास, मेडियारास, और विवेक नगर से लेकर केल्हारी तक एक सोची-समझी साजिश के तहत महिलाओं के माध्यम से अवैध शराब का वितरण और विक्रय कराया जा रहा है, जिसे स्थानीय शराब ठेकेदार और उसके नुमाइंडों का सीधा संरक्षण प्राप्त है। स्थिति तब और अधिक गंभीर और भ्रष्टाचार की बू से भर जाती है जब सूत्रों के हवाले से यह सनसनीखेज खुलासा होता है कि मौके पर दबिश के दौरान पकड़ी गई शराब की मात्रा और थाने में दर्ज कराई गई जब्ती सूची में जमीन-आसमान का अंतर है। जब शुरूआती गुप्त सूचनाओं के अनुसार मौके पर 20 पेटी अवैध शराब की मौजूदगी की बात सामने आ रही थी, तो महज कुछ ही पेटियों को थाने लाकर खानापूर्ति क्यों की गई? आखिर किसकी शह और किस साठगांठ के चलते 15 पेटी शराब रास्ते में या मौके से गायब कर दी गई, यह एक गंभीर जांच का विषय है प्राप्त दस्तावेजों और प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार, थाना चचाई के अंतर्गत पुलिस ने यातायात थाना अनूपपुर के पास अमलाई चचाई रोड, रेस्क्यू तिराहा, विवेक नगर क्षेत्र में एक संदिग्ध चार पहिया वाहन (वैगनार कार क्रमांक MP-20-CB-4425) को पकड़ा। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक इस वाहन से 43.2 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (कीमत 32,160 रुपये) जब्त की गई और आरोपी गौरव खयानी पिता मनोहर खयानी, निवासी बुढार हाल चचाई के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। लेकिन कागजों में दर्ज यह आंकड़ा उन वास्तविक जमीनी सच्चाइयों और सूत्रों के दावों से कोसों दूर है जो इस पूरे खेल को उजागर करते हैं। स्थानीय नागरिकों और खुफिया सूत्रों का कहना है कि चचाई क्षेत्र के केल्हारी, विवेक नगर और मेडियारास जैसे संवेदनशील इलाकों में शराब ठेकेदार के इशारे पर महिलाओं को आगे कर अवैध पैकारी का नेटवर्क चलाया जा रहा है। ठेकेदार के कारिंदे खुद इन अड्डों पर माल पहुंचाते हैं ताकि एक्साइज विभाग और पुलिस की सीधी कार्रवाई से बचा जा सके। जब कभी मुखबिर की सटीक सूचना पर कोई बड़ी खेप पकड़ी जाती है, तो ठेकेदार के रसूखदार नुमाइंदे और भ्रष्ट तंत्र के बीच सौदेबाजी होती है, जिसके फलस्वरूप बड़ी मात्रा में शराब को गायब कर केवल कागजी खानापूर्ति कर दी जाती है। चचाई के काली मंदिर के पास और मेडियारास इलाके में महिलाओं के जरिए हो रहे इस अवैध कारोबार की गूंज अब आम नागरिकों की जुबान पर है। महिलाओं को मोहरा बनाकर अवैध शराब बेचने का यह धंधा इसलिए भी फल-फूल रहा है क्योंकि पुलिस आम तौर पर महिलाओं पर सीधे हाथ डालने से बचती है, और इसी कमजोरी का फायदा उठाकर शराब माफिया अपने अवैध साम्राज्य का विस्तार कर रहे हैं। इस पूरे नेक्सस में स्थानीय स्तर पर पदस्थ कुछेक दलालों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है जो ठेकेदार और प्रशासनिक अमले के बीच की कड़ी का काम करते हैं। सूत्रों का यह दावा बेहद चौंकाने वाला है कि घटना के वक्त कुल 20 पेटी शराब की खेप मौजूद थी, जिसे सुनियोजित तरीके से ठिकाने लगाया गया। यदि मौके पर सचमुच इतनी बड़ी खेप थी और उसमें से 15 पेटी गायब कर दी गईं, तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाता है। क्या पुलिस ने जानबूझकर जब्ती के आंकड़ों को कम दिखाया ताकि मुख्य सरगना और ठेकेदार को बचाया जा सके? इस सवाल का जवाब खोजने के लिए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। केल्हारी और विवेक नगर क्षेत्र में आबकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वैध दुकानों की आड़ में अवैध रूप से गांवों और बस्तियों में घर-घर शराब पहुंचाई जा रही है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की गर्त में धकेली जा रही है। कानून की सख्ती केवल कागजों तक सीमित रह गई है, जबकि मैदानी हकीकत यह है कि शराब ठेकेदार के सिंडिकेट ने पुलिस थाने के करीब ही अवैध पैकारी के मिनी गोदाम खड़े कर रखे हैं, जिन्हें राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। दस्तावेजों के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता है कि जिस वाहन (MP-20-CB-4425) से जब्ती दर्शाई गई है, उसमें इतनी कम मात्रा मिलना और सूत्रों द्वारा बताए गए 20 पेटी के आंकड़ों में भारी अंतर इस बात का स्पष्ट संकेत है कि या तो पुलिस ने पकड़े गए माल को छिपाया है या फिर कार्रवाई के नाम पर लीपापोती की गई है। इस तरह के मामलों में आबकारी विभाग की चुप्पी भी कई गंभीर सवाल खड़े करती है, जो लाइसेंसधारी ठेकेदारों की मनमानी पर रोक लगाने में पूरी तरह असफल साबित हो रहे हैं। चचाई, मेडि यारास,और विवेक नगर के निवासियों ने इस अवैध कारोबार के खिलाफ कई बार दबी जुबान में आवाज उठाई है, लेकिन शराब सिंडिकेट के रसूख के आगे किसी की नहीं चलती। महिलाओं के कंधों पर बंदूक रखकर यह अवैध व्यापार चलाने वाले मास्टरमाइंड पर्दे के पीछे सुरक्षित बैठे हैं, जबकि छोटे-मोटे वाहन चालकों या मोहरों को कानूनी फंदे में फंसाकर मामले को दबाने का प्रयास किया जाता है। अतः अब यह जरूरी हो गया है कि जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और आबकारी आयुक्त इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केवल छोटे मोहरों आरोपी गौरव खयानी या पैकारी करने वाली महिलाओं पर कार्रवाई करने तक सीमित न रहे, बल्कि इस अवैध सिंडिकेट के असली मास्टरमाइंड यानी शराब ठेकेदार और उन रसूखदारों के गिरेबान तक हाथ पहुंचाए जिनकी शह पर 20 पेटी शराब में से बड़ा हिस्सा गायब किया गया। यदि इस मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच नहीं कराई जाती है, तो चचाई क्षेत्र में अवैध शराब का यह काला कारोबार और अधिक बेखौफ होकर पनपेगा, जो क्षेत्रीय शांति और कानून व्यवस्था के लिए एक बड़ा नासूर बन चुका है।

# भाजपा किसान मोर्चा के कार्यालय सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर हुआ सामूहिक श्रवण, कार्यकताओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**समाज जागरण विजय तिवारी**



शहडोल। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष के निर्देशन में शहडोल जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं भाजपा नेताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय में भी 'मन की बात' कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश चतुवेर्दी, प्रशिक्षण प्रभारी तथा किसान मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, आत्मनिर्भर भारत, कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यक्त विचारों को गंभीरता से सुना। वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला जनसंवाद का सशक्त माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और कार्यकताओं ने इसे प्रेरणादायी कार्यक्रम बताया।

# मानसून में राजनांदगांव बारिश का पानी जमा करने के लिए तैयार;

विज्ञान पर आधारित और समुदाय के नेतृत्व वाली यह पहल दिखाती है कि बारिश के पानी को जमा करने और भूजल को फिर से भरने से लंबे समय तक पानी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है मानसून आते ही देशव्यापी (बारिश का पानी जमा करें) अभियान तेजी पकड़ रहा है। देश भर के ज़िले पानी की सुरक्षा को मजबूत करने और जल स्त्रोतों को टिकाऊ बनाने के लिए मौसमी बारिश का फायदा उठा रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव ज़िला सबसे आगे रहा है, जिसने दिखाया है कि तैयारी ही पानी के असरदार संरक्षण की नींव है। अपने अनोखे 'मिशन जल रक्षा' के जरिए, ज़िले ने वैज्ञानिक बुनियादी ढांचा तैयार किया है, समुदायों को एकजुट किया है और भूजल को फिर से भरने के नए तरीके अपनाए हैं ताकि बारिश की हर बूंद को एकत्र किया जा सके, बचाया जा सके और वापस जमीन के नीचे जलभंडारों तक पहुँचाया जा सके। आसान शब्दों में कहें तो, राजनांदगांव मानसून के लिए तैयार है–और बारिश का पानी बचाने के लिए भी तैयार है। बारिश की पहली बूंद के जमीन पर गिरने से बहुत पहले ही, राजनांदगांव ने बारिश की हर बूंद को इकट्ठा करने, बचाने और जमीन के नीचे पहुँचाने के लिए अपनी पूरी तैयारी कर ली थी। 'मिशन जल रक्षा' के जरिए, ज़िले ने एक ऐसा वैज्ञानिक और समुदाय-आधारित ढांचा बनाया है जो यह सुनिश्चित करता है कि बारिश का पानी बहकर बर्बाद न हो, बल्कि उसे वापस जमीन के अंदर पहुँचाया जाए ताकि कीमती भूजल भंडार को फिर से भरा जा सके।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# सफाबार्द को मिली करोड़ों की विकास परियोजनाओं की सौगात, विधायक पंकज सिंह ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

## 2.56 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण, 17.20 करोड़ की नई परियोजनाओं को जल्द शुरू कराने के निर्देश

**समाज जागरण**

नोएडा। नोएडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पंकज सिंह ने रविवार को विभिन्न जनसंपर्क एवं विकास कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद ग्राम सफाबार्द में आयोजित एक समारोह में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में पेयजल, सीवर, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया।
रविवार को विधायक ने सबसे पहले निठारी में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद सेक्टर-26 स्थित क्लब में कार्यकताओं एवं नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। सेक्टर-61 में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।
इसके बाद ग्राम सफाबार्द स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को




संबोधित करते हुए विधायक पंकज सिंह ने कहा कि अगले महीने से गांव में यूजीआर (भूमिगत जलाशय) और सीवर व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सम्पवेल का निर्माण कार्य शुरू होगा। इससे लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा और हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा।
उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांवों, सेक्टरों और हाईराइज सोसाइटियों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने कहा कि वे केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे कार्यकाल में जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की निगरानी करते हैं।
अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में नोएडा में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्रवासियों से केवल वही वादा करते हैं जिसे पूरा कर सकें।

### 2.56 करोड़ के चार विकास कार्यों का लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान ग्राम सफाबार्द में लगभग 2.56 करोड़ की लागत से पूर्ण हुए चार विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इनमें विभिन्न गलियों में सीसी सड़क निर्माण, सेक्टर-75 से मुख्य मार्ग तक सड़क एवं नाली निर्माण, सेक्टर-74 और सफाबार्द के बीच सड़क एवं नाली निर्माण तथा सेक्टर-72 के समानांतर मार्ग तक सीसी रोड निर्माण शामिल हैं।

### 17.20 करोड़ की नई परियोजनाएं होंगी शुरू

विधायक ने प्राधिकरण को निर्देश दिए कि ग्राम सफाबार्द में लगभग 17.20 करोड़ की लागत वाली करीब 10 नई विकास परियोजनाओं को जल्द स्वीकृत कर कार्य शुरू कराया जाए। इन परियोजनाओं में सीसी एवं आरसीसी सड़कें, नालियों का निर्माण, सड़क सुदृढ़ीकरण, खेल मैदान, पुलिया निर्माण तथा अन्य आधारभूत विकास कार्य शामिल हैं।

### वर्क सर्किल-6 की परियोजनाओं का भी शिलान्यास

इसके अलावा वर्क सर्किल-6 के अंतर्गत लगभग ङ्2.50 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया। इनमें पुलियों का ऊंचीकरण एवं लोहे के जाल लगाना, पुस्तकालय के लिए दो कमरों का निर्माण, क्षतिग्रस्त गलियों का पुनर्निर्माण तथा हंसराज एवं प्रवीण मुखिया वाली गली से सेक्टर-72 तक सीसी एवं आरसीसी सड़क निर्माण प्रमुख हैं।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक पंकज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से ग्राम सफाबार्द और आसपास के क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं और अधिक मजबूत होंगी।

# जारचा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर कसा शिकंजा, 115 पव्वे देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

### ई-रिक्शा भी जब्त, आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत थाना जारचा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 115 पव्वे अवैध देशी शराब तथा शराब की तस्करी में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा बरामद किया है।




पुलिस के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर थाना जारचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खुर्शेदपुरा की ओर जाने वाली छोटी नहर की पटरी से आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 115 पव्वे अवैध देशी शराब और ई-रिक्शा (पंजीकरण संख्या UP16JT0593) बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने सीज कर दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इमरान (22 वर्ष) पुत्र नसीर, निवासी कस्बा एवं थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना जारचा पर मु.अ.सं. 127/2026 के तहत धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अवैध शराब के स्रोत और उसके नेटवर्क के संबंध में आगे की जांच कर रही है।
(सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

### बीटा-2 पुलिस ने 3,000 नकद, पांच एटीएम कार्ड, बाइक और अवैध हथियार बरामद किए

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना बीटा-2 पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3,000 नकद, पांच एटीएम कार्ड, एक मोटरसाइकिल तथा अवैध हथियार बरामद किए हैं।
पुलिस के अनुसार, आरोपी एटीएम पर आने वाले लोगों को झांसा देकर उनका कार्ड बदल लेता था और बाद में उनके खातों से रुपये निकालकर ठगी की वारदात को अंजाम देता था। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना बीटा-2 पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से ठगी से प्राप्त 3,000 नकद, पांच एटीएम




कार्ड, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा एक अवैध शस्त्र बरामद किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके गिरोह, अन्य साथियों तथा ठगी की अन्य घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास का भी सत्यापन किया जा रहा है।
(सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# डीडीआरडब्ल्यूए अध्यक्ष ठाकुर एन.पी. सिंह का जन्मदिन सेवा और सम्मान के साथ मनाया गया

## 'लाल धागे' पुस्तिका का हुआ विमोचन, सामाजिक योगदान को किया गया याद

**समाज जागरण**

नोएडा। डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ठाकुर एन.पी. सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को सेक्टर-35 स्थित बारात घर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार आयोजित अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ तथा बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकताओं, आरडब्ल्यूए, फेडरेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ठाकुर एन.पी. सिंह के जीवन, व्यक्तित्व, सामाजिक कार्यों एवं संघर्ष पर आधारित पुस्तिका "लाल धागे" का भव्य विमोचन रहा। अतिथियों ने पुस्तिका का विमोचन करते हुए कहा कि यह कृति समाज सेवा, समर्पण और नेतृत्व के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
अपने संबोधनों में वक्ताओं ने ठाकुर एन.पी. सिंह के सामाजिक योगदान,




जनहित के कार्यों तथा संगठन को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रेरणादायी बताया।
कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, गौतमबुद्धनगर के सांसद महेश शर्मा, एमिटी एजुकेशन ग्रुप के प्रमुख ट्रस्टी एवं एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा के डायरेक्टर आनंद चौहान, आईएएस अधिकारी करण सिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव लोक त्यागी, पूर्व विधायक विमला बाथम, साध्वी प्रज्ञा भारती, नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश, विधायक विनय वर्मा, पूर्व जिलाधिकारी एन.पी. सिंह, पूर्व विधायक जोगेंद्र अवाना, आईपीएस राम बदन सिंह, डीडीआरडब्ल्यूए महासचिव शेर सिंह भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष अनिल सिंह एवं अनिल खन्ना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया। आयोजकों ने कहा कि ठाकुर एन.पी. सिंह का सामाजिक जीवन और जनसेवा के प्रति समर्पण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# मानसिक रोगियों और बौद्धिक दिव्यांगजनों को नालसा योजना के तहत मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

### डीएलएसए ने दी जानकारी, हेल्पलाइन 15100 पर मिल सकेगी कानूनी मदद

**समाज जागरण**

लखनऊ। मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों को न्याय तक आसान और प्रभावी पहुंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की "लीगल सर्विसेज टू पर्सन्स विद मेंटल इलनेस एंड पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी स्कीम-2024" के तहत निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), लखनऊ के प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मानसिक रोगियों और बौद्धिक दिव्यांगजनों को गरिमापूर्ण जीवन, समान अवसर और न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है।
उन्होंने बताया कि मानसिक रोग या बौद्धिक अक्षमता से पीड़ित व्यक्ति, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में रह रहे लोग तथा ऐसे बंदी जो मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित हैं, इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। लाभार्थियों को प्रशिक्षित पैनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालंटियर्स (पीएलवी) तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना के तहत दीवानी, आपराधिक और प्रशासनिक मामलों में कानूनी सहायता, पुलिस थानों एवं न्यायालयों में सहयोग, विधिक सहायता क्लीनिकों के माध्यम से परामर्श तथा मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों, जेलों, बाल एवं महिला संरक्षण गृहों और आवश्यकता पड़ने पर घर जाकर भी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही लाभार्थियों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।
प्रभारी सचिव ने बताया कि योजना के प्रभावी संचालन के लिए लीगल सर्विसेज यूनिट फॉर मेंटल इलनेस (एलएसयूएम) के गठन का भी प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, समाजसेवियों और विधिक सेवा संस्थाओं के समन्वय से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने आमजन से अपील की कि मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाएं, उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न करें तथा उनकी गरिमा और गोपनीयता का सम्मान करें।

निःशुल्क विधिक सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 (टोल-फ्री) तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मदन मोहन लाल कन्या गुरुकुल का भव्य लोकार्पण, गुरुकुल शिक्षा को बताया राष्ट्र निर्माण का आधार

### स्वामी आर्यवेश बोले– मानसिक गुलामी से मुक्ति के लिए गुरुकुल शिक्षा आवश्यक, डॉ. अशोक चौहान ने कहा– भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर

**समाज जागरण**

मुरादनगर (गाजियाबाद)। ग्राम जलालाबाद गंगनहर स्थित मदन मोहन लाल एजुकेशन ट्रस्ट परिसर में रविवार को मदन मोहन लाल कन्या गुरुकुल का भव्य लोकार्पण समारोह वैदिक रीति-रिवाजों एवं महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए संत, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य अतिथियों ने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार बताया।
कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जयेंद्र आचार्य के ब्रह्मत्व में आयोजित महायज्ञ से हुआ। यज्ञ के मुख्य यजमान कर्मचंद शास्त्री एवं नर्मदा शास्त्री तथा विनोद अग्रवाल एवं मृदुल अग्रवाल रहे। यज्ञ के उपरांत देश एवं समाज की समृद्धि तथा गुरुकुल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।
इसके बाद केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने ध्वजारोहण कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि "कन्याओं की शिक्षा से दो परिवारों का निर्माण होता है। बालिका शिक्षा जितनी सशक्त होगी, राष्ट्र की नींव उतनी ही मजबूत होगी।"



कार्यक्रम में भजन गायिका संगीता आर्या 'गीत' एवं पुष्पा चुघ ने ईश्वर भक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने कहा कि देश को मानसिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आवासीय शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का विकास करती है।
स्वामी कर्मवीर सिंह महाराज ने कहा कि व्यक्ति का वास्तविक मूल्य उसके संस्कारों से तय होता है और गुरुकुल शिक्षा इन्हीं संस्कारों का आधार है। उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल दिया।
इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. आनंद चौहान ने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और गुरुकुल शिक्षा के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।
डॉ. अशोक चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़े लक्ष्य लेकर कार्य करने से समाज और राष्ट्र दोनों का विकास संभव है। कार्यक्रम में बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपराएं गुरुकुलों के कारण आज भी जीवित हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका से आए दयानंद शर्मा ने गुरुकुल परिसर की सराहना करते हुए कहा कि यहां "जंगल में मंगल" का वातावरण दिखाई देता है।



समारोह में कर्मचंद शास्त्री, कैप्टन अशोक गुलाटी, नरेंद्र विद्यालंकार, विजय पाल कसाना, सत्यवीर चौधरी, नरेंद्र पांचाल, पवन सिंघल, प्रिया श्रीवास्तव, ओम प्रकाश आर्य, इंद्रजीत भाटी, पवित्रा विद्यालंकार, विनोद वैशाली, महेंद्र भाई, सत्यकेतु सिंह, डॉ. बलविंदर शुक्ला, सुभाष गर्ग, राज सरदाना सहित अनेक शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं ऋषि लंगर के साथ हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कन्या गुरुकुल की स्थापना को भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं महिला शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# शिक्षा सुधार और समान अवसर पर राष्ट्रीय चर्चा की अपील, हर्ष दुबे ने रखे सुझाव

### कक्षा 1 से 12 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराने पर दिया जोर

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। शिक्षा सुधार और समान अवसर को लेकर सोशल मीडिया पर एक नई बहस शुरू करने की अपील करते हुए हर्ष दुबे ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार देश के भविष्य के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में नागरिकों से शिक्षा सुधार और अवसरों की समानता पर रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा का समर्थन करने का आग्रह किया। हर्ष दुबे ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी जाति या समुदाय का विरोध नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर राष्ट्रीय स्तर पर संवाद शुरू करना है। उन्होंने कहा कि यदि गरीब, वंचित और शोषित वर्गों के बच्चों को कक्षा 1 से 12 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर



विद्यालय, आवश्यक संसाधन और आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, तो उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के अधिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, जिसमें प्रत्येक बच्चे को समान प्रारंभिक अवसर मिलें और वह अपनी क्षमता एवं प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़ सके।
हर्ष दुबे के अनुसार, भारत को स्वास्थ्य, विज्ञान और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार आवश्यक हैं। उनका मानना है कि मजबूत और समावेशी शिक्षा व्यवस्था ही देश की वास्तविक शक्ति बन सकती है। उन्होंने नागरिकों से शिक्षा सुधारों पर सकारात्मक संवाद को आगे बढ़ाने और इस विषय को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने की अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ठोस और प्रभावी कदम उठाना समय की आवश्यकता है।

**नोटः यह समाचार हर्ष दुबे द्वारा सोशल मीडिया पर व्यक्त विचारों पर आधारित है। इसमें व्यक्त सुझाव और राय उनके व्यक्तिगत विचार हैं।**

# दादरी में पुलिस-मुठभेड़, एक बदमाश घायल; दो स्नैचर गिरफ्तार

### मोबाइल फोन, अवैध हथियार, वारदात में प्रयुक्त कार और चोरी के आभूषण बरामद

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत थाना दादरी पुलिस की दो शातिर स्नैचरों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।
पुलिस के अनुसार, थाना दादरी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान संदिग्ध बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, एक अवैध हथियार, वारदात में प्रयुक्त कार तथा चोरी के आभूषण बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में दोनों आरोपी स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं में संलिप्त बताए जा रहे हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर बृज की रसोई ने 2 हजार जरूरतमंदों को कराया निःशुल्क भोजन

### वीर शहीदों को सेवा के माध्यम से दी श्रद्धांजलि, छोला-चावल वितरित कर मानवता का दिया संदेश

**समाज जागरण**

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (पंजीकृत) द्वारा संचालित 'बृज की रसोई' सेवा प्रकल्प के तहत रविवार को आशियाना सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग दो हजार से अधिक जरूरतमंदों, निराश्रितों, श्रमिकों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से वीर शहीदों को सेवा के जरिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
संस्था के अनुसार, बाबा नीम करौली महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस सेवा अभियान में स्वच्छ एवं ताजा छोला-चावल वितरित किए गए। स्वयंसेवकों ने निर्धारित रूट प्लान के अनुसार विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अनुशासित एवं व्यवस्थित ढंग से भोजन वितरण किया।
संस्था के संस्थापक विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि कारगिल के अमर वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि केवल शब्दों से नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाकर दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि संस्था प्रत्येक रविवार मानव सेवा के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ा रही है और लोगों से जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि एवं अन्य विशेष अवसरों पर जरूरतमंदों को भोजन कराने का आग्रह किया।
कार्यक्रम के दौरान आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस पर यह सेवा अभियान देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने



का माध्यम है। वहीं अनुराग दुबे ने बताया कि स्वयंसेवकों ने पूरी स्वच्छता और सेवा-भाव के साथ भोजन वितरण सुनिश्चित किया।
विकास पाण्डेय ने कहा कि बृज की रसोई केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में करुणा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने का निरंतर अभियान है। संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी स्वयंसेवकों और समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही ऐसे सेवा कार्य सफल होते हैं।
इस अवसर पर सी.एच. तिवारी, जालिम सिंह, दीपक भुटियानी, नवलेश सिंह, अखिलेश सिंह, मुकेश कनौजिया, गोविन्द सिंह सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और विभिन्न स्थानों पर भोजन वितरण की व्यवस्था का संचालन किया।
कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि "सेवा ही वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।" उन्होंने कारगिल युद्ध के शहीदों के साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए समाजसेवा के ऐसे अभियानों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# शुभता के लिए कैसे करें जाप

## उच्चारण का सही तरीका

यदि सुबह जल्दी उठकर जाप कर पाएं तो बहुत अच्छा। यदि ऐसा संभव न हो, तो रात को सोने से पहले इसका जाप करें।



- यदि खुली जगह जैसे कोई मैदान, छत या बगीचा न हो तो कमरे में ही इसका जाप करें।
- जाप के दौरान टीवी, म्यूजिक सिस्टम आदि बंद कर दें। कोशिश करें कि जाप के दौरान शोर न हो।
- साफ जगह पर जमीन पर आसन बिछाकर जाप करें। पलंग या सोफे पर बैठकर जाप न करें।
- ऊं का जाप करने के लिए किसी भगवान की मूर्ति, चित्र, धूप, अगरबत्ती या दीये की जरूरत नहीं होती है।
- साफ आसन पर पद्मासन बैठें और आंखें बंद कर पेट से आवाज निकालते हुए जोर से ऊं का उच्चारण करें। ऊं को जितना लंबा खींच सकें, खींचें। सांस भर जाने पर रुकें और फिर यही प्रक्रिया दोहराएं।
- उच्चारण तेज आवाज में करें।
- उच्चारण खत्म करने के बाद 2 मिनट के लिए ध्यान लगाएं और फिर उठ जाएं।
- इस मंत्र के नियमित जाप से तनाव से पूरी तरह मुक्ति मिलती है।
- के जाप से दिमाग शांत होता है और बहुत-सी शारीरिक तकलीफें दूर होती हैं। इससे आंतरिक और बाह्य विकारों का निदान होता है और नियमित जाप से व्यक्ति के प्रभामंडल में वृद्धि होती है।

# श्रावण में कैसे करें शिव को प्रसन्न



- श्रावण मास यानी चहुं और हरियाली का वातावरण जिससे मन प्रसन्न हो जाता है। इस प्रसन्नता भरे मौसम में भगवान की आराधना मन से होती है।
- श्रावण मास में शिव पूजन का विशेष महत्व माना गया है। भगवान शिव जल्दी ही भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं।
- शिवजी को चढ़ाए जाने वाले लता पुष्प भी चहुं और खिल उठते हैं, ताकि भक्तजनों को पूजन सामग्री में कोई कमी नहीं आए।
- आक के फूल, बेलपत्र, धतूरे के फल नीले पुष्प आदि।
- शिवजी को प्रसन्न करने हेतु कोई भी सफेद आंकड़े के फूलों को चढ़ाकर प्रसन्न किया जा सकता है।
- शिवजी को प्रसन्न करने वाला महामृत्युंजय मंत्र इस प्रकार है-
- ऊं ह्रौं जूं सः। ऊं भूः भुवः स्वः। ऊं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ऊं। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्। स्वः भुवः भूः ऊं। सः जूं ह्रौं ऊं ॥
- यूं तो मंत्र कई हैं लेकिन कलियुग में जल्द फलित होने वाला व सबसे प्रिय शिव मंत्र इससें दूसरा कोई नहीं है। इसके जपने से रोग, शोक, दुख, जरा मृत्यु के बन्धनों से मुक्ति देने वाला सर्वश्रेष्ठ मंत्र माना गया है।
- उपरोक्त मंत्र को जपते हुए एक सफेद आंकड़े का फूल चढ़ाते जाएं एवं नित्य प्रति सोमवार को कम से कम 108 बार जप अवश्य करें। इस प्रकार आराधना करने से आपकी मनोकामना भगवान अवश्य पूरी करेंगे। श्रद्धा व विश्वास ही फलदायक होता है यह ध्यान में रखें।

# हस्तरेखा और वैवाहिक जीवन

हमारे हाथों की अलग- अलग रेखाएं जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताती हैं। ऐसी ही एक रेखा है विवाह रेखा। आइए देखते हैं कि यह रेखा हमारे वैवाहिक जीवन के भविष्य के बारे में क्या बताती है-

- यदि बुध क्षेत्र के आसपास विवाह रेखा के साथ-साथ दो-तीन रेखाएं चल रही हों तो व्यक्ति अपने जीवन में पत्नी के अलावा और भी स्त्रियों से रिलेशनशिप में रहता है।
- शुक्र पर्वत पर टेढ़ी रेखाओं की संख्या यदि ज्यादा हैं तो ऐसे व्यक्ति के जीवन में किसी एक स्त्री या पुरुष का विशेष प्रभाव रहता है।
- यदि प्रारम्भ में विवाह रेखा एक, किन्तु बाद में दो से अधिक रेखाओं में विभक्त हो जाए तो ऐसी स्थिति में व्यक्ति एक साथ कई रिलेशनशिप में रहता है।
- किसी व्यक्ति के विवाह रेखा में आकर या विवाह रेखा स्थल पर आकर कोई अन्य रेखा मिल रही हो तो प्रेमिका के कारण उसका गृहस्थ जीवन नष्ट होने की संभावना रहती है।
- यदि प्रणय रेखा आरम्भ में पतली और बाद में गहरी होने का मतलब है कि किसी स्त्री अथवा पुरुष के प्रति आकर्षण एवं लगाव आरम्भ में कम था, किन्तु बाद में धीरे-धीरे प्रगाढ़ होता गया है।
- किसी की हथेली में विवाह रेखा एवं कनिष्ठका अंगुली के मध्य से जितनी छोटी एवं स्पष्ट रेखाएं होंगी, उस स्त्री या पुरुष के विवाहोपरान्त अथवा पहले उतने ही प्रेम सम्बन्ध होते हैं।
- विवाह रेखा आपके सुखी वैवाहिक जीवन के बारे में भी बताती है। यदी आपकी विवाह रेखा स्पष्ट तथा ललिमा लिए हुए है तो आपका वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय होगा।
- गुरू पर्वत पर यदि क्रॉस का निशान लगा हो तो यह शुभ विवाह का संकेत होता है। यदि यह क्रॉस का निशान जीवन रेखा के नज़दीक हो तो विवाह शीघ्र ही होता है।



सूर्य की शांति के लिए प्रातः स्नान करने के बाद सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाता है। इसके बाद सूर्य से संबंधित वस्तुओं का दान, जप, होम मंत्र धारण व सूर्य की वस्तुओं से जल स्नान करना भी सूर्य के उपायों में आता है। सूर्य की शांति करने के लिए इन पांच विधियों में से किसी भी एक विधि का प्रयोग किया जाता है। गोचर में सूर्य के अनिष्ट प्रभाव को दूर करने में ये उपाय विशेष रूप से उपयोगी हो सकते हैं।

# सूर्य शांति के अचूक उपाय

सूर्य कुंडली में आरोग्य शक्ति व पिता के कारक ग्रह होते हैं। जब जन्म कुंडली में सूर्य के दुष्प्रभाव प्राप्त हो रहे हों या फिर सूर्य राहु-केतु से पीड़ित हों तो सूर्य से संबंधित उपाय करना लाभकारी रहता है, विशेषकर ये उपाय सूर्य गोचर में जब शुभ फल न दे रहा हों तो इनमें से कोई भी उपाय किया जा सकता है।



## स्नान द्वारा उपाय

जब गोचर में सूर्य अनिष्टकारक हों तो व्यक्ति को स्नान करते समय जल में खसखस या लाल फूल या केसर डालकर स्नान करना शुभ रहता है। खसखस, लाल फूल या केसर ये सभी वस्तुएं सूर्य की कारक वस्तुएं हैं तथा सूर्य के उपाय करने पर अन्य अनिष्टों से बचाव करने के साथ-साथ व्यक्ति में रोगों से लड़ने की शक्ति का विकास होता है। सूर्य के उपाय करने पर उसके पिता के स्वास्थ्य में सुधार की संभावनाओं को सहयोग प्राप्त होता है। सूर्य की वस्तुओं से स्नान करने पर सूर्य की वस्तुओं के गुण व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं तथा उसके शरीर में सूर्य के गुणों में वृद्धि करते हैं।

## सूर्य की वस्तुओं का दान

सूर्य की वस्तुओं से स्नान करने के अतिरिक्त सूर्य की वस्तुओं का दान करने से भी सूर्य के अनिष्ट से बचा जा सकता है। सूर्य की दान देने वाली वस्तुओं में तांबा, गुड़, गेहूं, मसूर दाल दान की जा सकती है। यह दान प्रत्येक रविवार या सूर्य संक्रांति के दिन किया जा सकता है। सूर्य ग्रहण के दिन भी सूर्य की वस्तुओं का दान करना लाभकारी रहता है। इस उपाय के अंतर्गत सभी वस्तुओं का एकसाथ भी दान किया जा सकता है। दान करते समय वस्तुओं का वजन अपने सामर्थ्य के अनुसार लिया जा सकता है। दान की जाने वाली वस्तुओं को व्यक्ति अपने संचित धन से दान करे तो अच्छा रहता है। जिसके लिए दान किया जा रहा है उसकी आयु कम होने या अन्य किसी कारण से अगर वह स्वयं वस्तु नहीं ले सकता है, तो उसके परिवार को कोई निकट व्यक्ति भी उसकी ओर से यह दान कर सकता है। दान करते समय व्यक्ति में सूर्य भगवान पर पूरी श्रद्धा व विश्वास होना चाहिए। आस्था में कमी होने पर किसी भी उपाय के पूर्ण शुभ फल प्राप्त नहीं होते हैं।

## मंत्र जाप

सूर्य के उपायों में मंत्र जाप भी किया जा सकता है। सूर्य के मंत्रों में ऊं सूर्य आदित्यः मंत्र का जाप किया जा सकता है। इस मंत्र का जाप प्रतिदिन भी किया जा सकता है तथा प्रत्येक रविवार के दिन यह जाप करना विशेष रूप से शुभ फल देता है। प्रतिदिन जाप करने पर मंत्रों की संख्या 10, 20 या 108 हो सकती है। मंत्रों की संख्या को बढ़ाया भी जा सकता है तथा सूर्य से संबंधित अन्य कार्य जैसे हवन इत्यादि में भी इसी मंत्र का जाप करना अनुकूल रहता है। मंत्र का जाप करते समय व्यक्ति को शुद्धता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। मंत्र जाप की अवधि में व्यक्ति को जाप करते समय सूर्य देव का ध्यान करना चाहिए। मंत्र जाप करते समय एकाग्रता बनाए रखना चाहिए तथा इसके मध्य में उठना हितकारी नहीं रहता है।

## सूर्य यंत्र की स्थापना

सूर्य यंत्र की स्थापना करने के लिए सबसे पहले तांबे के पत्र या भोजपत्र पर विशेष परिस्थितियों में कागज पर ही सूर्य यंत्र का निर्माण कराया जाता है। सूर्य यंत्र में समान आकार के 9 खाने बनाए जाते हैं। इनमें निर्धारित संख्याएं लिखी जाती हैं। ऊपर के 3 खानों में 6, 1, 8 संख्याएं क्रमशः अलग-अलग खानों में होना चाहिए। मध्य के खानों में 7, 5, 3 संख्याएं लिखी जाती हैं तथा अंतिम लाइन के खानों में 2, 9, 4 लिखा जाता है। इस यंत्र की संख्याओं की ?यह विशेषता है कि इनका सम किसी ओर भी किया जाए उसका योगफल 15 ही आता है। संख्याओं को निश्चित खाने में ही लिखना चाहिए। तांबे के पत्र पर ये खाने बनवाकर इनमें संख्याएं लिखवा लेनी चाहिए या फिर भोजपत्र या कागज पर लाल चंदन, केसर, कस्तूरी से इन्हें स्वयं ही बना लेना चाहिए। अनार की कलम से इस यंत्र के खाने बनाना उत्तम होता है। सभी ग्रहों के यंत्र बनाने के लिए इन वस्तुओं व पदार्थों से लेखन किया जा सकता है। सूर्य यंत्र इस प्रकार है।

## सूर्य हवन

उपरोक्त जो सूर्य का मंत्र दिया गया है उसी मंत्र को हवन में प्रयोग किया जा सकता है। हवन करने के लिए किसी जानकार पंडित की सहायता ली जा सकती है। सूर्य कुंडली में आरोग्य शक्ति व पिता के कारक ग्रह होते हैं। जब जन्म कुंडली में सूर्य के दुष्प्रभाव प्राप्त हो रहे हों या फिर सूर्य राहु-केतु से पीड़ित हों तो सूर्य से संबंधित उपाय करना लाभकारी रहता है, विशेषकर ये उपाय सूर्य गोचर में जब शुभ फल न दे रहा हों तो इनमें से कोई भी उपाय किया जा सकता है। इसके अलावा जब सूर्य गोचर में छठे घर के स्वामी या सातवें घर के स्वामी पर अपनी दृष्टि डाल उसे पीड़ित कर रहा हों, तब भी इनके उपाय करने से व्यक्ति के कष्टों में कमी होती है।

# घर में कहां और कैसे रखें आईना

**आईना, जिसके बगैर आपकी खूबसूरती अधूरी है समझिए। वह आईना ही है, जो आपकी खूबसूरती को आपके कॉन्फिडेंस के साथ जोड़े रखता है। लेकिन, वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि आईना यदि सही दिशा और सही स्थिति में हो तो आपका फायदा और न हो तो आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए, जानें घर में कहां और कैसे रखें इसे...**



- आप जहां रह रहे हों या जहां आपका ऑफिस हो वहां उत्तर-पूर्व दिशा में दर्पण लगाना चाहिए। आप देखेंगे कि इसके लगाते ही आय में वृद्धि तो शुरू होगी ही साथ ही कमाई के रास्ते आनेवाली बाधाएं भी दूर होंगी।
- आईना लगाते समय यह जरूर ध्यान रखें कि उस आईने में किसी शुभ वस्तु का प्रतिबिंब नज़र आ रहा हो। यह आपके भाग्य में वृद्धि लाता है।
- आईना ऐसी जगह न हो, जिसके ठीक सामने आपके घर या ऑफिस की कोई खिड़की या दरवाजा हो।
- ध्यान रखिए कि किसी भी कमरे में चारों और आईना नहीं लगाना चाहिए। जानते हैं? घर में ऐसी व्यवस्था घर के लोगों में उलझन पैदा कर देती है।
- यदि घर का कोई हिस्सा ऐसा हो, जहां अक्सर अंधेरा ही छाया रहता है तो ऐसे जगह गोल आईना लगाकर रखें। यह निगेटिव एनर्जी को भगाने की क्षमता रखता है।
- यदि आपके बेडरूम में बेड के ठीक सामने कोई आईना हो तो उसे फौरन हटाएं, क्योंकि यह आपके शादीशुदा लाइफ में बाधाएं खड़ी कर सकता है।
- कहते हैं आईना जितना बड़ा और हल्का हो, उसे उतना ही बेहतरीन माना जाता है। घर में आईने की संख्या चाहे कितनी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यह जरूरी है कि आईने ने अलग-अलग टुकड़ों को एकसाथ जोड़कर एक जगह न रखें, क्योंकि इस तरह के आईने में आपका शरीर खंडित नजर आएगा और यह शुभ नहीं माना जाता।
- वास्तु शास्त्र में कहा गया है कि आईने के ढक कर रखना चाहिए। बेहतर है कि आईने को अपनी अलमारियों के अंदर फिट कराएं या फिर ऐसा ड्रेसिंग टेबल हो जिसका आईना उसे खोलने के बाद नज़र आता हो।



## कभी घर न लाएं ये 5 चीजें

भारतीय वास्तु विज्ञान चाइनीज़ फेंगशुई से काफी मिलता जुलता है। यह प्राकृतिक शक्तियों को मनुष्य के लिए उपयोगी बनाने की एक कलात्मक परंपरा है। हम अक्सर सुनते आए हैं कि घर में क्या रखना अच्छा होता है और क्या रखना बुरा। आइए, आज आपको बताते हैं कि घर में कौन-सी 6 चीजें कभी नहीं रखनी चाहिए-

- **महाभारत की तस्वीरें या प्रतीक:** महाभारत को भारत के इतिहास का सबसे भीषण युद्ध माना जाता है। कहते हैं कि इस युद्ध के प्रतीकों, मसलन तस्वीर या रथ इत्यादि को घर में रखने से घर में क्लेश बढ़ता है। यही नहीं, महाभारत ग्रंथ भी घर से दूर ही रखने की सलाह दी जाती है।
- **ताजमहल:** ताजमहल प्रेम का प्रतीक तो है, लेकिन साथ ही वह मुमताज की कब्रगाह भी है। इसलिए ताजमहल की तस्वीर या उसका प्रतीक घर में रखना नकारात्मकता फैलाता है। माना जाता है कि ऐसी चीजें घर पर रखी होने से हमारे जीवन पर बहुत गलत असर पड़ सकता है। यह सीधे-सीधे मौत से जुड़ा है इसलिए इसे घर पर न रखें।
- **नटराज की मूर्ति:** नटराज नृत्य कला के देवता हैं। लगभग हर क्लासिकल डांसर के घर में आपको नटराज की मूर्ति रखी मिल जाती है। लेकिन नटराज की इस मूर्ति में भगवान शिव तांडव नृत्य की मुद्रा में हैं जो कि विनाश का परिचायक है। इसलिए इसे घर में रखना भी अशुभ फलकारक होता है।
- **डूबती हुई नाव या जहाज:** डूबती नाव अगर घर में रखी हो तो अपने साथ आपका सौभाग्य भी डुबा ले जाती है। घर में रखी डूबती नाव की तस्वीर या कोई शोपीस सीधा आपके घर के रिश्तों पर आघात करता है। रिश्तों में डूबते मूल्यों का प्रतीक है यह चिह्न। इसे अपने घरौंदे से दूर रखें।
- **फव्वारा:** फव्वारे या फाउन्टन आपके घर की खूबसूरती तो बढ़ाते हैं लेकिन इसके बहते पानी के साथ आपका पैसा और समृद्धि भी बह जाती है। घर में फाउन्टन रखना शुभ नहीं होता।

# कारगिल विजय दिवस पर पौधारोपण कर शहीदों को दी श्रद्धांजलिः पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम प्राचीन बावड़ी परिसर के पास पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता का संदेश भी रहा। इस अवसर पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की परवाह किए बिना सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसे अमर शहीदों का सम्मान केवल श्रद्धांजलि अर्पित करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में सकारात्मक कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस पर पौधारोपण करना प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है।

कार्यक्रम के दौरान बाला कोचिंग सेंटर एवं विवेकानंद हाई स्कूल की एनएसएस टीम के स्वयं सेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में मास्टर कपिल वर्मा ने कहा कि कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि देश के वीर सपूतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी है। इस अवसर बंटी प्रधान, शुभम शर्मा, भारत कुमार, देव शर्मा, प्रिंस वर्मा, वीर शर्मा, शोरभ सैनी, नितिन सैनी, नक्श कुमार, निखिल कुमार सहित पौधारोपण में शामिल रहे।

# हजारों नम आंखों से दी पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन राजीव श्योराण को अंतिम विदाई

## पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल सहित हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि, कहा – राजीव श्योराण का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू, 26 जुलाई। मार्केट कमेटी लोहारू के पूर्व अध्यक्ष राजीव श्योराण के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन को क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। गत दिवस गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को उनका पार्थिव शरीर गुरुग्राम से लोहारू स्थित उनके निवास पर लाया गया, जहां परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उनके पैतृक गांव फरतिया ताल में पूरे सामाजिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा और क्षेत्र के हजारों गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राजीव श्योराण का हमारे बीच से चले जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि राजीव श्योराण एक अत्यंत



मिलनसार, सरल स्वभाव एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। वे सदैव जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे और समाज के हर वर्ग के बीच उनकी विशेष पहचान थी। जेपी दलाल ने कहा कि युवाओं के साथ उनका विशेष जुड़ाव था। वे युवाओं को आगे बढ़ाने, समाज सेवा के लिए प्रेरित करने तथा क्षेत्र के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते थे। उनका सहज व्यवहार, सामाजिक सरोकार और लोगों के प्रति आत्मीयता उन्हें सभी का प्रिय बनाती थी।
उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से राजीव श्योराण अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा वातावरण गमगीन रहा। उपस्थित जनसमूह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों,

सामाजिक कार्यकताओं, व्यापारियों, किसानों एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राजीव श्योराण की सामाजिक सेवाओं, विनम्रता और जनहित के कार्यों को सदैव याद रखा जाएगा। उनके निधन से क्षेत्र ने एक लोकप्रिय, संवेदनशील एवं जनप्रिय समाजसेवी को खो दिया है।

# गोल्डन हेल्प टाइगर फाउंडेशन के नाम पर निवेश के बहाने ₹6.25 लाख की कथित ठगी, दो पर केस दर्ज

## आठ माह में रकम दोगुनी करने का झांसा देने का आरोप, डॉ. वीरेंद्र शर्मा व उनके बेटे के खिलाफ एफआईआर

**शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।**

लोहारू/भिवानी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने गोल्डन हेल्प टाइगर फाउंडेशन के माध्यम से निवेश के नाम पर कथित रूप से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में डॉ. वीरेंद्र शर्मा और उनके बेटे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) एवं 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लोहारू तहसील के गांव बास कुडल निवासी संजय कुमार ने आरोप लगाया कि मार्च 2025 में उसकी मुलाकात गोल्डन हेल्प टाइगर फाउंडेशन के संचालक डॉ. वीरेंद्र शर्मा से कराई गई। शिकायतकर्ता के अनुसार संस्था के माध्यम से निवेश करने पर आठ माह में राशि दोगुनी करने तथा प्रतिमाह अच्छा लाभ मिलने का भरोसा दिलाया गया।

शिकायत के अनुसार 13 मई 2025 को उसने 3.25 लाख रुपये नकद दिए, जबकि उसके साथी नवीन कुमार ने 3 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से संस्था के खाते में जमा कराए। आरोप है कि बाद में अलग-अलग आईडी बनाकर और अधिक निवेश करने के लिए भी प्रेरित किया गया, लेकिन निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि राशि वापस मांगने पर टालमटोल की गई। उसका यह भी आरोप है

कि भुगतान के लिए दिया गया चेक बाउंस हो गया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार इस पूरे प्रकरण में उसकी लगभग 8.19 लाख रुपये की राशि फंस गई, जिससे उसे आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस के अनुसार जिला अनुसंधान इकाई द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया शिकायतकर्ता से 3.25 लाख रुपये नकद तथा नवीन कुमार से 3 लाख रुपये संस्था के खाते में जमा होने की पुष्टि होने पर कुल 6.25 लाख रुपये निवेश के नाम पर लेने संबंधी आरोप सामने आए।

जांच रिपोर्ट के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया और पुलिस जांच के बाद ही होगी।

# स्वर्गीय केला देवी की स्मृति में मुक्तिधाम में शेड का लोकार्पण, त्रिवेणी पौधारोपण किया

## नेहरा परिवार ने कराया मुक्तिधाम शेड का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी बोले– पौधे लगाना ही नहीं, उनका संरक्षण भी है जरूरी**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल। गांव पाजू के मुक्तिधाम में स्वर्गीय केला देवी, धर्मपत्नी डॉ. धर्मवीर नेहरा की पुण्य स्मृति में नेहरा परिवार द्वारा मुक्तिधाम शेड का निर्माण कराया गया। इस अवसर पर रविवार को नेहरा परिवार एवं गांव के गणमान्य नागरिकों ने मुक्तिधाम परिसर में त्रिवेणी पौधारोपण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. धर्मवीर नेहरा तथा उनके सुपुत्र धनसिंह नेहरा और डॉ. सत्यवीर सिंह नेहरा द्वारा निर्मित मुक्तिधाम शेड का लोकार्पण भी इस अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों की देखभाल का भी संदेश दिया।
इस मौके पर मार्केट कमेटी बहल के वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी ने कहा कि मुक्तिधाम जैसे पवित्र स्थानों पर इस प्रकार के आयोजन समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनका संरक्षण, नियमित सिंचाई और देखभाल करना है ताकि वे बड़े होकर वटवृक्ष बन सकें।
उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नेहरा परिवार के सदस्य, पूर्व सरपंच रमेश,फौजी शमशेर नेहरा, ग्रामीण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेदारीः महंत श्री राजेंद्र दास महाराज

## दिव्य वाणी सत्संग गुरुग्राम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, नशामुक्ति और वृक्षारोपण का दिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

गुरुग्राम, 26 जुलाई । स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन के तत्वावधान में आज कृष्ण मंदिर झाड़सा, गुरुग्राम में दिव्य वाणी सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता के वातावरण में संपन्न हुआ। सत्संग में क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, युवा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साइकिल यात्रा से हुई शुरूआत कार्यक्रम का शुभारंभ नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली गई साइकिल जागरूकता रैली से हुआ। इस रैली को तपोभूमि जटेला धाम आश्रम, माजरा, झज्जर के पीठाधीश्वर श्री महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ों युवाओं ने "नशे को ना कहें, जीवन



को हां कहें" के नारे के साथ शहर में जागरूकता का संदेश दिया। सत्संग में दिए गए मुख्य संदेश सत्संग को संबोधित करते हुए महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि मानव जीवन की सार्थकता सेवा, सत्संग और सदाचार में है। उन्होंने कहा कि आज समाज दिशाहीनता, तनाव और नशे की चपेट में है। ऐसे में श्रीमद्भगवद्गीता , स्वामी नितानंद महाराज की दिव्य वाणी और संतों के उपदेश ही युवाओं को सही मार्ग दिखा सकते हैं। महाराज जी ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि "पर्यावरण संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रकृति ही हमारा जीवन है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए, जल और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए तथा सभी जीवों के साथ प्रेम और मैत्री का भाव रखना चाहिए।" उन्होंने युवाओं से विशेष आह्वान किया कि वे नशा मुक्त भारत अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। नशा न केवल व्यक्ति और परिवार को बर्बाद करता है बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को खोखला कर देता है। नशे से दूर रहकर ही हम स्वस्थ, संस्कार युक्त और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। वृक्षारोपण और संकल्प कार्यक्रम के दौरान "आओ मिलकर धरती को हरा-भरा बनाएं" के संकल्प के साथ परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पर्यावरण की रक्षा और नशामुक्त समाज बनाने का शपथ के साथ सामूहिक संकल्प लिया। आयोजकों का आभार स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में नैतिक और आध्यात्मिक चेतना जगाने के लिए समय-समय पर किए जाएंगे। स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं, प्रशासन, पुलिस, मीडिया प्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन और प्रसाद एवं पौधा वितरण के साथ हुआ। नशा मुक्त भारत अभियान की ब्रांड एंबेसडर साइक्लिस्ट स्वीटी मालिक ने साइकिल यात्रा की अगुवाई की। मास्टर वेदपाल, SHO गुगन राम,जगदीश राठी, सरपंच

शेर सिंह,जैलदार साहब, प्रधान नरेश ठाकरान,जसवंत, वीरेन्द्र कादयान, सतवीर, सुखवीर,राकेश बजाज, नरेन्द्र चौहान, नकुल,

अमित, जगदीश, शिवा जी, पवन, विनोद,शुभम,सोनू यादव, देवेंद्र मुंडसा, DSP मान सिंह व अनेक गणमान्य लोगों सहित हजारों श्रद्धालु एवं युवा उपस्थित रहे।

# चौधरीवास पंचमुखी धाम में काले कंबल वाले बाबा ने किए हनुमान जी के दर्शन

**मंदिर कमेटी ने पटका पहनाकर किया स्वागत, दो वर्ष बाद पुनः पहुंचे बाबा गणेश यादव**

**अप्रैल 2024 में यहीं से शुरू किया था आरोग्य शिविर, पुराने सेवा कार्यों को किया याद**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल-सिवानी। काले कंबल वाले बाबा गणेश यादव लोहारू से हिसार जाते समय चौधरीवास गांव स्थित पंचमुखी धाम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बाबा गणेश यादव का पटका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।
इस अवसर पर बाबा गणेश यादव ने बताया कि हरियाणा में उनका पहला आरोग्य शिविर अप्रैल 2024 में हिसार जिले के चौधरीवास गांव में ही आयोजित किया गया था, जिसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया था। उन्होंने कहा कि लगभग दो वर्ष बाद पुनः चौधरीवास आने का अवसर मिला तो सबसे पहले पंचमुखी धाम पहुंचकर भगवान हनुमान का आशीर्वाद लेना अपना सौभाग्य समझा।
बाबा गणेश यादव ने मंदिर कमेटी द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा और जनकल्याण का उनका अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भी उनका स्वागत किया तथा सामाजिक और धार्मिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।
इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बाबा गणेश यादव के साथ आए सहयोगी भी मौजूद रहे।

# * स्थानीय शिक्षण व सामाजिक संस्थाओं ने किया वरिष्ठ पत्रकार अंकित दुदानी गोयल, रामकिशन शर्मा व सुनीता दांगी का सम्मान

## सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे - अंकित दुदानी गोयल, युवाओं को खेल और पर्यावरण का दिया संदेश

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

चरखी दादरी, 26 जुलाई।दादरी एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में स्थानीय अनेक शिक्षण
एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से हरियाणा विधानसभा की प्रेस एडवाइजरी कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार अंकित दुदानी गोयलै तथा हरियाणा सरकार में नवनियुक्त वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन एडवोकेट रामकिशन शर्मा और राज्य महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में क्षेत्र की




लगभग एक दर्जन शिक्षण एवं सामाजिक संस्थाओं ने अंकित दुदानी गोयल, एडवोकेट रामकिशन शर्मा और सुनीता दांगी का पगड़ी एवं शॉल ओढ़ाकर नागरिक अभिनंदन किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अंकित दुदानी गोयलै ने कहा कि अपनी जन्मभूमि और शिक्षा के मंदिर में शहर की अनेक संस्थाओं ने जो सम्मान दिया है, उसके लिए हम सदैव ऋणी रहेंगे। दादरी की जनता की सेवा के लिए हम सदैव तत्पर हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है, यह कड़ी मेहनत, लगन और परिश्रम से मिलती है। उन्होंने नियमित व्यायाम, खेलों को अपनाने, नशे से दूर रहने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता करने का आह्वान किया।
इस अवसर पर एडवोकेट रामकिशन शर्मा और सुनीता दांगी ने कहा कि हम सब इसी विद्यालय में पढ़े हैं और सुनीता दांगी यहां शिक्षिका भी रहीं हैं। आज इसी प्रांगण में शहर की संस्थाओं द्वारा हमारा सम्मान किया जाना हमारे लिए हर्ष और गर्व का विषय है। इन संस्थाओं ने किया सम्मान दादरी
एजुकेशन सोसाइटी,अग्रवाल सेवा सदन, अग्रवाल सेवा संघ, वैश्य एजुकेशन सोसाइटी, महाराजा अग्रसेन सेवा संघ, अग्रवाल भवन हीरा चौक समेत विभिन्न संस्थाओं में किया नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, सोसाइटी अध्यक्ष बहन विद्या गुप्ता, महासचिव हरिराम खुडानिया, राधेश्याम ऐरन, बाबू जीत राम गुप्ता, अरविंद मित्तल, बलराम गुप्ता, मोतीराम बिंदल, प्रदीप चिड़िया वाले, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सांगवान, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रोशनी शर्मा, रितु गोयल, डॉ. संजीव मड़िया, विजय अग्रवालै सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन सम्पन्न, पहुंची 100वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता, ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 26 जुलाई। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गाँव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन द्वारा उपचार की सुविधा दी जाती है। सभी मरीजों को दवाइयाँ एवं चश्मे निःशुल्क वितरित किए जाते हैं।
श्री हरी ओम सपुत्र श्री बजरंग शर्मा गाँव मोखरा द्वारा आज धाम पर भक्तों के लिए कढ़ी चावल का भंडारा लगाया गया कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया विनोद गुप्ता, अमन कौशिक ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जबकि रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत की गईं। प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार शनि देव मित्र मंडल, रोहतक एवं अन्य भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से श्री बालाजी धाम डोभ तक पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाती है। इस



रविवार 100वीं पैदल ध्वजा यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धाम पहुँची। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारों एवं भजनों के साथ झूमते-गाते हुए धाम तक पहुँचते हैं।
यात्रा के दौरान दो स्थानों पर भक्तों के विश्राम एवं जलपान की व्यवस्था की जाती है। पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस तथा दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर, भिवानी रोड पर रखा जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम से वापसी हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई जाती है। आगे प्रधान जी ने बताया कि दिनांक 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी भजन गायक अंजली शर्मा गरनावठी,चिराग जांगड़ा रोहतक, नीरज सैनी रोहतक को आमंत्रित किया गया हैं इस अवसर पर हर्षित कोचर,नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता, विनोद गुप्ता,बिट्टू दुआ, पवन सरीन,रवि चिटकारा, शिवम कत्याल, तुषार तनेजा, वंश चुघ,पंकज खुराना, पंडित नरेश कौशिक, राजेश गोयल, सुनील निमड़ी, कविता निमड़ी,ममता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एचएमईएल ने सेवा, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के संकल्प के साथ मनाया 19 वां संस्थापक दिवस

## सभी बिजनेस लोकेशनों पर वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में दिलाई गई संस्थापक दिवस की शपथ, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में २३६ यूनिट रक्त संग्रहित

**समाज जागरण,**

कालांवाली 26 जुलाईः (सुरेश जोरासिया) कालांवाली क्षेत्र की सीमा के साथ लगते पंजाब सीमा में स्थित एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) ने अपना 19वां संस्थापक दिवस पूरे उत्साह, गर्व और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ मनाया। इस अवसर पर कंपनी के सभी बिजनेस लोकेशनों पर वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में कर्मचारियों ने संस्थापक दिवस की शपथ लेकर सुरक्षा, उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों, नवाचार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।
संस्थापक दिवस समारोह के अंतर्गत गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एचएमईएल के कर्मचारियों एवं एचएमईएल परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में 236 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा।
इस अवसर पर एचएमईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) श्री एम. बी. गोहिल, वाइस प्रेसिडेंट झ ऑपरेशंस एक्सीलेंस श्री अरुण भारद्वाज तथा डॉ. प्रवीण मुद्गल चीफ मेडिकल ऑफिसर ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस निस्वार्थ योगदान की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग के ब्लड बैंक की टीम ने सभी निर्धारित चिकित्सीय मानकों का पालन करते हुए रक्त संग्रह किया तथा सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए।
इस अवसर पर अपने संबोधन में सीओओ श्री एम. बी. गोहिल ने कहा,
"19 वर्षों की हमारी यात्रा विश्वास, सुरक्षा, नवाचार और उत्कृष्टता की मजबूत नींव पर आधारित रही है। एचएमईएल की वास्तविक ताकत हमारी अत्याधुनिक तकनीक के साथ-साथ हमारे समर्पित कर्मचारी हैं, जो हर दिन संगठन और समाज दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। आज सभी बिजनेस लोकेशनों पर ली गई शपथ और कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से किया गया रक्तदान इस बात का प्रमाण है कि एचएमईएल केवल ऊर्जा का उत्पादन नहीं करता, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि सेवा और मानवता की यही भावना आने वाले वर्षों में भी हमारी पहचान बनी रहेगी।"
उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे महान मानवीय सेवाओं में से एक है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकती है।
एचएमईएल प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं, वरिष्ठ प्रबंधन, ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर (ओएचसी) की टीम, स्वास्थ्य विभाग के ब्लड बैंक, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों तथा आयोजन को सफल बनाने वाले सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।
19वें संस्थापक दिवस पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह और स्वैच्छिक रक्तदान अभियान ने एक बार फिर सिद्ध किया कि एचएमईएल